

श्री महाकालेश्वर जी का संध्या काल आरती श्रृंगार दर्शन

केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Website:- www.malwaherald.com

RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com

# मालवा हेराल्ड

वर्ष 13 अंक 264 | उज्जैन, मंगलवार 7 मार्च 2023 | पृष्ठ-8 मूल्य-1 रुपए

**सुविचार**

बहुत मुश्किल नहीं है ज़िंदगी की सच्चाई को समझना,जिस तराजू पर दुसरो को तोलते हो,कभी उस पर खुद बैठ कर देखिये,हकीकत सामने होगी..।

## न्यूज ब्रीफ

### कचरे में फंसा भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता बीएस येदियुरप्पा का हेलिकॉप्टर नहीं हो सका लैंड

**बंगलूर/जीएनएस।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता बीएस येदियुरप्पा को सोमवार को अजीब परेशानी का सामना करना पड़ा। दरअसल, वरिष्ठ नेताओं को लेकर जा रहा हेलिकॉप्टर कचरे के कारण लैंड ही नहीं कर पाया। हालांकि, बाद में क्षेत्र की सफाई कराई गई और नेताओं की यात्रा पूरी हुई। सोशल मीडिया पर शेयर किए गए वीडियो में नजर आ रहा है कि हेलिकॉप्टर उतरने की कोशिश करता है, लेकिन सफल नहीं हो पाता। जानकारी के मुताबिक हेलीपैड पर प्लास्टिक शीट और कचरा होने के कारण हेलिकॉप्टर उतर ही नहीं पाया। वह काफी देर तक हवा में ही रहा। बाद में अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई की और क्षेत्र को साफ कराया गया और येदियुरप्पा की यात्रा पूरी हो सकी। येदियुरप्पा को चुनाव अभियान में सबसे आगे रखने की वजह कोई छिपी हुई नहीं है, क्योंकि प्रदेश में पार्टी को जमीनी स्तर से खड़ा करने वाले और चार बार मुख्यमंत्री रह चुके येदियुरप्पा की लोगों, खासकर प्रभावशाली लिंगायत समुदाय, के बीच व्यापक पकड़ है।

### अंग्रेजों के राज से पहले 70 फीसदी भारतीय पढ़े-लिखे थे, मोहन भागवत ने शिक्षा व्यवस्था पर साधा निशाना

**नई दिल्ली/जीएनएस।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि ब्रिटिश शासन से पहले भारत की 70 फीसदी आबादी शिक्षित थी और यहां कोई बेरोजगारी नहीं थी। मोहन भागवत ने कहा कि ब्रिटिश शासन से पहले, हमारे देश की 70 प्रतिशत आबादी शिक्षित थी और कोई बेरोजगारी नहीं थी, जबकि उस दौरान इंग्लैंड में केवल 17 प्रतिशत लोग शिक्षित थे। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों ने भारत में अपना शिक्षा मॉडल लागू किया और हमारे मॉडल को अपने देश में लागू किया। इस तरह वे 70 फीसदी शिक्षित हो गए और हमारी साक्षरता दर 17 फीसदी पर सिमट गई। आरएसएस प्रमुख ने आगे कहा कि हमारी शिक्षा प्रणाली न केवल रोजगार के लिए थी, बल्कि यह ज्ञान का माध्यम भी थी। शिक्षा सस्ती और सभी के लिए सुलभ थी, इसलिए शिक्षा का सारा खर्च समाज ने उठाया और इस शिक्षा से निकले विद्वानों, कलाकारों और कारीगरों को पूरी दुनिया में पहचान मिली। भागवत ने कहा कि सभी के लिए स्वास्थ्य और शिक्षा हमारे देश की सबसे बड़ी जरूरत है, क्योंकि चिकित्सा और शिक्षा दोनों ही महंगी होती जा रही हैं और आम आदमी के लिए सस्ती दरों पर चिकित्सा और शिक्षा की आसान पहुंच सुनिश्चित करने की जरूरत है। संघ प्रमुख ने कहा कि समाज को मजबूत करके ही लोग देश में अच्छी चीजें होते देख सकते हैं।

### राबड़ी देवी से सीबीआई की पूछताछ पर प्रियंका वाड्रा ने दी प्रतिक्रिया, कहा- विपक्ष की आवाज दबा रही सीबीआई

**नई दिल्ली/जीएनएस।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार विपक्ष की आवाज दबाने का काम कर रही है और जो उनके दबाव में नहीं आता है उन्हें सरकारी एजेंसियों के माध्यम से तंग किया जाता है। प्रियंका वाड्रा ने कहा कि विपक्ष को निशाना बनाया जा रहा है और उन्हें झुकने के लिए कहा जा रहा है लेकिन जो झुकने को तैयार नहीं होते उन्हें परेशान किया जाता है। अब यही बर्ताव बिहार में पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव और श्रीमती राबड़ी देवी के साथ किया जा रहा है। उन्होंने कहा, जो विपक्षी नेता भाजपा के सामने झुकने को तैयार नहीं हैं, उन्हें ईडी-सीबीआई के जरिए प्रताड़ित किया जा रहा है। आज राबड़ी देवी जी को परेशान किया जा रहा है। लालू प्रसाद जी और उनके परिवार को वर्षों से प्रताड़ित किया जा रहा है, क्योंकि वे झुके नहीं। भाजपा विपक्ष की आवाज दबाना चाहती है।

# भगोरिया को राजकीय पर्व एवं सांस्कृतिक धरोहर के रूप में स्थापित किया जाएगा-मुख्यमंत्री चौहान

**सोरवा में छीतू किराड़ के किले का जीर्णोद्धार कर स्मारक भी बनाया जाएगा »»»अलीराजपुर में अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमा स्थापित होगी »»»सोंडवा क्षेत्र के 106 दूरस्थ ग्रामों तक नर्मदा जल पहुँचाने शीघ्र होगा सर्वे »»»मुख्यमंत्री श्री चौहान सर्प क पारंपरिक वेषभूषा में अलीराजपुर भगोरिया में शामिल हुए**

**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान आज अलीराजपुर में जनजातीय वर्ग के भगोरिया उत्सव में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने पारंपरिक जनजातीय वेशभूषा के साथ भगोरिया नृत्य भी किया। मुख्यमंत्री की धर्म पत्नी श्रीमती साधना सिंह भी मौजूद थी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने एक खुली जीप में नगर भ्रमण कर नागरिकों का अभिवादन स्वीकार किया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणजन ढोल-मांदल की थाप पर पारंपरिक वेषभूषा पहन कर भगोरिया नृत्य करते हुए वाहन के आगे-आगे चल रहे थे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने भगोरिया उत्सव के दौरान स्थानीय बस स्टेंड पर सभा को संबोधित भी किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि हमारे त्यौहार, जीवन-मूल्य एवं उत्सव के पल आनंदित करते हैं। आज भगोरिया उत्सव है, मैं सभी भाई-बहनों को भगोरिया की बधाई और शुभकामनाएँ देता हूँ। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगोरिया उत्सव जनजातीय परंपरा का अभिन्न अंग और लोक उत्सव है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने घोषणा की कि भगोरिया को राजकीय पर्व के रूप में मनाया जाएगा और इसे सांस्कृतिक धरोहर के रूप में स्थान दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने ग्राम सोरवा में बाबा छीतू किराड़ के किले का जीर्णोद्धार, उनका भव्य स्मारक बनाने और अलीराजपुर में अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा स्थापित करने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सोंडवा स्थित रानी काजल माता मंदिर से धनबायडी तक 3 किलोमीटर लम्बाई की सड़क का निर्माण भी किया जाएगा।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि नर्मदा उद्वहन सिंचाई योजना से अलीराजपुर जिले के बड़े क्षेत्र में



नर्मदा जल पहुँचाने का कार्य किया जा रहा है। सिंचाई योजना से जिले के खेत लहलहा उठेंगे, जिससे क्षेत्र का विकास होगा। उन्होंने कहा कि सोंडवा विकासखंड के 106 ग्रामों में नर्मदा जल पहुँचाने के लिए शीघ्र सर्वे कराया जाएगा। हमारे जनजातीय भाई-बहनों के खेतों में, जहाँ नहरों से पानी नहीं आ पा रहा है, वहाँ पाइप लाइन डाल कर खेतों तक पानी पहुँचाया जायेगा। प्रारंभ में मुख्यमंत्री श्री चौहान और श्रीमती साधना सिंह ने कन्या-पूजन किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान का जनजातीय समाज ने स्वागत कर प्रतीक-चिन्ह भेंट किया। जिले के प्रभारी और औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री श्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव, म.प्र. वन विकास निगम के अध्यक्ष श्री माधोसिंह डावर, सांसद श्री गुमान सिंह डामोर सहित जन-प्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### समूह उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने भगोरिया उत्सव में म.प्र. ग्रामीण आजीविका मिशन के समूह सदस्यों के विभिन्न उत्पादों एवं जिले के युवा ग्रामीण हस्तशिल्प कलाकारों के स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने समूह की महिलाओं एवं कलाकारों के उत्पादों को देखा और उनकी सराहना कर प्रोत्साहित किया।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बोले, आम जनता सस्ती चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता

**प्रधानमंत्री बोले, जन औषधि केंद्रों में सस्ती दवाओं से गरीबों के 20 हजार करोड़ रुपए बचे**

**नई दिल्ली/जीएनएस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आम जनता को सस्ती चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए सोमवार को कहा कि आयुष्मान भारत हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन न केवल नए अस्पतालों को जन्म दे रहा है, बल्कि एक नया और पूर्ण स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र भी बना रहा है। श्री मोदी ने स्वास्थ्य क्षेत्र पर बजट पश्चात एक वेबिनार स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अनुसंधान को संबोधित करते हुए कहा कि चिकित्सा उपचार को सस्ता बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। आयुष्मान भारत और जन औषधि योजनाओं ने गरीबों और मध्यम वर्ग के रोगियों के एक लाख करोड़ रुपए से अधिक की बचत की है। इस समय फार्मा क्षेत्र का बाजार चार लाख करोड़ रुपए है।


यह निजी क्षेत्र और शिक्षा जगत के बीच उचित समन्वय के साथ 10 लाख करोड़ रुपए का हो सकता है। केंद्रीय बजट 2023-24 में घोषित पहलों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए आयोजित 12 बजट पश्चात वेबिनार की श्रृंखला में यह नौवां था। श्री मोदी ने कहा कि हमने दुनिया के सामने एक विजन रखा है- एक धरती एक स्वास्थ्य। इसमें सभी प्राणियों-मनुष्यों, जानवरों या पौधों के लिए समग्र स्वास्थ्य देखभाल शामिल है। प्रधानमंत्री ने कहा कि चिकित्सा



उपचार को सस्ता बनाना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है।

उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत के माध्यम से योजना के तहत मुफ्त इलाज से गरीब मरीजों के लगभग 80 हजार करोड़ रुपए की बचत हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 9000 जन औषधि केंद्रों के माध्यम से सस्ती दवाओं ने पूरे देश में गरीब और मध्यम वर्ग के लगभग 20 हजार करोड़ रुपए बचाए हैं। प्रधानमंत्री ने गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए मजबूत स्वास्थ्य ढांचे के महत्त्व को रेखांकित किया। सरकार के प्रमुख फोकस पर प्रकाश डालते हुए, प्रधानमंत्री ने बताया कि देश भर में घरों के करीब 1.5 लाख से अधिक स्वास्थ्य केंद्र विकसित किए जा रहे हैं, ताकि परीक्षण केंद्र और प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध हो सके। प्रधानमंत्री ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में 260 से अधिक नए मेडिकल कालेज खोले गए हैं। इससे 2014 की तुलना में स्नातक और स्नातकोत्तर चिकित्सा पाठ्यक्रमों में मेडिकल सीटों की संख्या दोगुनी हो गई है।

## अमरीका में बजा भारतीय का डंका, अमरीकी डिस्ट्रिक्ट कोर्ट की भारतीय मूल की पहली जज बनीं तेजल



**न्यूयार्क/जीएनएस।** भारतीय-अमरीकी न्यायाधीश तेजल मेहता ने अमरीकी राज्य मैसाचुसेट्स में आयर जिला न्यायालय के पहले न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। रिपोर्ट के अनुसार, मेहता, जिन्होंने उसी अदालत में सहायक न्यायाधीश के रूप में कार्य किया था, उन्हें सर्वसम्मति से चुना गया और दो मार्च को जिला न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश स्टेसी फोट्र्स ने शपथ दिलाई। इस मौके पर फोट्र्स ने कहा कि मुझे विश्वास है कि उनके नेतृत्व में आयर जिला न्यायालय अच्छा काम करेगा। समारोह में मेहता के परिवार के कई सदस्यों ने भाग लिया, जिसमें उनकी 14 वर्षीय बेटी मीना शेठ भी शामिल थीं, जो समारोह के वक्ताओं में शामिल थीं। मेहता को यह कहते हुए सुना गया कि एक वकील के रूप में आप लोगों की मदद कर सकते हैं, लेकिन आप केवल एक हद तक ही उनकी मदद कर सकते हैं।

एक न्यायाधीश के रूप में, आप बहुत कुछ कर सकते हैं और मुद्दों की जड़ तक पहुंच सकते हैं और लोगों से इस तरह से बात कर सकते हैं जो वास्तव में उन तक पहुंच सके। मेहता ने कहा कि उनका लक्ष्य उस समुदाय पर सकारात्मक प्रभाव डालना है, जिसके साथ वह बढ़ी हैं। मैंने हर उस अदालत में आशा और निराशा देखी है, जिसमें मैं एक न्यायाधीश के रूप में बैठी हूं, लेकिन जब आप पहले न्यायकर्ता होते हैं, तो आप वास्तव में समुदाय को जान सकते हैं और वास्तविक प्रभाव डाल सकते हैं। एक केमिस्ट पिता और एक अस्पताल में काम करने वाली मां के घर जन्मीं, मेहता ने 1997 में नोट्रे डेम विश्वविद्यालय से अंग्रेजी में स्नातक की उपाधि प्राप्त की। इसके बाद, उन्होंने 2000 में बोस्टन यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ लॉ में एक जेडी पूरा किया।




### युवाओं को 2500 रुपए बेरोजगारी भत्ता, सीएम बघेल ने बजट में की कई लोकलुभावन घोषणाएं

**रायपुर/जीएनएस।** छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार के आज पेश किए गए आगामी वित्त वर्ष 2023-24 के एक लाख 21 हजार 501 करोड़ रुपए के बजट में बेरोजगारी भत्ता दिए जाने समेत कई लोकलुभावन घोषणाएं की गई हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज विधानसभा में पेश किए गए अपनी सरकार के मौजूदा कार्यकाल के आखिरी बजट में 18 से 35 वर्ष के बेरोजगार युवाओं जिनके परिवार की वार्षिक आय ढाई लाख से कम हो उन्हें 2500 रुपए प्रति माह बेरोजगारी भत्ता दिए जाने की घोषणा की है। उन्होने इसके साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मासिक भत्ता 6500 से बढाकर 10 हजार रुपए किए जाने और आंगनबाड़ी सहायिकाओं का भत्ता 3550 से बढ़ाकर पांच हजार किए जाने तथा मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मासिक भत्ता 4500 रूपए से बढ़ाकर 7500 करने की घोषणा की।

## आसान शब्दों में बताएं मौसम का हाल, प्रचंड गर्मी को लेकर हाई लेवल मीटिंग में पीएम मोदी ने दिए निर्देश

**नई दिल्ली/जीएनएस।** आने वाले महीनों में प्रचंड गर्मी की आशंका को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को हाई लेवल बैठक की। बैठक में कैबिनेट सचिव और केंद्रीय गृह सचिव के अलावा अन्य आला अधिकारी मौजूद थे। बैठक में प्रधानमंत्री को मॉनसून, गेहूं और अन्य रबी फसलों पर मौसम के प्रभाव और अन्य विषयों के बारे में जानकारी दी गई। वहीं, पीएम ने निर्देश दिया कि गर्मी में लगने वाली आग को देखते हुए सभी अस्पतालों में आग का ऑडिट किया जाए। इसके अलावा, पीएमओ ने जानकारी देते हुए कहा कि पीएम मोदी ने मौसम विभाग से दैनिक मौसम पूर्वानुमान इस तरह से जारी करने को कहा है जिसे आसानी से समझा और प्रसारित किया जा सके। इस बात



पर भी चर्चा हुई कि टीवी न्यूज चैनल और एफएम रेडियो दैनिक मौसम पूर्वानुमान को समझाने के लिए रोजाना कुछ मिनट खर्च कर सकते हैं।

### जंगल की आग से निपटने पर भी दिया जोर

पीएमओ ने कहा कि बैठक में सिंचाई जल आपूर्ति, चारा और पेयजल की निगरानी के लिए चल रहे प्रयासों की भी समीक्षा की गई। इसके अलावा प्रधानमंत्री को आवश्यक आपूर्ति की उपलब्धता और आपात स्थिति के लिए तैयारियों के संदर्भ में राज्यों और अस्पतालों के बुनियादी ढांचे की तैयारियों के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने जंगल की आग से निपटने के लिए एक समन्वित प्रयास की आवश्यकता पर बल दिया और इसे रोकने और उससे निपटने के प्रयासों के लिए प्रणालीगत परिवर्तन किए जाने की आवश्यकता जताई। प्रधानमंत्री ने जलाशयों में चारे और पानी की उपलब्धता पर नजर रखे जाने का भी निर्देश दिया। पीएमओ ने कहा कि भारतीय खाद्य निगम को प्रतिकूल मौसम की स्थिति में अनाज के भंडारण को सुनिश्चित करने के लिए तैयार करने के लिए कहा गया।

समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित

# पेयजल की समस्याग्रस्त ग्रामों का चिन्हांकन कर तत्काल पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करे-कलेक्टर

**झाबुआ/माणक लाल जैन /दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में समयावधि पत्रों (टीएल) की बैठक आयोजित थी। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अमन वैष्णव, एडीएम एसएस मुजाल्दा, एसडीएम पेटलावद अनिल कुमार राठौर, एसडीएम थांदला तरूण कुमार जैन, एसडीएम मेघनगर श्रीमती अकिंता प्रजापति, डिप्टी कलेक्टर एलएन गर्ग समस्त तहसीलदार, समस्त सीएमओ, समस्त सीईओ जनपद पंचायत एवं जिला अधिकारी उपस्थित थे।

श्रीमती सिंह ने निर्देश दिये कि पेयजल की समस्याग्रस्त ग्रामों का चिन्हांकन कर तत्काल पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करे। सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई, समयावधि पत्रो वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त आवेदन, मुख्यमंत्री के भ्रमण के दौरान प्राप्त आवेदनों का तत्काल निराकरण सुनिश्चित करे। आगामी टीएल के पूर्व निराकरण प्रतिवेदन समक्ष में प्रस्तुत करे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत विशेष प्राथमिकता के आधार पर प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करे। राजस्व मामले के प्रकरण जो सीएम हेल्पलाइन में लबिंत है, उन्हे सज्ञान में लेकर जल्द से जल्द पेशी लगाकर निराकरण करे। आगामी मंगलवार को समाधान ऑनलाइन की बैठक संभावित है। इससे संबधित विषय एवं आवेदन पत्रों का निराकरण सुनिश्चित करे। लाडली बहना योजना के लिये दिये गये निर्देशों के अनुसार तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करे। लंबित शिकायतों के निराकरण समयसीमा में नहीं होने पर संबंधित अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।




शासन के निर्देशानुसार एवं आमजन के लिये आयुष्मान कार्ड जो ग्रामों में शहरों के वार्डो में लंबित है, उन्हें इस समय जब पलायन पर गयें, ग्रामीण वापस आये है इस समय अभियान के तौर पर कैम्प लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाये। लाडली बहना योजना के प्रकरण तैयार करे। जहां पर बायोमैट्रिक मशीन है, वहां कैम्प लगाकर बनाये एवं जहां बायोमैट्रिक मशीन नहीं है तत्काल क्रय कर कार्यवाही सुनिश्चित करे। इसके अतिरिक्त जहां नेटवर्क समस्या है, वहां डार्कस्पाट चिन्हित करे एवं ऑफलाइन करने के लिये राज्य शासन से अनुमति की कार्यवाही सुनिश्चित करे। एप के माध्यम से भी आयुष्मान कार्ड बनाये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करे। लाडली बहना योजना के प्रकरण तैयार करने के लिये किसी भी प्रकार के दस्तावेज नही मागे जाये केवल आधार से बैंक खाता लिंक करवाना है एवं आवेदक महिला के पास स्वयं का मोबाइल बैंक से एवं आधार से लिंक होना चाहिये। इस संबध में आवेदन पत्र प्रिन्ट कर भेजे जा रहे है, जो 25 मार्च से आरम्भ होगे।

सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों का निराकरण के लिए श्रीमती सिंह ने निर्देश दिए कि विभाग अपने शिविर लगाएं। नॉनअटेंड शिकायतें होने पर सख्त कार्यवाही की जावेगी। इस सप्ताह शत प्रतिशत शिकायतों का निराकरण हो जाएं इस प्रकार की कार्यवाही की जाएं। निम्न गुणवत्तापूर्ण जवाब दर्ज नहीं करें। सीएम हेल्पलाईन में 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का जल्द से जल्द निराकरण किया जाना सुनिश्चित करें। सी.एम. हेल्पलाईन में 100 दिवस, 300 दिवस व 500 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों को जल्द से जल्द निराकरण करना सुनिश्चित करें। प्रति माह के प्रथम एवं द्वितिय सप्ताह में अभियान चलाकर सभी विभाग सीएम हेल्पलाईन का निराकरण करेंगें। प्रधानमंत्री आवास योजना के आवेदन के संबध में यह निर्धारित कर लिया जाये कि आवेदक पात्र है या अपात्र है इस आधार पर तत्काल निराकरण करे। सम्बल योजना के प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करे।

श्रीमती सिंह ने निर्देश दिये की समायवधि पत्रों, सीएम हेल्पलाइन, सीएम विजिट के प्रकरणों का निर्धारित अवधि में निराकरण करें एवं प्रतिवेदन को पोर्टल पर दर्ज करे। प्रत्येक जिला अधिकारी प्रातः एक घंटा सीएम हेल्पलाइन देखे। समयावधि पत्रों एवं जनसुनवाई के प्रकरणों में निराकरण तत्काल किया जाना सुनिश्चित करे। श्रीमती सिंह द्वारा यह भी निर्देश दिये गये की सी.एम. हेल्पलाईन में दर्ज शिकायत का निराकरण एल-1 स्तर पर ही कर लिया जाए।

श्रीमती सिंह ने निर्देश दिए कि भू-माफिया, शराब माफिया मिलावटखोरों, खनिज माफिया, अतिक्रमण करने वालों पर निरन्तर दण्डात्मक कार्यवाही की जाए। विधानसभा प्रश्नों का निराकरण तथ्यात्मक रूप से किया जाये। जिला अधिकारी जवाब प्रस्तुत करने से पहले अच्छे से अध्ययन कर ले। निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देवे। जिन निर्माण कार्या की राशि प्राप्त हो चूकि है उन्हें तत्काल प्रारम्भ किया जाये अन्यथा राशि लेप्स हो जायेगी जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी कार्यालय प्रमुख की मानी जायेगी। एनआरसी में भर्ती बच्चों की नियमित जॉच एवं पोष्टीक आहार समय पर उपलब्ध कराये।

बैठक में जिले के सभी विभागों के द्वारा सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.पी.एस. ठाकुर, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्यविभाग गणेश भाभर एवं समस्त जिला अधिकारी उपस्थित थे। वीडियो काफ्रंसिग के माध्यम से बीएमओ उपस्थित थे।

## आज होगा अनादि कल्पेश्वर मंदिर पर चूल का आयोजन



**आलोट/दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी अनादि कल्पेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण पर शाम को ठीक 5:00 धुलेटी के पावन अवसर पर चूल का आयोजन होगा जिसमें दूर-दराज से श्रद्धालु जन पहुंचेंगे और धड़कते हुए अंगारों पर निकलेंगे मंदिर पुजारी अनिल रावल ने बताया कि प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी आने वाले दर्शनार्थियों के लिए शाम 5:00 बजे से चूल का आयोजन होगा कहा जाता है कि जो जूल में चलता है उसकी मनोकामनाएं पूर्ण होती है सच्ची भावना से चलने वालों के लिए आग भी फूल की तरह लगती है पहले पुरुष वर्ग निकलते हैं फिर महिलाएं निकलती है और छोटे बच्चे भी निकलते हैं यह परंपरा सदियों से चली आ रही है प्रशासन की ओर से पुख्ता इंतजाम किया गयामंदिर परिसर में हजारों की संख्या में श्रद्धालु जन पहुंचते हैं।

## कलेक्टर ने मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के निर्देश के पालन में आज बैठक

**झाबुआ/माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह द्वारा आज कलेक्टर सभा कक्ष में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना 2023 के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अमन वैष्णव, एडीएम एसएस मुजाल्दा, एसडीएम पेटलावद अनिल कुमार राठौर, एसडीएम थांदला तरूण कुमार जैन, एसडीएम मेघनगर श्रीमती अकिंता प्रजापति, डिप्टी कलेक्टर एलएन गर्ग, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास आर एस बघेल, समस्त तहसीलदार, समस्त सीएमओ, समस्त सीईओ जनपद पंचायत एवं जिला अधिकारी उपस्थित थे।

श्रीमती सिंह ने निर्देश दिये कि लाडली बहना योजना का मुख्य उद्देश्य सशक्त महिला, सशक्त परिवार, सशक्त समाज, सशक्त प्रदेश, सशक्त देश जिसमें आश्रित बच्चों एवं पोषण स्तर में सुधार महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त एवं स्वालंबी बनाना राज्य शासन के द्वारा निर्धारित किया गया है।



श्रीमती सिंह ने बताया कि मध्यप्रदेश में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लाड़ली बहना योजना शुरू की जा रही है। माननीय मुख्यमंत्री के निर्देश है कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना प्रदेश की बहनों की जिदंगी में बदलाव लायेगी। लाड़ली बहना योजना नहीं बल्कि एक मिशन के रुप में बहनों के कल्याण और उन्हें न्याय देने की तरफ महत्वपूर्ण कदम होगा। इस योजना से महिलाओं में उनके स्वाभिमान, स्वाबलंबन और आत्मविश्वास को बढ़ाने तथा बच्चों के पोषण स्तर में सुधार लाने में सार्थक प्रयास साबित होगा। मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना को पूरी अंतरआत्मा से मिशन मोड में क्रियान्वित करें और संकल्पित हों कि कोई भी पात्र महिला योजना के लाभ से वंचित नहीं रहने पाये। योजना के प्रतीक चिन्ह (लोगो), आवेदन पत्र, गीत लॉन्च किये जायेंगे। जिसका प्रसारण हर गांव.हर वॉर्ड में किया जायेगा। बहनें आनंद का प्रकटीकरण करते हुये उत्साह और उत्सव के माहौल में इन कायक्रमों में शामिल हों।

कलेक्टर श्रीमती सिंह ने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के बारे में विस्तारपूर्वक प्रेजेंटेशन देते हुये बताया कि योजना में 23 से 60 वर्ष आयु की विवाहित महिलायें पात्र होंगी। जिन्हें समग्र के आधार पर मध्यप्रदेश की मूल निवासी माना जायेगा। उन्होने बताया कि योजना के तहत परिवार की वार्षिक आय ढाई लाख रुपये वार्षिक से अधिक नहीं होनी चाहिये और न ही उस परिवार को कोई सदस्य सरकारी या सरकारी उपक्रम में उपक्रम का कर्मचारी नहीं होना चाहिये। एक हजार रुपये से अधिक पेंशन प्राप्त करने वाली महिलायें अपात्र होंगी। पंच और उप सरपंच को छोड़कर अन्य सभी पंचायत राज संस्था और नगरीय निकाय की निर्वाचित महिला प्रतिनिधि योजना के तहत अपात्र होंगी। परिवार में पतिए पत्नी और बच्चे शामिल किये जायेंगे। जिनके पास 5 एकड़ से अधिक भूमि और चार पहिया वाहन एव ट्रैक्टर इत्यादि नहीं होने चाहिये। उन्होने बताया कि जिले में की जाने वाली अपेक्षाओं में योजना के प्रारंभ होने से पूर्व हितग्राहियों की संख्या के अनुपात में ग्रामवार और वार्डवार कैंप की माइक्रो प्लानिंग कर लें। उन्होने बताया कि फॉर्म भरने की प्रक्रिया 25 मार्च से शुरु की जायेगी। तब तक योजना प्रारंभ पूर्व की सारी औपचारिकतायें पूरी कर ली जायें।

श्रीमती सिंह ने बताया कि 25 मार्च से 30 अप्रैल तक पात्र हितग्राहियों के फॉर्म भरे जाकर 30 अप्रैल तक पोर्टल एप में प्रविष्टियां की जायेंगी। हितग्राही की समग्र में ई.केवाईसी नहीं होने और पात्रता आयु पूरी नहीं करने तथा अविवाहित होने की स्थिति में हितग्राही महिला का आवेदन ग्राह नहीं किया जायेगा। पात्र हितग्राहियों की सूची का प्रकाशन ग्राम एवं वार्ड स्तर पर किया जायेगा तथा आपत्तियों के निराकरण के लिये ग्राम स्तर और नगरीय निकाय स्तर पर अधिकारियों की समितियां गठित की जायेंगी।

## खाचरोद में भाजपा पार्षद गोदावरी बंबोरिया के प्रयासों से 4.35 करोड की कार्य योजना नपा द्वारा राज्य शासन को प्रेषित की जाएगी

**खाचरोद में पार्षद श्रीमती बंबोरिया ने परिषद की बैठक में लोगों के पास स्वयं का मकान पट्टा या कोई भूखंड नहीं होने के कारण उनको किराए के मकान में रहने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है**

**खाचरोद/दैनिक मालवा हैराल्ड / मुरलीदास बैरागी।** उज्जैन के खाचरौद में भाजपा पार्षद श्रीमती गोदावरी बंबोरिया के आग्रह पर मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान ने नगर के वार्ड क्रमांक 8 के समुचित विकास के लिये कार्य योजना बनाने के निर्देश विगत दिनों नगरीय प्रशासन विभाग को दिए थे जिसके परिपालन में नपा द्वारा वार्ड 8 में विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यो के लिए 4 करोड़ 35 लाख की एक विस्तृत कार्य योजना बनाई आज सोमवार को संपन्न हुई नपा परिषद की बैठक में स्कॉर्पियो जनों का सर्वसम्मति से अनुमोदन कर राज्य शासन को प्रेषित करने का संकल्प पारित किया है भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य राधेश्याम बंबोरिया ने बताया कि नपा द्वारा तैयार की गई इस कार्ययोजना में प्रमुख रूप से हनुमान घाटी से धाकड़ धर्मशाला होते हुए ईदगाह पुलिया तक प्रस्तावित नाला के निर्माण के लिये 2.34 करोड़ रु.,इसी प्रकार भवानी चौक वरवनिया गली,गरगामा गली तथा भीमसेन गली इन चारों गलियों में सीमेंट कंक्रीट निर्माण के लिए50 लाख र.,खाकचौक मंदिर व मठ मंदिर परिसर में सीमेंट कंक्रीट निर्माण के लिए ?15 लाख रु.इसी प्रकार भवानी चौक स्वामीजी की गली और महात्मा गांधी मार्ग मैं यू शेप नाली निर्माण के लिए 22.50 लाख रु.इस वार्ड में आंगनवाड़ी भवन निर्माण के लिए 12.12 लाख रु.,लालबाई फूलबाई चौक पर पुलीया निर्माण के लिये 5.14 लाख रु.थोक सब्जी मंडी परिसर में सीसी निर्माण के 64.69 लाख रु.इस प्रकार पूरी कार्ययोजना का 4.35 करोड़ का स्टीमेट बना कर इसकी डीपीआर अब शीघ्र ही राज्य शासन को अब प्रेषित कर दी जाएगी बंबोरिया ने बताया कि इसके अलावा पार्षद श्रीमती बंबोरिया ने परिषद की बैठक में जिन लोगों के पास स्वयं का मकान पट्टा या कोई भूखंड नहीं होने के कारण उनको किराए के मकान में रहने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है जिसके कारण नगर में सैकड़ों परिवार को किराए के मकान में रहने के कारण उनको प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है मजबूर इसलिए पार्षद श्रीमती बंबोरिया ने ऐसे सभी भूमिहीन गरीब परिवारों को शासन की भू अधिकार योजना के अंतर्गत शीघ्रता से शीघ्र भूखंड उपलब्ध कराये जाये ताकि उनका खुद का मकान का सपना पूरा हो सके।

## बदनावर में जैन श्री संघ द्वारा श्री सिद्धा चल तीर्थ की भाव यात्रा का आयोजन किया गया



**बदनावर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** फागुनी तेरस पर्व के उपलक्ष में आज बदनावर में जैन श्री संघ द्वारा श्री सिद्धा चल तीर्थ की भाव यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें समाज जनों ने उत्साह एवं श्रद्धा पूर्वक भाग लिया। आज ही के दिन महाराजा कृष्ण के पुत्र श्याम एवं प्रद्युम्न नेमिनाथ भगवान से वीतराग वाणी सुनकर दीक्षित होकर 8.5 करोड़ मुनियों के साथ श्री सिद्धार्थ तीर्थ पालीताना से निर्वाण प्राप्त किया था इसीलिए आज के दिन इस पवित्र तीर्थ में 6 गांव की फेरी के साथ लाखों श्रद्धालु पवित्र पर्वत की यात्रा करते हैं उसी की तर्ज पर नगर में भी इस तरह का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। प्रातः काल में पोषध शाला से यात्रि जुलूस के रूप में श्रीभोयरा वाला मंदिर पहुंचे एवं भावना के साथ कि हम भी पालीताना के पर्वत की यात्रा कर रहे हैं के साथ तलहटी एवं रास्ते के सभी मंदिरों के भाव दर्शन करते हुए मुख्य मंदिर पर अष्ट प्रकारी पूजन के साथ चैत्यवंदन कर अपनी भाव यात्रा सफल कीभाव यात्रा के पश्चात सभी धर्मशाला पहुंचे जहां प्रवेश द्वार पर इन यात्रियों के पैर दूध एवं पानी से धोऐ गए एवं पालीताणा की तर्ज पर पाल अर्थात विभिन्न प्रकार के व्यंजन के स्टाल लगाए गए श्री अभय पाठशाला के बच्चों ने भी अपना स्टॉल लगाया। इन स्टॉल पर सभी ने नवकारसी का लाभ लिया ।समापन पर कई प्रकार की प्रभावना वितरित की गई।

## बिरलाग्राम बड़े गणेश मंदिर पर फाग उत्सव धुमधाम से मनाया गया

**नागदा(यश सकलेचा)/दैनिक मालवा हेराल्ड।** बिरलाग्राम स्थित बड़े गणपति मंदिर के प्रांगण में श्री राघवेंद्र बल्लभ व्यास गुरु जी के सानिध्य में सोमवार को श्री राधे फाग महोत्सव का आयोजन धूमधाम से मनाया गया जिसमें लड्डू मार होली का आयोजन हुआ एवं रंग गुलाल उड़ाते हुए सुमधुर भजनो के द्वारा फाग उत्सव मनाया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

आयोजन के लिये पुरे मंदिर को फुलो से सजाया गया। कार्यक्रम में बजरंग बली एवं मयूर पंख नृत्य आकर्षण का केन्द्र रहा। ओमजी पुजारी द्वारा किया गया भव्य श्रृंगार आकर्षक लग रहा था। कार्यक्रम के लाभार्थी गुलजारीलाल त्रिवेदी, सुनील त्रिवेदी, कमलेश जयसवाल, शरद जैन गबुल, सुनील अग्रवाल, धर्मेश बघेल, आशा जवेरिया, जया पांडे, मीना अग्रवाल, जहांगीर जी, अग्रवाल क्लासेस, पवन पोरवाल, चंदन सोनी, तेजा माली, रहे।



कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व विधायक दिलीप सिंह शेखावत, सांसद प्रतिनिधि ओपी गहलोत, नपा उपाध्यक्ष सुभाष शर्मा, कांग्रेस नेता बसंत मालपानी, शरद गुप्ता, राघवेंद्र ठाकुर, भेरूलाल टांक, दिपक चोहान, परवेज खान, लक्की गुर्जर, अशोक परमार, दिनेश सोलकी, निलेश मेहता, भुवनेश्वर शर्मा आदि का सम्मान किया गया।

इस मौके पर अतिथि पूर्व विधायक दिलीपसिंह शेखावत सहित श्री राघवेन्द्र वल्लभ व्यास गुरूजी द्वारा नगर में होने वाली भव्य रामलीला, खाटू श्याम भजन संध्या एवं गुड़ीपडवा शोभायात्रा आयोजन को लेकर पत्रिका का विमोचन किया गया। कार्यक्रम के सहयोगी राजेन्द्र सोलंकी, पुरालाल पोरवाल पाल रहे। संचालन राजेश सकलेचा भाईजी ने किया।

## सार समाचार

### लाडली बहना योजना शुभारंभ पर मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति आभार



**बड़नगर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने महिलाओं के सशक्तिकरण के दिशा में एक महत्वाकांक्षी योजना लाडली बहना को लांच किया। इस सुखद योजना को लेकर भारतीय जनता पार्टी उज्जैन जिला अध्यक्ष बहादुर सिंह बोरमुड़ला के निर्देशानुसार भाजपा उज्जैन ग्रामीण जिला मंत्री श्रीमती रेखा जी राठौड़ के निवास वार्ड क्रमांक 7 शिक्षक कॉलोनी मे बहनों द्वारा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी को जन्मदिन की बधाई के साथ ही लाडली बहना शुरू करने के लिए मुख्यमंत्री जी का ढोल ताशो के ऊपर नृत्य कर और रंगारंग गीतों के माध्यम से मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त किया गया. लाडली बहना योजना कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद प्रतिनिधि सुरेश व्यास रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला मंत्री श्रीमती रेखा राठौड़ ने की. पूर्व पार्षद नवीन राठौड़ ,नगर मंडल महामंत्री राहुल राठौर, नगर उपाध्यक्ष अंकित दवे एवं महेश बैरागी मंचासीन रहे, कार्यक्रम का संचालन भाजपा नगर उपाध्यक्ष अंकित दवे द्वारा किया गया, मुख्य अतिथि द्वारा वार्ड की बहनों को संबोधित किया गया। लाडली बहना की विस्तृत जानकारी भाजपा जिला मंत्री श्रीमती रेखा राठौड़ द्वारा दी गई. साथ ही अतिथियों द्वारा लाडली बहनाओं का स्वागत सम्मान कर फुल वर्षा की गई साथ ही एक पौधा लगाकर हरा भरा मध्य प्रदेश का संदेश दिया गया।

### दिल्ली पुलिस में चयनित होने पर समाज जनों ने किया स्वागत



**सोयत कला/विष्णु जाटव/दैनिक मालवा हेराल्ड।** दिल्ली पुलिस में चयनित होकर 1 वर्ष की कड़ी ट्रेनिंग पूर्ण कर घनश्याम भावसार के पुत्र दीपेश भावसार प्रथम नगर आगमन पर भावसार समाज के श्री राम मंदिर पर समाज जन इष्ट मित्रो द्वारा माला पहनाकर शाल श्रीफल देकर सम्मान किया गया इस अवसर पर समाज अध्यक्ष रामगोपाल भावसार सांसद प्रतिनिधि गिरिराज गुप्ता विधायक प्रतिनिधि प्रदीप शर्मा नगर परिषद उपाध्यक्ष राजेश बैरागी पार्षद प्रतिनिधि अभिषेक पालीवाल रामप्रसाद भावसार मिथलेश भावसार राजेश भावसार पवन भावसार जगदीश भावसार बसंत भावसार किशोर भावसार शैलेंद्र भावसार अनिल भावसार राजू भावसार घनश्याम भावसार दिलीप भावसार आदि लोगों द्वारा स्वागत किया गया।

### यात्री बस व ट्रक की आमने-सामने भिड़त 18 यात्री घायल, 3 गंभीर झालावाड़ रेफर

**सोयत कला/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सोमवार को दोपहर 3:00 बजे इंदौर कोटा मार्ग पर पुलिस थाने के समीप एक निजी यात्री बस व ट्रक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जिसमें 18 से ज्यादा यात्री घायल हो गए । सूचना मिलते ही पुलिस ,108 के चालक व पैरामेडिकल स्टाफ अशोक दांगी व आसपास के रहवासी मौके पर पहुंचे तथा घायलों को सुरक्षित बाहर निकालकर नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। जहां प्राथमिक उपचार डॉ वैभव भावसार द्वारा किया गया। व तीन गंभीर घायलों को झालावाड़ रेफर किया । प्राप्त जानकारी के अनुसार निजी यात्री बस क्रमांक एमपी 42 श्च 0177 प्रतिदिन की तरह आगर से सोयत की तरफ यात्रियों को लेकर आ रही थी तभी सोयत से इंदौर की तरफ जा रहे एमपी 09 एचजी 4145 की आमने-सामने भिड़ंत हो गई । दुर्घटना में 18 यात्री घायल हुए । वहीं कई यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं जो बिना उपचार कराये ही सुरक्षित अपने गंतव्य की ओर रवाना हो गए। घायलों में सबसे ज्यादा आंगनवाड़ी की कार्यकर्ता हैं जो सुसनेर में प्रशिक्षण के दौरान सोयत लौट रही थी। पुलिस ने ट्रक व बस को जप्त कर थाने खड़ा करवाया व मामले की जांच में जुट गई है।

कैसा है हमारा शिक्षा तंत्र

### शिक्षक ही परीक्षा में चिटिंग करवा रहे है, छात्र ने लगाया आरोप

**मामला नंदराम चोपड़ा स्कूल में कक्षा 12वी की परीक्षा का**



**बदनावर/मनीष शर्मा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** वर्तमान में शिक्षा का स्तर गिराने में कुछ शिक्षक का भी भारी योगदान बनता जा रहा है। ऐसा उदाहरण बदनावर के शासकीय नंदराम चौपड़ा विद्यालय का है जहा सोमवार को मध्यप्रदेश शिक्षा मंडल की 12 वी परीक्षा का फिजिक्स के पेपर था। जहा कक्ष क्रमांक 2 मे परीक्षा दे रहे छात्र सूर्यप्रताप सिंह ने आरोप लगाया की परीक्षा के दौरान कक्ष में उपस्तिथ शिक्षक-शिक्षिका ने अपने परिचित दो छात्रों को चिट दी है जिससे उन्होंने आसानी से पेपर हल किया। सूर्य प्रताप ने बताया की आशियाना शेक एवं एक अन्य शिक्षक ने नाम की शिक्षिका ने दो छात्रों को बाहर बुलाया पानी पिने या अन्य किसी बहाने से और उनके हाथ में छुपाकर चिट दी गई व् एक छात्र के हाथ पर भी प्रश्न के उत्तर लिख कर भेजा जिसे मैंने अपनी आँख से देखा है एवं इसके प्रमाण भी है। उक्त घटना की जानकारी जब सूर्यप्रताप ने अपने परिजनों को दी तो परिजन ने स्कूल पहुंचकर इसका विरोध किया एवं छात्र ने विकास खंड शिक्षा अधिकारी को आवेदन देकर दोषी शिक्षक के विरुद्ध उचित कार्यवाही की मांग की है। इस तरह का यह पहला मामला है जब किसी छात्र ने शिक्षक की शिकायत के लिए आवेदन किया है। अब देखना है की प्रसाशन एवं वरिष्ठ अधिकारी उक्त प्रकरण में कितनी तत्परता दिखाते हुवे दोषी के खिलाफ क्या कार्यवाही करते है।

# जिले में ओलावृष्टि से हिमाचल जैसा नजारा, सड़कों पर बिछी सफेद चादर

### फसलों को नुकसान, प्रशासन नें शुरू करवाया सर्वे





**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले में सोमवार दोपहर बाद अचानक मौसम ने करवट ली और तेज आंधी चली। कुछ देर बाद जिले में अनेक जगहों पर तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। ओलावृष्टि से कई जगह हिमाचल जैसा नजारा देखने को मिला। सड़कों पर ओलों की सफेद चादर बिछ गई थी। तेज आंधी के कारण शहर में कई जगह पेड़ गिरे। इसके अलावा जिले में कई क्षेत्रों में भी पेड़ गिरने व विद्युत लाईनों को क्षति होने के समाचार हैं। ग्राम धारियाखेड़ी, गुराड़िया सहित मंदसौर और सीतामऊ तहसील में कई जगह ओलावृष्टि होने से फसलों को बड़ा नुकसान हुआ है। दोपहर में अपरान्ह तीन बजे बाद बारिश शुरू हुई जो शाम पांच बजे तक जिले के विभिन्न क्षेत्रों में वर्षा व ओलावृष्टि होती रही। इसके बाद वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा और पर्यावरण मंत्री हरदीपसिंह डंग ने प्रशासन को निर्देश दिए कि वे तत्काल फसलों में हुई नुकसानी का सर्वे करवाएं। निर्देश के बाद राजस्व अधिकारी कई गांवों में पहुंचे। फसलों में नुकसान देखा और किसानों से चर्चा भी की।

जिले में सोमवार दोपहर फिर से तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई। मंदसौर शहर सहित जिले के मल्हारगढ़ पिपलिया मंडी बोतल गंज सीतामऊ क्षेत्रों में करीब 15 मिनट तक जमकर ओलावृष्टि भी हुई। पिपलिया मंडी और मल्हारगढ़ में हुई ओलावृष्टि फोर लाइन हाईवे सड़क पर सफेद चादर बिछ गई। जिले में हुई ओलावृष्टि से कई जगह हिमाचल जैसा नजारा बन गया। सड़कों और खेतों के आसपास बर्फ के ढेर लग गया। तेज हवाओं से कई पेड़ धराशाई हो गई। उधर ओलावृष्टि से खेतों में खड़ी फसल बिछ गई। किसानों ने बारिश और ओलावृष्टि से बड़े नुकसान की आशंका जताई है। सबसे ज्यादा नुकसान अफीम, गेहूं, इसबगोल, जैसी फसलों में हुआ है।

### प्रशासन ने शुरू करवाया फसल नुकसान का सर्वे

जिले में असामयिक वर्षा एवं ओलावृष्टि से फसलों में हुए नुकसान के आंकलन के लिए कलेक्टर दिलीप यादव ने राजस्व विभाग के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी जमीनी स्तर पर सर्वे करने के निर्देश दिए है। राजस्व विभाग की टीम बारिश से प्रभावित खेतों पर जाकर फसलों की नुकसानी का आंकलन कर रिपोर्ट तैयार कर रही है। प्रभावित किसानों को समय पर राहत दी जा सके।

### बारिश से अफीम बचाने की जुगत :

### डोडो पर लगाए डिस्पोजल गिलास

जिले में रविवार और सोमवर शुरू हुई बेमौसम बारिश से डोडो पर आई अफीम धूल गई। दोबारा नुकसान ना हो इसके लिए किसानों ने बाजार में मिलने वाली प्लास्टिक की डिस्पोजल गिलास से अफीम के दोनों को ढंक दिया। हालांकि, इससे अफीम धुलने से बचाया जा सका लेकिन तेज हवाओं से अफीम सहित अन्य फसले खेतो में बिछ गई।

## ई व्हीकल को बढ़ावा देने के लिए आरटीओ व्यापक प्रचार-प्रसार करें-कलेक्टर




**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक सुशासन सभागृह में आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर में आरटीओ विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि ई व्हीकल को बढ़ावा देने के लिए व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए। चार्जर पॉइंट अधिक से अधिक लोग बढ़ाएं, इसके लिए भी प्लान तैयार करें। नवकरणीय ऊर्जा विभाग जिले के समस्त शासकीय भवनों में सौर ऊर्जा की प्लेट लगाने के लिए प्लान तैयार करें। इसके लिए प्रस्ताव भी शासन को भेजें। कोशिश हो की सभी विभागों में सौर प्लेटें लगे। एमपीईबी विभाग निजी लोगों के घरों में सौर ऊर्जा प्लेट लगाने के लिए व्यापक प्रचार प्रसार करें। जिला संयोजक आदिम जाति विभाग छात्रावासों की व्यवस्था सुधारे। इसके साथ ही मरम्मत का कार्य कराएं। नए बोरवेल में बच्चों के गिरने की घटना न हो, इसके लिए विभाग जागरूकता लोगों में बढ़ाएं। उद्यानिकी विभाग किसानों को वर्मी बेड प्रदान करें। पहले किसानों का चयन करें तथा उन्हें मनरेगा के माध्यम से बेड उपलब्ध कराएं। फूड विभाग दुकानों के सैंपल रोज ले। जो लोग खुले में तेल बेच रहे हैं, उनकी जांच करें। तेल का रीयूज कोई ना करें। दुकानें के रोज सैंपल लिए जाए। बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत कुमार सत्यम, अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, सभी जिला अधिकारी मौजूद थे।

## मंदसौर के तीन लोग सेंधवा में गौवंश तस्करी में पकड़ाए, ट्रक से 60 लीटर स्प्रिट भी मिला

**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सेंधवा ग्रामीण थाना पुलिस ने अवैध रूप से गोवंश का परिवहन कर ले जा रहे महाराष्ट्र ले जा रहे एक ट्रक को पकड़ कर उसमें क्रूरता पूर्वक भरे हुए 37 गोवंश को मुक्त करवाकर गौशाला में छुड़वाया है। पुलिस ने वाहन की तलाशी में वाहन से अवैध जहरीली शराब स्प्रिट भी जब्त की है। तीनों आरोपी मंदसौर जिले के रहने

# पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने दिया बयान- आम आदमी पार्टी बीजेपी की बीटीम

**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह सोमवार को निजी प्रवास पर नीमच पहुंचने से पूर्व चार्टर्ड प्लेन से मंदसौर हवाई पट्टी पर पर पहुंचे। यहां मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने लाडली बहना योजना पर सवाल उठाते हुए कहा कि एक बार लाडली बहना का फॉर्म देख लीजिएगा। योजना का फॉर्म ही लो तो गनीमत समझिएगा। आप नेता मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी पर दिग्विजय सिंह ने तंज कसते हुए कहा कि अरविंद केजरीवाल खुद को दूध का धुला बताते हैं। लेकिन उनके दो मंत्री जेल में बंद है फिर भी वे चुप हैं। दिग्विजय सिंह ने खुले रूप से कहा कि अरविंद केजरीवाल और उनकी आम आदमी पार्टी भाजपा की बी टीम है।

किसान कर्जमाफी पर दिग्विजय सिंह ने कहा कि भाजपा ने वर्ष 2003, 2008 और 2013 में किसानों से कर्जमाफी का वादा किया था, भाजपा ने किसानों को धोखे दिए। जबकि, कमलनाथ ने वादा निभाते हुए कर्ज माफी शुरू की थी। शिवराज सिंह चौहान के ग्रह गांव में किसानों की कर्जमाफी हुई थी । तब उन्होंने ने अपने स्वार्थ के लिए भ्रष्ट विधायको को खरीदकर सरकार गिराई ।

दावेदारों का शक्ति प्रदर्शन सेल्फी लेने को बेताब दिखे कार्यकर्ता

मंदसौर हवाई पट्टी पर दिग्विजय सिंह पहुंचे थे। हवाई पट्टी पर आगवानी करने विधानसभा चुनाव के लिए दावेदारी कर रहे कई कांग्रेस नेता पहुंचे। इसके बाद दिग्विजय सिंह कार से नीमच के लिए रावाना हुए। रास्ते मे उनका पिपलियामण्डी, मल्हारगढ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। हवाई पट्टी से लेकर सड़क मार्ग तक कांग्रेसी दिग्विजय सिंह के साथ सेल्फी लेने के लिए बेताब नजर आए।

## जिला पंचायत की सामान्य सभा एवं सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 10 मार्च को

### जिला पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित होगी

**झाबुआ /माणक लाल जैन /दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमन वैष्णव द्वारा दिनांक 03 मार्च को पत्र जारी किया है। जिसमें जिला पंचायत की सामान्य सभा एवं सामान्य प्रशासन समिति की बैठक दिनांक 10 मार्च शुक्रवार को प्रातः 11:00 बजे कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में जिला पंचायत माननीय अध्यक्ष श्रीमती सोनल जसवंत सिंह भाभर की अध्यक्षता में आयोजित की गई है।

बैठक मे उपाध्यक्ष एवं समस्त जिला पंचायत सदस्य को उपस्थिती रहेगे। बैठक में जो एजेण्डा निर्धारित किया गया है, उसमें डीआरडीए प्रशासन मद में आवंटन के अभाव में जिला पंचायत की ब्याज राशि से अतिआवश्यक कार्य हेतु खर्च करने की अनुमति के संबंध में, डीआरडी प्रशासन मद में आवंटन प्राप्त होने पर उक्त राशि समायोजन की जाने के संबंध में एवं अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से जारी करने के संबंध में होगी। वैष्णव ने निर्देश दिये है कि विभाग अपनी जानकारी के साथ स्वयं उपस्थित रहेगे।

# चोरी गई बाइक बरामद, गिरफ्तार तीनों आरोपियों को भेजा जेल


**मंदसौर/पिपलियामंडी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पुलिस ने चोरी गई बाइक बरामद कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। तीनों आरोपियों को कोर्ट ने जेल भेजने के आदेश दिए। जानकारी के अनुसार पिपलिया रेलवे स्टेशन के पास निवासरत कार्तिकेय पिता गोपाल लक्षकार ने पिपलिया पुलिस थाने पर शिकायत दर्ज कराई थी कि 27 फरवरी 2023 को मित्र सिद्धार्थ के साथ बाइक (एमपी 14 एमयू 1243) से भजन संध्या देखने गए थे। बाद में देर रात मीनाक्षी होटल पर खाना खाने गए, बाहर आए तो बाइक नही थी। जिसे कोई बदमाश चोरी कर ले गया। पुलिस ने चोरी का प्रकरण दर्ज कर मामला जांच में लिया। क्षेत्र में हो रही बाइक चोरी को रोकने के लिए जिला पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया के निर्देशन में, एडिशनल एसपी गौतमसिंह, एसडीओपी मनोज रत्नाकर के मार्गदर्शन व पिपलिया टीआई नरेन्द्र यादव के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक सुनील टेलर, आरक्षक देवेन्द्रसिंह, शैतान कछावा, जतिन दीक्षित, पवन पाटीदार ने बाइक चोर को पकडने के लिए मुखबिर व अन्य सूत्रों से तलाश की। इस दौरान पुलिस को पता चला कि तीन आरोपियों ने मिलकर बाइक चोरी की थी, इस आधार पर तीनों को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बाइक चोरी कर वारदात भी कबूल ली। आरोपियों ने अपनी पहचान उगरान (जीरन, नीमच) निवासी गोविन्द (23) पिता भेरुलाल कीर, लोकेश (24) पिता तेजमल कीर व दिलीप (23) देवीलाल कीर होना बताई। पुलिस ने बाइक बरामद कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तारी के बाद नारायणगढ़ न्यायालय में पेश किया, जहां से रविवार शाम तीनों को जेल भेजने के आदेश हुए।

## बाइक सवार तस्कर के कब्जे से मिली एक लाख की अफीम, अफीम देने वाले आरोपी की तलाश



**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** दलौदा थाना पुलिस ने बाइक सवार तस्कर के कब्जे से एक लाख के कीमत की 810 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम बरामद की है। मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है।दलोदा थाना प्रभारी संजीव सिंह परिहार ने बताया कि पुलिस को थाना क्षेत्र में अवैध अफीम तस्करी की सूचना मुखबिर से मिली थी। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक बाइक पर अफीम की तस्करी करने वाला हैं। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने सरसोद फंटा आक्या गांव के निकट नाकाबन्दी कर बाइक क्रमांक डच14 र्ड4180 को रोककर चालक को हिरासत में लिया। युवक की तलाशी के दौरान उसके पेट पर बंधी प्लास्टिक की थैली में 810 ग्राम अफीम बरामद की गई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम महेश शर्मा पिता भंवरलाल शर्मा (25) निवासी भावगढ़ मन्दसौर का होना बताया। आरोपी ने बताया की वह अवैध अफीम को पवन पिता राधेश्याम शर्मा निवासी भावगढ़ से लेकर आया था। मामले में अफीम उपलब्ध करवाने वाले युवक को भी सह आरोपी बनाया है, पुलिस इसकी तलाश कर रही है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

## तेज बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि ने किसानों के खेत में खड़ी एंव कटी हुई फसलों को किया बर्बाद



**सुसनेर-दैनिक मालवा हेराल्ड।** सोमवार को दोपहर 3 बजे के लगभग ग्रामीण अंचल में तेज बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। ग्राम गुंदलावदा,खेड़ा, गागोरनी,परमार का खेडा,गणेशपुरा,भवानीपुरा, गेलाना,परसुलिया,मोड़ी सहित ग्रामीण क्षेत्रो में तेज हवा के साथ ओलावृष्टि हुई। किसानों ने बताया कि अधिकांश किसानों के खेतों में गेंहू,धनिया,मसूर की फसल कटी हुई है तो कई किसानों की खड़ी फसलों को तेजगति से हुई ओलावृष्टि ने पूरी तरह से बर्बाद कर दिया। तेज बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि ने बर्फ की चादर सी बिछा दी थी। किसान नैनसिंह, कमलसिंह,बनेसिंह,नारायणसिंह, दुलेसिंह एवं बबलू आदि ने क्षेत्रीय विधायक राणा विक्रमसिंह एवं प्रशासन से मांग की है हम गरीब किसानों की खड़ी और कटी हुई फसलों को तेज हवा एवं तेजगति के साथ हुई ओलावृष्टि ने पूरी तरह बर्बाद कर दिया है प्रशासन ने अगर शीध्र मुवावजा प्रदान नही किया तो हमारी आर्थिक कमर टूट जाएगी। इसीलिए जल्द से जल्द सर्वे करवाकर हमे मुवावजे दिया जाए।

# मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत तीर्थ यात्रा रामेश्वरम हेतु 25 मार्च से 30 मार्च तक

### रामेश्वरम यात्रा में यात्रियों की संख्या 250 एवं 5 अनुरक्षक जायेगे आवेदन प्राप्ती की अन्तिम तिथि 14 मार्च 2023 निर्धारित कि गई है »»जिले के यात्री मेघनगर से सम्मिलित होगे







**झाबुआ/लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमन वैष्णव के पत्र दिनांक 8 फरवरी 2023 में निर्देश दिये है, कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत तीर्थ यात्रा रामेश्वरम हेतु 25 मार्च से 30 मार्च तक। रामेश्वरम यात्रा में यात्रियों की संख्या 250 एवं 5 अनुरक्षक जायेगे आवेदन प्राप्ती की अन्तिम तिथि 14 मार्च 2023 निर्धारित कि गई है। जिले के यात्री मेघनगर से सम्मिलित होगे।

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना यात्रा धार्मिक न्यास और धर्मस्व विभाग के अंतर्गत मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना नियम-2012 एवं इस नियम में समय-समय पर संशोधित नियम (विभागीय बेवसाईट www.dharmasva.mp.gov.in पर उपलब्ध) का अवलोकन करने का कष्ट करें। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत मध्यप्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों जो 60 वर्ष या अधिक आयु के व्यक्ति (महिलाओं के मामले में 2 वर्ष की छूट) जो आयकरदाता नहीं है, को प्रदेश प्रदेश के बाहर स्थित विभिन्न नाम निर्दिष्ट तीर्थ स्थानों में से एक या युग्म तीर्थो की यात्रा सुलभ कराने हेतु मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना परिकल्पित की गयी है।

योजना का क्रियान्वयन IRCTC , जो कि भारत सरकार का उपक्रम है, के द्वारा किया जा रहा है। यात्रा ढ्ढक्रष्टञ्जष्ट के पैकेज के अनुसार की जायेगी। ट्रेन जिस स्थान से प्रारंभ होगी उसी स्थान पर ही वापस आकर रुकेगी। यात्रियों का चयन संबंधित जिले के कलेक्टर द्वारा किया जायेगा। चयन के पश्चात् कलेक्टर यात्रियों की एक-एक सूची संचालक, मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना, अपर बेसमेंट, बी विंग, सतपुड़ा भवन, भोपाल तथा ह्रब्ज्ब् के पर्यावास भवन, भोपाल स्थित कार्यालय को उपलब्ध करायेगे। उक्त सूची एवं आनुषंगिक कागजाती को स्थायी अभिलेख के रूप में कलेक्टर द्वारा संधारित किया जावेगा।

तीर्थ यात्रियों को विशेष ट्रेन द्वारा प्रस्थान के स्टेशन से लेकर यात्रियों को वापस उसी स्टेशन पर पहुचाने की जिम्मेदारी ढ्ढक्रष्टञ्जष्ट की रहेगी। यात्रा के दौरान यात्रियों को भोजन, नाश्ता एवं चाय आदि ढ्ढक्रष्टञ्जष्ट उपलब्ध करायेगा। यात्रियों के रुकने की व्यवस्था, उन्हें तीर्थ स्थल तक बसों द्वारा ले जाने,

वापस ट्रेन मे लाने एवं गाइड आदि की व्यवस्था भी ढ्ढक्रष्टञ्जष्ट करेगा। ढ्ढक्रष्टञ्जष्ट द्वारा सी यात्रियों को तुलसी माला एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए जा तथा तीर्थ यात्रियों के लिए भजन की व्यवस्था तथा भजन संध्या का आयोजन भी किया जायेगा। ट्रेन जिन-जिन स्टेशनों से प्रारंभ होगी एवं रुकेगी यहाँ तक यात्री को स्वयं अपने व्यय से आना होगा। उसके पश्चात् यात्रा हेतु कोई शुल्क देय नहीं होगा। परन्तु यदि कोई यात्री विशिष्ट सुविधा का लाभ प्राप्त करता है, उसका व्यय यात्री स्वयं वहन करेगा। यात्रियों से अपेक्षा है कि ये मौसम के अनुरूप वस्त्र, ऊनी वस्त्र व्यक्तिगत उपयोग की सामग्री यथा कंबल, चादर, तौलिया, साबुन, गंधा, दवाईयां, दाढ़ी बनाने का सामान आदि साथ में रखें। तीर्थ यात्री अपने साथ ओरीजनल आधार कर वोटर कार्ड एवं पूर्ण कोविड़ वैक्सीनेशन सर्टिफिकेट की छायाप्रति अनिवार्य रूप से रखें। प्रत्येक ट्रेन में कुल 1000 बर्थ उपलब्ध रहेंगी। इन वर्षो के विरूद्ध तीर्थ यात्रियों/ सहायको/अनुरक्षक (एस्कार्ट) के रूप में शासकीय अधिकारी/कर्मचारियों को भेजा जाना है। ट्रेनों में उपलब्ध एवं अनुरक्षकों की संख्या को प्रत्येक जिले के लिये आवंटित किया गया है, ट्रेन जिस जिले से प्रारंभ होगी उसी जिले से सुरक्षा कर्मियों की व्यवस्था की जाएगी।

आवेदक एक या एक से अधिक स्थान के लिये यात्रा हेतु आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। परन्तु वह केवल एक ही स्थान की यात्रा कर सकेगा। यदि लाटरी में एक से अधिक स्थानों की यात्रा हेतु आवेदक का चयन होता है तब जिस स्थान की यात्रा में उसका नाम चयन सूची में ऊपर है उस स्थान के लिये उसे समझा जायेगा। यदि किसी व्यक्ति का चयन किसी यात्रा के लिये हो जाता है और यदि उसके पश्चात् आयोजित होने वाली यात्रा की चयन सूची में भी उसका नाम है तब बाद वाली चयन सूची से उसका नाम हटा दिया जायेगा। जिला कलेक्टर पूर्वानुसार योजना का प्रचार-प्रसार स्थानीय अखबारों में विज्ञापन जारी कर आवेदन आमंत्रित करेंगे। उक्त आवेदन निकटतम तहसील, स्थानीय निकाय, जनपद कार्यालय अथवा कलेक्टर द्वारा निर्धारित अन्य विज्ञप्ति स्थानों पर जमा किये जा सकेंगे।

जिस जिले से ट्रेन आरंभ होगी उस जिले से संबंधित जिले के कलेक्टर ट्रेन में तीर्थ यारियों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु एक शासकीय डॉक्टर की ड्यूटी लगाना सुनिश्चित करेंगे। ड्यूटी डॉक्टर चाहे तो अपनी पत्नी अथवा चिकित्सा सहायक को भी मात्रा में साथ ले जा सकते हैं। डॉक्टर एवं उनकी पत्नी चिकित्सा सहायक आवंटित कोटे में सम्मिलित माने जायेंगे। डॉक्टर का मोबाईल नम्बर ढ्ढक्रष्टञ्जष्ट को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। डॉक्टर को नियमानुसार ढ्ढक्रष्टञ्जष्ट से मानदेय प्रदाय किया जायेगा। यदि जिले को आवंटित निर्धारित कोटे से अधिक आवेदन प्राप्त होते है। ऐसी स्थिति में यात्रियों का चयन कम्प्युटराईज्ड लॉटरी से किया जाये। निर्धारित कोटे से 10 प्रतिशत अतिरिक्त तीर्थ यात्रियों की पृथक से प्रतीक्षा सूची तैयार करेंगे। किसी कारण से कतिपय तीर्थ यात्रा यात्रा में जाने में असमर्थ रहते है, तो ऐसी स्थिति में प्रतीक्षा सूची के अनुक्रम अनुसार तीर्थ यात्रियों को यात्रा पर भेजे जा सकते हैं। इसी प्रकार किसी जिले को आवंटित यात्रियों का कोटा पूर्ण नहीं होने पर उसे अन्य जिले की प्रतीक्षा सूची प्राप्त आवेदनों से पूर्ति की जा सकेगी।

कलेक्टर्स एवं प्रबंधक, IRCTC को निम्नलिखित निर्देश जारी किये जा रहे हैं इनका पालन करना सुनिश्चित करें- मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में किसी भी स्थिति में कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति ट्रेन में प्रवेश नहीं करें। यात्रा के दौरान जांच में अनाधिकृत व्यक्ति पाये जाने पर उसे उसी स्टेशन पर उतारा जा सकता है। अनाधिकृत व्यक्तियों के यात्रा करने पर उस व्यक्ति से, उससे संबंधित जिले के अनुरक्षकों एवं जिले के जिम्मेदार अधिकारियों से व्यय राशि वसूल की जावेगी। समस्त कलेक्टर्स मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना यात्रा का पर्याप्त प्रचार-प्रसार करें किसी भी स्थिति में निर्धारित कोटे से कम तीर्थ यात्री नहीं होना चाहिये एवं जिले के समस्त विकासखण्डो एवं नगरीय निकाय से आवेदन पत्र प्राप्त करना सुनिश्चित किया जाये। तीर्थ यात्रियों की निर्धारित पात्रता का परीक्षण किया जाये एवं सूची निर्धारित समयावधि में संचालक, मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना एवं प्रबंधक, IRCTC को उपलब्ध कराई जाये ताकि तीर्थ यात्रियों के टिकिट बनवाने में असुविधा न हो। प्रबंधक IRCTC यह सुनिश्चित करें कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना की ट्रेन निर्धारित तिथि व समय पर संबंधित जिले में पहुँच सके ताकि तीर्थ यात्रियों को परेशानी न हो। ट्रेन के समय में अनावश्यक विलंब न हो। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत संबंधित तीर्थ यात्रियों को उत्तम गुणवत्ता का भोजन, नाश्ता एवं शुद्ध पेयजल (कम से कम 2 मिनरल वाटर की बोतले प्रतिदिन) दी जायें। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत जाने वाले अनुरक्षक ट्रेन के प्रस्थान होने के उपरांत प्रति चार घंटे बाद तीर्थ यात्रियों की कुशलता के संबंध में संबंधित जिले के कलेक्टर एवं जिले के नोडल अधिकारी, कार्यालय संचालक, मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना को अवगत कराएंगे। यह भी सुनिश्चित करेंगे कि तीर्थ यात्रियों को निर्धारित समय पर नाश्ता, भोजन एवं पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था हो। जिले से एक पर्यवेक्षक (एक अनुरक्षक के स्थान पर) जो पद में तहसीलदार अथवा उसके समकक्ष हो, मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन यात्रा में तीर्थ यात्रियों के साथ ट्रेन में यात्रा करेगा एवं IRCTCद्वारा की गयी समस्त व्यवस्थाएं (भोजन, नाश्ता, पेयजल, शौचालय की स्थिति, तीर्थ स्थल पर रुकने की व्यवस्था) के संबंध में प्रतिवेदन कलेक्टर के माध्यम से राज्य शासन को प्रेषित करेगा। संबंधित कलेक्टर तीर्थ यात्रियों की सूची संचालक, मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना ई-मेल dnd-vmp@gmail-com पर एवं अपर महाप्रबंधक (पर्यटन) IRCTC क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावास भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल ई-मेल irctc.bpl@gmail.com पर भी उपलब्ध कराएंगे। तीर्थ यात्रियों की एक सूची संबंधित संभागायुक्त को उपलब्ध करायेंगे। कलेक्टर चयनित तीर्थ यात्रियों को ट्रेन प्रस्थान की तिथि, समय एवं स्थान से अवगत करायेंगे IRCTC तीर्थ यात्रियों की यात्राकार अभिप्रमाणित सूची विभाग को उपलब्ध करायेगा। ट्रेनों में कोविड प्रोटोकॉल के तहत पूर्ण वैक्सीनेशन प्रमाण पत्र की अनिवार्यता के साथ मास्क का उपयोग एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन अनिवार्य रूप से कराया जाये।

अधिक जानकारी के लिये संचालनालय धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व कार्यालय के दूरभाष नं. 0755-2767116 तथा ई-मेल dndvmp@gmail-com, dharmasva-mantralaya@gmail-com पर संपर्क कर सकते है, साथ ही धार्मिक न्यास और धर्मस्व विभाग की वेबसाईटwww.dharmasva.mp.gov.in से मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना से संबंधित आदेश, नियम, परिपत्र तथा आवेदन पत्र डाउनलोड किये जा सकते है IRCTC के महत्वपूर्ण दूरभाष नम्बर 0755- 4057982, श्री विनय कुमार, वरिष्ठ पर्यवेक्षक, मोबाइल नम्बर 8287931656 एवं कृष्ण कुमार सिंह, अपर महाप्रबंधक का मोबाइल नम्बर. 8217931607 जिन जिलो/जिला मुख्यालयों में स्टेशन स्टॉपेज नहीं है उन जिलों की बोर्डिंग निम्नानुसार रहेगी, संबंधित जिला कलेक्टर तीर्थ यात्रियों को बोर्डिंग स्टेशन तक लाने एवं वापस ले जाने की व्यवस्था करेंगे।

## सम्पादकीय

# विदेशी मंच पर राहुल

**आखिर कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद राहुल गांधी का एजेंडा क्या है? वह भारतीय राजनीति में कौन-सा वृत्तांत तय करने पर आमादा हैं? माना जा सकता है कि प्रधानमंत्री मोदी से उनकी निजी खुन्नस है, लेकिन भारत देश के सम्मान और उसकी वैश्विक प्रतिष्ठा का सरोकार तो उनका भी होगा! राहुल बहरीन, मलेशिया, सिंगापुर और बार-बार ब्रिटेन के विदेशी मंचों से गलत तथ्य क्यों पेश करते रहे हैं? क्या यह देश-विरोध नहीं है? इन भाषणों का सारांश ऐसा है, जो वह संसद में और संसद के बाहर पहले ही बोल चुके हैं। उनका यह आरोप भी गलत है कि विपक्षी सरकार के खिलाफ कुछ बोलते हैं, तो उन्हें जेल में डाल दिया जाता है। राहुल संसद के भीतर भी बोलते हैं और संसद के परिसर में भी खूब बयानबाजी करते रहे हैं। यह दीगर है कि वह 'असंसदीय' भी बोलते रहे हैं, लिहाजा वे हिस्से रिकॉर्ड से बाहर कर दिए जाते हैं। विदेशी मंचों से भारत की छवि पर कालिख पोतने की कोशिश की जा सकती है, लेकिन राहुल गांधी भी भारतीय नागरिक और निर्वाचित सांसद हैं। पेगासस जासूसी प्रकरण पर कांग्रेस संसद की कार्यवाही बाधित करती रही है। इस मुद्दे पर सर्वोच्च अदालत का अंतिम फैसला अभी आना है। हालांकि अदालत एक रपट के जरिए आंशिक फैसला दे चुकी है कि राहुल के फोन की जासूसी या टैपिंग नहीं की गई है। फिर भी कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी के मंच से, एक प्रोफेसर के प्रारूप में, उन्होंने आरोप लगाया है कि विपक्षी नेताओं के फोन की जासूसी, एक इजऱायली स्पाईवेयर के जरिए, कराई जा रही है। भारत सरकार बताने को तैयार नहीं है कि उसने पेगासस की खरीद की अथवा नहीं। राहुल के परंपरागत आरोप रहे हैं कि भारत में लोकतंत्र और संविधान खतरे में हैं।**

**संसद, मीडिया और न्यायपालिका दबाव में काम कर रहे हैं। बहरहाल राहुल गांधी खुद से ही पूछें कि भारत में वह और उनकी पार्टी जो राजनीति कर रहे हैं, चुनाव लड़ रहे हैं और प्रधानमंत्री के खिलाफ बयानबाजी करते रहे हैं, क्या ऐसा करना किसी तानाशाही शासन में संभव है? राहुल ने चीन की प्रशंसा करते हुए उसे 'सद्भाव में विश्वास रखने वाला' और शांतिप्रिय देश बताया है। पड़ोसी देशों के भू-भाग को हड़पने वाला, कब्जेबाज, अपने ही देश के हज़ारों छात्रों का नरसंहार करने वाला, दुनिया को कोरोना वायरस की महामारी देने वाला, देशों को कर्ज़ के जाल में फंसा कर बंधक बनाने वाला देश चीन क्या 'शांतिप्रिय' हो सकता है? देश के रक्षा मंत्री रहे जॉर्ज फर्नांडीज और मुलायम सिंह यादव सरीखे दिग्गज नेताओं ने चीन को भारत का 'दुश्मन नंबर वन' देश करार दिया था। आखिर राहुल गांधी ने कौन-सा नया कूटनीतिक शोध किया है? दरअसल यह देश बखूबी जानता है कि किसके शासन-काल के दौरान चीन ने हमारी करीब 40,000 वर्ग किलोमीटर बेशकीमती ज़मीन कब्जाई थी? बेशक नियंत्रण-रेखा के आसपास अतिक्रमण होते रहे हैं और हमारे जांबाज सैनिकों ने चीनियों की हड्डियां तोड़ कर उन्हें खदेड़ा है। राहुल गांधी या कांग्रेस के चीन के प्रति अपने पूर्वाग्रह हो सकते हैं, उनके आपसी समझौते भी हो सकते हैं, लेकिन चीन पूरी तरह एक तानाशाह किस्म का विस्तारवादी देश है। हमें यह भी समझ नहीं आया कि कांग्रेस नेता 'भारत जोड़ो यात्रा' के समापन पर श्रीनगर के 'लाल चौक' पर तिरंगा फहरा कर गदगद थे, लेकिन कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में कश्मीर को उग्रवाद से प्रभावित 'हिंसक राज्य' करार दिया। राहुल ने विदेशी ज़मीन पर, अपने ही देश के खिलाफ, गलतबयानी की है। यह देश कैसे स्वीकार कर सकता है?**

## सहजयोग की होली श्री राधाकृष्ण के आह्लाद की होली है -श्री माताजी



होली का पर्व भारतीय संस्कृति के प्रमुख पर्वों में से एक है उल्लास, उमंग, प्रेम, सौहार्द, एकरूपता और नकारात्मकता के विनाश का पर्व है होली। फाल्गुनी पूर्णिमा के दिन होलिका दहन व अगले दिन रंगोत्सव का आयोजन होता है। होलिका, प्रहलाद की कथा से हम सभी परिचित हैं। यह कथा हमारी इस धारणा को कि, परम पिता के प्रति संपूर्ण समर्पण के पश्चात कोई बुराई आपका बाल भी बांका नहीं कर सकती दृढ़ करती है। होली का पर्व आज भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है जिसका प्रारंभ यदि हम देखें तो श्रीकृष्ण के कालखंड में हुआ प्रतीत होता है। यह आनंद उत्सव है भगवान श्री कृष्ण का स्वरूप आनंद प्रदान करने वाला है तथा उनकी शक्ति राधारानी आह्लाददायनी स्वरूप में हैं। सहजयोग संस्थापिका श्री माताजी निर्मला देवी जी ने इस महोत्सव के प्रारंभ की अत्यंत सटीक व्याख्या अपनी अमृतवाणी में की है, उस जमाने में कंडीशनिंग की वजह से लोग बहुत गंभीरता से धर्म करने लगे उनका आह्लाद, उनका उल्लास सब खत्म हो गया। राधा जी की जो मुख्य शक्ति थी वह थी आह्लाद इसलिए उन्होंने होली का त्योहार बनाया, उन्होंने रंग खेलना शुरू किया रंग भी जो है वह देवी के रंग है सारे सातों चक्रों के रंग से होली खेली जाती है सारे चक्रों के रंग ही अपने पर उड़ेल लो खेलो उल्लास और आनंद में गंभीरतापूर्वक बैठने की क्या जरूरत है? आनंद के साथ साथ होली सामाजिक एकरूपता का भी प्रतीक है। सभी प्रकार के भेदभाव मिटाकर लोग प्रेम के रंग में सराबोर हो जाते हैं। इस तरह से एक समाजवाद और एक सामाजिक खुशी का त्यौहार अपने देश में होता है। होली के पर्व के मूल तत्व के बारे में श्री माताजी वर्णन करते हुए कहती हैं कि, होली का तत्व जानना चाहिए होली में अपने अंदर की गंदगी और दोष जलाकर हृदय शुद्ध करते ही जो प्रेम उमड़ आता है उसके चैतन्य से व सब तरफ चैतन्य के रंगों की बौछार होने से सब लोग मस्त हो जाते हैं। इसलिए होली में सर्वप्रथम अपने अंदर की बाधाएं जलानी चाहिए। ...स्वच्छ हो जाओ मुक्ति में जो आनंद आ रहा है इसमें नाचो - गाओ और सब को आनंदित करो। सहजयोग की होली श्री कृष्ण की होली है। इस फागोत्सव चैतन्य के रंगों में सराबोर होने के लिए श्री माता जी के सानिध्य में कुंडलिनी जागरण द्वारा अपना आत्म साक्षात्कार प्राप्त कर आत्मानंद का अनुभव अवश्य प्राप्त करें। स्वयं को पाने का आनंद ही वास्तविक आनंद होता है।सहजयोग से संबंधित जानकारी निम्न साधनों से प्राप्त कर सकते हैं। यह पूर्णतया निशुल्क है। टोल फ्री नं -1800 2700 800 बेवसाइट? - sahajayoga.org.in यूट्यूब चैनल-लर्निंग सहजयोगा प्रति शनिवार शाम 06:30 बजे।

# राशि के अनुसार खेले इन रंगों से होली, तरक्की के साथ होगी धन-धान्य की बढ़ोतरी

## शास्त्रों की बात, जानें धर्म के साथ

होलिका दहन के अगले दिन रंगों वाली होली खेली जाती है। इस साल 7 व 8 मार्च को होली खेली जाएगी। ऐसे में आप चाहे तो राशि के अनुसार रंगों का चुनाव कर सकते हैं। राशिनुसार रंगों से खेलने पर व्यक्ति को सुख-समृद्धि मिलती है।

हिंदू नववर्ष का आखिरी मास फाल्गुन माह हिंदू धर्म के लिए काफी खास होता है। विभिन्न व्रत त्योहार होने के साथ अंत में पूर्णिमा के दिन होलिका दहन के साथ यह मास समाप्त होता है। इसके साथ ही चैत्र मास शुरू हो जाता है। चैत्र मास की प्रतिपदा तिथि को रंगों वाली होली खेलती जाती है। हर कोई एक-दूसरे को गले लगाकर अबीर-गुलाल लगाते हैं। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, होली के दिन अगर अपनी राशि के अनुसार रंगों का चुनाव करके इसे खेला जाए, तो शुभ फलों की प्राप्ति होती है।

**ऐसे में जानिए होली के दिन राशि के अनुसार किन रंगों से खेले होली।**

**मेष राशि**

मेष राशि के स्वामी मंगल देव है। ऐसे में मंगल देव का रंग लाल है। इसलिए होली वाले दिन मेष राशि के जातक लाल रंग के रंग, गुलाल से होली खेल सकते हैं।

**वृषभ राशि**

इस राशि के स्वामी शुक्र ग्रह है। ऐसे में इस राशि के जातक गुलाबी या फिर हरे रंग से होली खेल सकते हैं।

**मिथुन राशि**

मिथुन राशि का स्वामी बुध ग्रह होता है। इस राशि के जातक हरे रंग से होली खेल सकते हैं। इसके अलावा हल्का नीला रंग भी ले सकते हैं।

**कर्क राशि**

इस राशि के स्वामी चंद्रमा है। चंद्र देव को सफेद रंग है। ऐसे में इस राशि के जातक सफेद रंग से होली खेल सकते हैं। इसके अलावा पीला रंग भी चुन सकते हैं। ऐसा करने से करियर में लाभ मिलेगाय़

**सिंह राशि**

इस राशि के स्वामी ग्रहों के राजा सूर्य है। उन्हें लाल के अलावा पीला रंग पसंद है। इसलिए पीला या फिर लाल रंग से होली खेलना चाहिए। ऐसा करने से जीवन में खुशियां ही खुशियां आएगी।

**कन्या राशि**

इस राशि के स्वामी बुध ग्रह है। इस रंग के जातक हरा के अलावा बैंगनी या लाल रंग का उपयोग कर सकते हैं। इसे सुख-समृद्धि का रंग माना जाता है।

**तुला राशि**

इस राशि के स्वामी शुक्र ग्रह है। इस राशि के जातक नीला, गुलाबी या फिर हरे रंग से होली खेल सकते हैं। ऐसा करने से रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी।

**वृश्चिक राशि**

इस राशि के स्वामी मंगल ग्रह है। ऐसे में इस राशि के जातक लाल के अलावा मेहरून और बैंगनी कलर से होली खेल सकते हैं।

**धनु राशि**

धनु राशि के स्वामी गुरु बृहस्पति देव है। ऐसे में इस राशि के जातक पीले या फिर लाल रंग से खेल सकते हैं। ऐसा करने से सकारात्मक ऊर्जा बढ़ेगी।

**मकर राशि**

मकर राशि के स्वामी भी शनि देव है। ऐसे में इस राशि के जातक नीला, काला जैसे रंगों से होली खेल सकते हैं।

**कुंभ राशि**

इस राशि के स्वामी शनिदेव है। ऐसे में इस राशि के जातक नीला, काला, पीला, नारंगी आदि रंगों से खेल सकते हैं। लेकिन लाल रंग का इस्तेमाल बिल्कुल न करें।

**मीन राशि**

इस राशि के स्वामी गुरु बृहस्पति है। ऐसे में इस राशि के जातक पीला या फिर हरा रंग से होली खेल सकते हैं। इससे शुभ लाभ मिलेगा।

**इस बार होलिका दहन में राशिनुसार क्या डालें- 12 राशि के 12 उपाय**

इस बार होलिका अच्छे योग में दहन होने जा रही है। अक्सर होलिका वाले दिन दहन के समय भद्रा होने से बड़ी मुहूर्त में परेशानी रहती थी। परंतु इस बार ऐसा नहीं हो रहा है बल्कि इस बार भद्रा रहित, ध्वज एवं गज केसरी योग बन रहा है।

त्रिपुष्कर योग 10 मार्च को रहेगा। इस योग में भवन, वाहन, सोना-चांदी के आभूषण या कोई कीमती वस्तु का सुख प्राप्त हो सकता है।

इस बार होलिका दहन में राशिनुसार आहुति दें। ताकि आपकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो और ग्रह बाधा दूर हो जाए।



धर्म

पं. सतीश नागर

श्री अन्नपूर्णा अनुष्ठान केन्द्र

मो. 9753585323

## मेष राशि के जातक

होलिका दहन के समय 7 नग काली मिर्च ऊसारकर होलिका में अर्पण करें। स्वास्थ्य परेशानी दूर हो जाएगी।

वृषभ राशि के जातक

लोगों को सफेद चंदन पासा होलिका के तीन फेरे लेकर डालें इससे मानसिक चिंता दूर हो जाएगी।

**मिथुन राशि के जातक**

चने की दाल 100 ग्राम दहन में डालें आर्थिक संकट समाप्त होगा।

**कर्क राशि के जातक**

लोगों को 50 ग्राम सौंफ की होलिका में आहुति देनी चाहिए। इससे वाणी दोष दूर होगा और बिगड़े काम बनेंगे।

**सिंह राशि के जातकों**

को 250 ग्राम जौ को होलिका में अर्पण करने से किसी भी रोग से छुटकारा मिल जाता है।

**कन्या राशि के जातकों**

को 3 नग जायफल 3 नग काली मिर्च होलिका दहन में डालनी चाहिए इससे सभी संकटों से मुक्ति मिल जाएगी।

**तुला राशि जातक को**

होलिका दहन के दिन काले तिल और 2 हल्दी की गांठ दहन में अर्पित करनी चाहिए। ऐसा करने से कार्य में सफलता तथा पदोन्नति होगी।

होलिका दहन के दिन वृश्चिक राशि वालों को 100 ग्राम पीलि सरसों 3 बार ऊसार कर होलिका में आहुति देने से भाग्योदय होगा।

**धनु राशि के जातकों**

को 50 ग्राम चावल व 50 ग्राम तिल दहन में डालने से सकंट दूर हो जाएगा और सफलता प्राप्त होगी।

**मकर राशि वालों**

को बिधारा की जड़ और 5 हल्दी की गांठ दहन में अर्पण करने से शनि के साढ़े साती का प्रभाव थोड़ा कम हो जाएगा।

**कुंभ राशि के जातकों**

को मूंग की दाल, काले तिल के मिश्रण को होलिका में अर्पित करना चाहिए। इससे फिजूल खर्च से मुक्ति मिलेगी।

**मीन राशि के लोगों**

को 50 ग्राम जीरा और 50 ग्राम नमक की आहुति होलिका में देने से धन लाभ होता है और तरक्की मिलेगी।

**नोट** - धनु, मकर और कुंभ राशि के जातक, जिन पर साढ़े साती है वे लोग दहन में गुड़ अवश्य चढ़ाएं लाभ मिलेगा। वहीं मिथुन और तुला राशि के लोगों को ढैय्या के प्रभाव को कम करने के लिए होली में लोबान की आहुति देने से लाभ मिलेगा।

7 मार्च 2023, मंगलवार का राशिफल- आज से किन राशियों के बदल जाएंगे दिन, पढ़ें 12 राशियां

**मेष राशि**

**आज का भविष्य** - किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। कारोबार में बुद्धिबल से उन्नति होगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। दुष्टजनों से सावधानी आवश्यक है। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। विवाद को बढ़ावा न दें। प्रमाद से बचें।

**उपाय-आज जातक रसोई के दक्षिण कोण में दिया जलाएंगे तो लाभ मिलेगा।**

**शुभ अंक-6**

**शुभ रंगगुलाबी**

**वृषभ राशि**

**आज का भविष्य** - शत्रु भय रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। शारीरिक कष्ट संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। भूमि व भवन संबंधी खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। आर्थिक उन्नति होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। शुभ समय।

**उपाय-जातक आज पीपल के नीचे दिया जलाए या 7 पत्ते मंदिर में रखें।**

**शुभ अंक-7**

**शुभ रंग-सफेद**

**मिथुन राशि**

**आज का भविष्य** -पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है। अज्ञात भय सताएगा। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। कुसंगति से बचें। चिंता रहेगी। धन प्राप्ति में अवरोध दूर होंगे। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी।

**उपाय-जातक आज सरसों का तेल दान करें।**

**शुभ अंक-5**

**शुभ रंग-हरा**

**कर्क राशि**

**आज का भविष्य** - लेन-देन में जल्दबाजी न करें। पुराना रोग उभर सकता है। दुःखद समाचार की प्राप्ति संभव है। किसी के उकसाने में न आएं। बात बिगड़ सकती है। आवश्यक निर्णय सोच-समझकर करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। थकान हो सकती है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। आय में निश्चितता रहेगी।

**उपाय-जातक आज घर के मंदिर में केले का छोटा सा पौधा लगाए।**

**शुभ अंक-4**

**शुभ रंग-पीला**

**सिंह राशि**

**आज का भविष्य** -पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। आय में वृद्धि होगी। कारोबार का विस्तार होगा। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। प्रयास सफल रहेंगे। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा। निवेश लाभदायक रहेगा। घर में सुख-शांति रहेगी। उत्साह बना रहेगा। भाग्य का साथ मिलेगा। संतान की चिंता रहेगी।

**उपाय-आज जातक महिला को हरे और लाल रंग की चूड़ी देंगे तो लाभ मिलेगा।**

**शुभ अंक-2**

**शुभ रंग-लाल**

**कन्या राशि**

**आज का भविष्य** - आय में वृद्धि होगी। कारोबार लाभप्रद रहेगा। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। दूर से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय बढ़ेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में सहकर्मियों का साथ रहेगा। थकान रहेगी।

**उपाय-जातक गाय को दाल मिश्रित रोटी खिलायें**

**शुभ अंक-9**

**शुभ रंग-हल्का हरा**

**तुला राशि**

**आज का भविष्य**-प्रेम-प्रसंग में आशातीत सफलता प्राप्त होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। कारोबार का विस्तार होगा। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। सुख के साधन जुटेंगे। शत्रु परास्त होंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। सभी ओर से सफलता मिलेगी।

**उपाय-जातक आज लाल रंग का झंडा लगाएंगे तो शांति बनी रहेगी।शुभ अंक-7**

**शुभ रंग-नीला**

**वृश्चिक राशि**

**आज का भविष्य** - राजभय रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। लेन-देन में जल्दबाजी हानि देगी। शारीरिक कष्ट संभव है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। व्यवस्था में मुश्किल होगी। दूसरों से अपेक्षा न करें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। अनहोनी की आशंका रहेगी। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। आय में निश्चितता रहेगी।

**उपाय-जातक आज अन्न का दान दें, लाभ मिलेगा।**

**शुभ अंक-5**

**शुभ रंग-सफेद**

**धनु राशि**

**आज का भविष्य** - व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। मानसिक बेचैनी रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। अधिकार प्राप्ति के योग हैं। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। भागदौड़ रहेगी। दूसरों के काम में दखल न दें। विवाद से बचें। लाभ होगा।

**उपाय-जातक आज चींटियों को आटा डालें।**

**शुभ अंक-6**

**शुभ रंग-पीला**

**मकर राशि**

**आज का भविष्य** - राज्य से प्रसन्नता रहेगी। कोई बड़ा काम हो सकता है। नई योजना बनेगी। नया उपक्रम प्रारंभ हो सकता है। सामाजिक कार्य करने का अवसर मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। स्वास्?य का पाया कमजोर रहेगा। कोई नई समस्या आ सकती है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कोई नई समस्या आ सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें।

**उपाय-जातक आज तुलसी या बेल का पौधा लगाने से लाभ मिलेगा।**

**शुभ अंक-3**

**शुभ रंग-लाल**

**कुंभ राशि**

**आज का भविष्य** - आंखों को चोट व रोग से बचाएं। धन प्राप्ति सुगम होगी। सुख के साधन जुटेंगे। कारोबार लाभदायक रहेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। थकान व कमजोरी महसूस हो सकती है। कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे। पूजा-पाठ में मन लगेगा। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें।

**उपाय-जातक आज गुड़ और दही का भोग लगाएं।**

**शुभ अंक-5**

**शुभ रंग-नीला**

**मीन राशि**

**आज का भविष्य** - पुराना रोग उभर सकता है। अनहोनी की आशंका रहेगी। मातहतों से कहासुनी हो सकती है। पार्टनरों से मतभेद संभव है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। दूसरों से अपेक्षा न करें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। आय में निश्चितता रहेगी। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। सोच-समझकर निर्णय लें।

**सदैव प्रसन्न रहिये।**
**जो प्राप्त है, पर्याप्त है।।**

## होली

*मेरे कान में आकर, वो बड़े प्यार से बोली।*
*अंग रंग गुलाल लगाओ, खेलों मुझसे होली।।*

*कई दिनो से, नजर न आए, तेरी याद सताए।।*
*जब जब देखू, चंदा मेरे, तुझको बादल छुपाए।।*

*बहुत दिन से बोल रही है,मीठी कोयल बोली।*
*पिया रंग ले आएंगे, फिर खेलना संग होली।।*

*अंग रंग गुलाल लगाओ, खेलों मुझसे होली।।*
*अमराई में आम पके,ये किसके लिए लिखे हैं।*

*बागों में भवरें डोले,मोहे मधुमास दिखे हैं।।*
*मन मेरा पागल हुआ, जबसे आई ऋतु नवेली।*

*किससे पूछूं घुमड़ रही हैं,प्रीत की एक पहेली।।*
*अंग रंग गुलाल लगाओ, खेलों मुझसे होली।।*

*जब देखे नैना तुझको,मन बसियां तूं ही दिखे।।*
*मन ना लागे काम में, मोहे एक तूं ही दिखे।।*

*दूर देश की ये कुवरी, आई खेलने होली।*
*रंग संग अंग लगा ले,आ करले मोसे ठिठोली।।*
*अंग रंग गुलाल लगाओ, खेलों मुझसे होली।।*

***- मनोहर सिंह चौहान मधुकर***

## संजीव-नी।

## फाल्गुनी रंगो से रंग दे

*आओ फिर खेले रंगो की होली।*
*फाल्गुनी गुलाल से*
*रंग दे हमजोली,*
*दुनिया में अद्भुत, अतुलनीय*
*रंगों का त्योहार,*
*दुश्मनों से लगे गले*
*बढ़ा दे शांति और प्यार*
*मेरी तेरी उसकी बात नहीं*
*हम सबका यह प्यारा*
*प्यार भरा त्यौहार,*
*फाल्गुनी बह रही बयार*
*लगा दे रंग हरा नीला पीला*
*आपसी दुखों का करें संहार,*
*इन रंगों में मिला है,*
*हम सब का मीठा मीठा प्यार,*
*मदमस्त करते ढोल और नगाड़े*
*आओ पढें प्यार के अनंत पहाड़े,*
*बुराई भेदभाव आडंबर का करें अंत*
*होली के रंगों से बन जाए सब संत,*
*दुनिया का अद्भुत त्यौहार होली का*
*बढ़ जाए प्यार हमजोली का,*
*ऐसे ही फाल्गुनी रंग-बिरंगे*
*रंगों से लगा रहे हमारा जीवन,*
*होली की मस्ती रहे*
*प्यार रहे, मनुहार रहे*
*अद्भुत रंगों से बना रहे जीवन।*
*बड़े-बड़े जाए आपस में*
*शांति सौहार्द ,*
*आने वाला कल बन जाए नवजीवन,*
*जीवन में रंगों की हो भरमार,*
*आपको होली का ढेर सारा प्यार,*
*होली के रंगों की अनंत बधाइयां*
*बुराई के अंत की अनंत शुभकामनाएं,*
*आशेष होली की मंगल कामनाएं।*

***-संजीव ठाकुर***

# होली, अतुलनीय रंगों और समरसता का बेमिसाल, महान त्योहार

## होलिका दहन की अद्भुत कथा विश्व में अद्वितीय

होली की अनंत बधाइयां, शुभकामनाये, फाल्गुनी रंगो से मनाई जाने वाली होली न सिर्फ भाईचारे, सौहार्द्र और प्यार, स्नेह का त्यौहार है। यह महान पर्व शत्रुता हरण करने वाला भी पवित्र त्यौहार है। होलिका दहन और रंगों के खेलने की की परंपरा अलौकिक है ।होलिका दहन के रूप में समाज में व्याप्त बुराई को नष्ट करने की अद्भुत परंपरा सिर्फ हमारे देश में ही है। ऐसी विलक्षण तथा इस होलिका दहन तथा होली के इस पावन पर्व पर जुड़ी हुई है। प्राचीन सांस्कृतिक कथा के अनुसार हिरण्यकश्यपु नामक राक्षस राजा हुआ करता था। प्राचीन काल मे ब्रम्हाजी की तपस्या से उसने वरदान प्राप्त कर लिया था,कि उसे न देवता मार सके न ही कोई अन्य जीव जन्तु ,न दिन मे मरे न रात मे ,न अस्त्र से न शस्त्रों से ,न धरती पर न आकाश मे उसकी मृत्यु हो ,इस तरह उसने अमरत्व प्राप्त कर लिया था। धीरे धीरे उसे इतना घमंड हो गया कि वह अपने को भगवान विष्णु और ब्रह्मा से बढकर भगवान समझने लगा ,राज्य मे कोई व्यक्ति किसी भगवान की पूजा नही कर सकता था ,केवल हिरण्कश्यपु की ही पूजा हो सकती थी ।



संजीव ठाकुर

कालांतर में उसके एक पुत्र हुआ ,बालक बडा ही धार्मिक प्रवृत्ति का था और भगवान विष्णु का भक्त भी,यह बात राजा को अत्यंत नागवार गुजरती थी ,उसने अपने पुत्र को बहुत समझाने का प्रयास किया कि उसका पिता राजा हिरण्यकषिपु ही एकमात्र भगवान है ,पर बालक अपने पिता के इस अधर्मी आदेश को नही मानता था,

बालक प्रह्लाद के ऊपर सख्ती करने हेतु उसके पिता हिरण्यकशयपु ने उसे समुद्र मे फेंकने का आदेश दिया ,उसे हाथी कुचलने का आदेश दिया,पहाड से नीचे फेंका गया पर भगवान विष्णु की भक्ति और दया से बालक प्रह्लाद जीवित सकुशल बच गया ।अंत मे राजा ने अपनी बहन और बालक प्रह्लाद की बुआ होलिका का सहारा लिया ,होलिका को जी तपस्या से एक ऐसे कपडे का वरदान प्राप्त था, जिसे पहनने पर वह अग्नि से जल नही सकती थी ।

इसी वरदान का फायदा उठाते हुए ,होलिका ने बालक प्रह्लाद को गोद मे लेकर अग्नि स्नान किया ,पर होलिका की चुनरी उड कर प्रह्लाद पर लिपट गई ,और दुष्ट होलिका जलकर भस्म हो गई,प्रह्लाद फिर बच गए। इस तरह होलिका दहन का त्यौहार होलीका नामक बुराई को अग्नि से खत्म करने की प्रथा चली आई है।

प्रह्लाद को राजा ने एक विशाल खंबे से बांध दिया और तलवार लेकर उसपर टूट पडा और पूछा बता तेरा भगवान कहां है ,बालक ने बड़ी निडरता से कहा भगवान हर जगह हैं ,आप मे, मुझ मे ,आपकी तलवार मे इस,इस खंबे मे भी ।

तब हिरण्यकश्यपु ने क्रोध से कहा तो देख तेरा भगवान तुझे कैसे बचाता है और उसने उसे मारने के लिए तलवार उठाई ,तभी खंबे को फाड़कर एक भयानक जीव निकला ,जो न नर था न दानव उसने राजा को गोद मे लिया और अपने नुकीले नाखून से राजा का पेट फाड दिया ।बालक प्रह्लाद की अनन्य भक्ति को देखकर उसको भक्त प्रह्लाद कहा जाने लगा। भगवान विष्णु के अवतार नरसिंह भगवान ने हिरण कश्यप का वध कर अहम दंभ और बुराइयों को खत्म किया और तब से होली का त्योहार प्राचीन समय से भारत देश में मनाया जा रहा है।होली पूरे विश्व में अनूठा, अद्भुत, अतुलनीय भाईचारे प्रेम रूप में मनाया जाता है, एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर खुशियां मनाई जाती है, एक दूसरे को मिठाई भी खिलाई जाती है। होलिका दहन के दूसरे दिन रंगों का त्योहार बहुत ही खुशी से आजादी तो क्यों मनाया जाता है देश की इस महान परंपरा को नमन प्रणाम।

## जब हिस्सा मांगे बहन

*चल बहन तू हिस्सा मांग,*
*भाइयों के बीच अपनी मंशा टांग,*
*फिर देखता हूं कितना टिक पायेगा*
*ये राखी का चलन,*
*कैसे नहीं होगा भाइयों को जलन,*
*सब कुछ व्यवहार पर टिका है,*
*रिश्ते लालच आते ही बिका है,*
*बहनों ने ही रिश्ता संभाला है,*
*भाइयों ने पूरे रिश्ते को मुश्किल में डाला है,*
*सब कुछ बहनों के संयम पर है,*
*वर्ना युद्ध के लिए मैदान घर है,*
*बहन का सबसे बड़ा हितैषी*
*कब हो जाये दुश्मन*
*कहा नहीं जा सकता है,*
*रिश्तों को डुबाने के लिए सैलाब आ सकता है, खैर,*
*मैं ये नहीं कह रहा कि*
*रिश्ते भाई ही तोड़ते हैं,*
*रिश्तों से मुंह बहन भी मोड़ते हैं,*
*किसी ने क्या खूब कहा है,*
*कि रिश्ते वहीं बचते हैं जब एक पक्ष*
*सब कुछ संयमित होकर सहा है।*

***-राजेन्द्र लाहिरी छ. ग.***

शहर में निभाई जाएगी पांच दिनी पर्व की परंपरा

# 8 को 6 मंडलियां एक साथ करेंगी सुंदरकांड का पाठ





***शाजापुर/दैनिक मालावा हेराल्ड। शहर में पांच दिनी होली पर्व मनाने की परंपरा है, जो इस वर्ष भी मनाई जाएगी। पांचो दिन चन्द्रशेखर आजाद होली उत्सव समिति द्वारा रंगारंग व सांस्कृतिक कार्य मों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें पहले दिन सुंदरकांड का पाठ होगा, जिसमें 6 मंडलियां एक साथ सुंदरकांड का पाठ करेगी।***

इस बार होली उत्सव में खाटू श्याम के भवन और भव्य सुंदरकांड का आयोजन भी किया जा रहा है, जो शहर के लोगों में ऊर्जा का संचार कर उत्सव की रंगत बढ़ा देगा। चंद्रशेखर आजाद होली उत्सव समिति के संयोजक कैलाश सेन ने बताया कि शाजापुर की परंपरा के अनुसार इस बार भी पूरे पांच दिन तक रंगारंग और धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मंगलवार 7 मार्च को रात 8 बजे होलिका पूजन किया जाएगा। रात 11 बजे होलिका दहन होगा। आठ मार्च बुधवार को धुलेंडी पर्व मनाया जाएगा। इसी दिन रात 8 बजे आजाद चौक में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। इसमें एक साथ छह मंडलियां श्री खेड़ापति सुंदरकांड मंडल, श्री बाल हनुमान सुंदरकांड मंडल, श्री मुरादपुरा सुंदरकांड मंडल, श्री सीताराम सुंदरकांड मंडल, श्री अंजनीनंदन सुंदरकांड मंडल और श्री नित्यानंद सुंदरकांड मंडल द्वारा संगीतमयी सुंदरकांड पाठ किया जाएगा। समिति के सचिव सतीश राठौर ने बताया कि 9 मार्च गुरुवार रात 8 बजे से स्व. चांदमलजी राम स्मृति में खाटूश्याम जी की भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। देवास के सुर मंदिर ग्रुप के विजय चौहान देवास, कृतिका मालवीय इटारसी और विक्की शर्मा देवास द्वारा श्याम कीर्तन किए जाएंगे। 11 मार्च शनिवार को रात 8 बजे से स्थानीय प्रतिभाओं का प्रदर्शन और वरिष्ठजनों का सम्मान किया जाएगा। इसके बाद 12 मार्च रविवार को रंगपंचमी महोत्सव मनाया जाएगा और अखाड़ों के उस्तादों का सम्मान किया जाएगा।

### ख्याति प्राप्त कवि करेंगे रचनाओं का पाठ

होली पर्व के तहत 10 मार्च को शहर की शाम कवियों के काव्य पाठ से सजेगी। इस दिन देश-प्रदेश के ख्यात कवि रचनाओं का पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। होली उत्सव समिति के कोषाध्यक्ष संजय गिरजे ने बताया कि कवि सम्मेलन में शशिकांत यादव शशी (सबरस संचालन) देवास, अजय अंजाम (वीररस) ओरय्या कानपुर, योगिता चौहान (गीत-गजल) आगरा, दीपक पारिख (हास्य कवि) भीलवाड़ा, अर्जुन अल्हड़ (हास्य कवि) कोटा, राहुल शर्मा (वीर रस) उज्जैन और जगदीश (वीर रस) देवास कविता पाठ करेंगे।

## अंध गति से दौड़ रहे वाहनों पर अंकुश लगाए जाने को लेकर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने एसपी को दिया ज्ञापन



**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहरभर में अंधगति से दौड़ रहे वाहनों पर अंकुश लगाए जाने को लेकर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने जिलाध्यक्ष परवेज शेख (विनर) के नेतृत्व में सोमवार को पुलिस अधीक्षक डॉ. शिवदयाल सिंह से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि शहर में चलने वाले व अन्य शहर से आने-जाने वाले वाहनों की गति सीमा यातायात नियमों के अनुसार नही है। जिससे की आए दिन अंधगति के वाहनों से दुर्घटनाएं हो रही हे। जिसमें शहर के लोगों की जनहानि के साथ वे चोटिल भी हो रहे है, जो कि शहर के लिए बड़ी चिंता का विषय है। आए दिन हो रही दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए उचित कार्यवाही की जाए। शहर के मुख्य मार्गो पर दुर्घटना संभावित क्षेत्रों पर गति अवरोधक लगाए जाए। शहरी सीमा में विशेष रूप से यात्री बसों की गति पर नियंत्रण करने के लिए उचित एवं योग्य कार्यवाही की जाए। अक्सर देखने में आता है कि नाबालिग बच्चे तेज गति से वाहन दौड़ाते रहते है। जिससे कभी भी दुर्घटना होने की संभावना लगी रहती है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने मांग की है कि शहर के यातायात को दुरूस्त करने के लिए कड़े निर्णय लेते हुए अंध गति से चलने वाले व नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर सख्त से सख्त कार्यवाही की जाए। ज्ञापन पश्चात एसपी श्री सिंह ने आश्वस्त किया कि तेज गति के वाहनों पर रोक लगाने हेतु कठोर निर्णय लिए जाकर कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान नगर अध्यक्ष आवेश पठान, असरार खान, आशिक शेख चुन्नू, हारून भाई नागोरी, जुबेर भाई, आसिफ खान, अकरम दादू, शाहनवाज शेख, रईस भाई, वहीद भाई, बबलू भाई, मुजाहिद शेख आदि उपस्थित थे।

## नंदी की प्रतिमा पर युवक ने रखा पैर, ग्रामीणों ने कोतवाली में की शिकायत

### - पुलिस ने संभाली स्थिति



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले के ग्राम लाहौरी में दरगाह के पास स्थित नंदी प्रतिमा पर एक वर्ग विशेष के व्यक्ति द्वारा पैर रखने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों को जानकारी लगते ही वहां तनाव की स्थिति बन गई। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने कोतवाली पुलिस को की है।

घटना की जानकारी लगते ही मौके पर तहसीलदार सुनील जायसवाल और कोतवाली थाना प्रभारी एके शेषा मय दलबल के साथ पहुंचे। आक्रोशित ग्रामीणों को कार्रवाई का आश्वासन देकर मामले को शांत करवाया। ग्रामीणों ने कोतवाली थाने पहुंचकर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई को लेकर आवेदन दिया। कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुटी है। ग्रामीण अरविंद मंडलोई ने बताया पांच वर्ष पूर्व ईदगाह के वहां सीमेंट कांक्रीट का कार्य किया जा रहा था, इसी दौरान खुदाई में वहां से नंदी भगवान की प्रतिमा निकली थी। ग्रामीणों ने उक्त प्रतिमा को वही स्थापित कर दिया था। उक्त नंदी भगवान की प्रतिमा पर एक व्यक्ति द्वारा पैर रख दिया। कोतवाली थाना प्रभारी एके शेषा ने बताया पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

## बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पिलाई सुवर्ण प्राशन औषधि



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** दुपाड़ा रोड स्थित सरस्वती विद्या मन्दिर के शिशु वाटिका में सोमवार को पुष्य नक्षत्र के शुभ मुहूर्त में पहली बार 100 से अधिक विद्यार्थियों को सुवर्णप्राशन औषधि दी गई। ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके।

प्राचार्य सुरेंद्र जोशी ने बताया कि विद्यालय के 99 और अन्य विद्यालयों से आए 7 विद्यार्थियों को यह औषधि दी गई। उन्होंने बताया कि सुवर्णप्राशन औषधि देशी गाय के शुद्ध घी, स्वर्ण भस्म, शहद और गिलोय आदि आयुर्वेदिक तत्वों से बनी है। जो बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक है। इससे उनके बल, तेज एवं बुद्धि को बढ़ाने के साथ-साथ उनकी रोग प्रतिरोधक शक्ति भी बढ़ती है। उन्होंने बताया कि इसका सेवन 16 वर्ष तक की आयु के बच्चों को करवाया जाता है।

## भाजपा बेरछा मंडल की बैठक आयोजित



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** भाजपा बेरछा मंडल की बूथ विस्तारक को लेकर कामकाजी बैठक का आयोजन बेरछा मंडी स्थित श्री राम मंदिर पर किया गया। जिसमें बूथ विस्तारक अभियान हेतु कार्यक्रताओ का मार्गदर्शन व प्रशिक्षण करने हेतु विधानसभा प्रभारी गौरव तोमर एवं जिला महामंत्री व बूथ विस्तारक अभियान के जिला प्रभारी दिनेश शर्मा, मंडल प्रभारी रामचंद्र भावसार, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष केतल पटेल शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता कर रहे मंडल अध्यक्ष राधेश्याम गुर्जर के साथ मंडल पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष, ग्राम केंद्र प्रभारी, सह प्रभारी सहित भाजपा मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री जुगल नाहर ने किया। इस दौरान पार्टी की आगामी कार्ययोजना तैयार कर अधिक से अधिक लोगों सरकार की योजनाओं की जानकारी पहुंचाकर पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ पहुंचाने की बात कही। यह जानकारी बेरछा मंडल मीडिया प्रभारी दीपक नारोलिया ने दी।

## सभी चिकित्सक निर्धारित समय में ड्यूटी पर उपस्थित होकर मरीजों को अपनी सेवाएँ दें- कलेक्टर श्री वानखेड़े

### स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा

**आगर-मालवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर कैलाश वानखेड़े ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग की बैठक लेकर राष्ट्रीय कार्यक्रमों एवं योजना की समीक्षा की। कलेक्टर ने उपस्थित सभी चिकित्सों से कहा कि मानव सेवा का जो कार्य आपको मिला है, उसे ईमानदारी के साथ पूरा करें। शासकीय चिकित्सालयों में समस्त चिकित्सक निर्धारित समय पर ड्यूटी पर उपस्थित होकर संस्थाओं में उपचार के लिए आने वाले मरीजों एवं भर्ती मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करें।

कलेक्टर ने जिले में संचालित एनआरसी सेंटरों में भर्ती बच्चों के संबंध में चर्चा करते हुए निर्देश दिए कि कुपोषित बच्चों को एनआरसी सेंटरों में भर्ती कर चिकित्सकों की निगरानी में रखा जाए, ताकि वे स्वस्थ्य एवं सुपोषित हो सकें। उन्होंने विगत माह से अब तक एनआरसी सेंटरों में भर्ती बच्चों के बारे में जानकारी भी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि नवजात शिशुओं जो जन्म से अतिकुपोषित है एवं निमोनिया आदि से ग्रसित है उन्हें विशेष नवजात शिशु चिकित्सा इकाई में रखकर उनका उपचार किया जाए। ऐसे बच्चों को पूर्ण स्वस्थ्य होने पर ही डिस्चार्ज करें तथा डिस्चार्ज उपरान्त उनका निरन्तर फॉलोअप किया जाए।

कलेक्टर ने जिले में एएनएम एवं सीएचओ की संस्थावार जानकारी लेकर जिला चिकित्सालय आगर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नलखेड़ा में अटैच एएनएम ममता भिलाला, किरण सेन, माया सौराष्टीय को अटैचमेंट समाप्त करते हुए मूल पदस्थापना पर पदस्थ करने के निर्देश दिए। प्रसव पूर्व रजिस्ट्रेशन की समीक्षा के दौरान पाया कि समग्र आईडी नहीं होने के करण कई महिला हितग्राहियों को शासन की योजना के लाभ से वंचित है, कलेक्टर ने निर्देश दिए कि ऐसी महिलाओं की तत्काल जनपद एवं नगरीय निकायों के माध्यम से समग्र आईडी जनरेट करवाकर उन्हें योनजाओं का लाभ प्रदान किया जाए। प्रथम त्रैमास एएनसी पंजीयन से वंचित गर्भवती महिलाओं का संबल योजना में रजिस्ट्रेशन करें, जिससे की शासन की योजनाओं में लाभ उन्हें मिल सकें। उन्होंने निर्देश दिए कि सेक्टर स्तर पर प्रति शनिवार को बैठक आयोजित कर कार्यक्रम अधिकारी एवं ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों एवं योजना की समीक्षा करते हुए उनका समयबद्ध क्रियान्वय सुनश्चित करवाएं। प्रसव पूर्व चार एएनसी जांच में जिले में जिन महिलाओं के नाम वंचित है, उन सभी महिलाओं का पंजीयन तत्काल करें। चार एएनसी पंजीयन की नामजद सूची भी उपलब्ध करवाई जाए।

कलेक्टर ने एमआर अभियान, टीकाकरण, दस्तक अभियान, परिवार कल्याण कार्यक्रम, मलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम, जननी सुरक्षा, कुष्ठ नियंत्रण, टीबी उन्मूलन अभियान आदि कार्यक्रम एवं हितग्राही मूलक योजनाओं की विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिए गए।

बैठक में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरसी कुरील, जिला सर्विलेंस अधिकारी/प्रभारी टीकाकरण एवं क्षय अधिकारी डॉ. राजेश गुप्ता, सीबीएमओ डॉ. राजीव कुमार बरसेना, डॉ. विजय यादव, डॉ. मनीष कुरील, डॉ. विवेक पुल्लैया, जिला आयुष अधिकारी डॉ. महेश कंडारिया, जिला कुष्ठ अधिकारी आरसी ईरवार, डॉ. राहुल सेठिया, जिला मलेरिया अधिकारी प्रेमलता ढाबी, डीपीएम राकेश चौहान, बीसीएम राकेश परिहार तथा जिले के समस्त बीईई, बीपीएम, बीसीएम तथा स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# फिर ओलावृष्टि ने बढ़ाई ठंडक, आधे घंटे से ज्यादा हुई बारिश

## तिंगजपुर, अकोदिया में गिरे छोटे आकार के ओले, जिला मुख्यालय पर हुई बूंदाबांदी »» होली के दिन भी झमाझम बारिश के आसार





**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर का मौसम सोमवार को फिर बदल गया ओर सुबह धूप व गर्मी के बाद दोपहर को मौसम ठंडी हवाएं चलने व बादल छाने से सर्द हो गया। जिला मुख्यालय पर गरज चमक के साथ कुछ देर बारिश हुई। तो जिले के कई हिस्सों में ओलावृष्टि के साथ आधे घंटे से ज्यादा समय तक झमाझम बारिश हुई। मौसम विभाग की माने तो 8 मार्च को होली के दिन इससे भी तेज बारिश की संभावना है।

जिले के ग्राम तिंगजपुर, मोहन बड़ोदिया, अकोदिया, गुलाना, सलसलाई सहित कई क्षेत्रों में दोपहर बाद अचानक मौसम बदल गया और तेज हवाएं चलने लगी। जिसके कुछ ही देर बाद ओलावृष्टि होने लगी। इस दौरान चने के आकार के ओले गिरे, जिससे फसलों को नुकसान हो सकता है। ग्रामीणों के मुताबिक करीब 10 मीनिट तक ओले गिरते रहे। इसके बाद बारिश शुरू हो गई। कुछ देर बाद बारिश का दौर जरूर थमा था, लेकिन तेज हवाओं के साथ बारिश का दौर शुरू हो गया जो आधे घंटे तक जारी रहा। जिससे मौसम में ठंडक घुल गई।

### जिला मुख्यालय पर भी गरज-चमक के साथ बरसे बादल

केवल ग्रामीण इलाकों में ही नहीं बल्कि शहर में भी सोमवार को बारिश हुई। मौसम विभाग ने भी दो दिन पहले संभावना जताई थी कि सोमवार को तेज बारिश या ओलावृष्टि हो सकती है। लेकिन शहर में ओलावृष्टि तो नहीं हुई, परंतु करीब 10 मीनिट तक बूंदाबांदी जरूर हुई जिससे मौसम में ठंडक घुल गई। इसके बाद बारिश थम गई, लेकिन ठंडी हवाओं ने लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया।

### होली पर भी भिगोएंगे बादल

मौसम पर्यवेक्षक सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि बारिश की संभावना बनी हुई है और अभी कुछ दिनों तक मौसम के यही हाल बने रहेंगे। उन्होंने बताया कि 8 मार्च को धुलेंडी के दिन भी बारिश के आसार हैं। इस दौरान यदि बारिश होती है तो आधे इंच से अधिक वर्षा हो सकती है।

## संतुलित भोजन, व्यायाम व सतर्कता से कई बीमारियों से बचा जा सकता है - डॉ सुमित सिसोदिया

**धार/आशीष पंचोली/दैनिक मालवा हेराल्ड/**शुगर, हार्ट जैसी कई बीमारियों से ज्यादातर बुजुर्ग प्रभावित है। शुगर पेशेंट को आहार में शक्कर, आलू, मूंग दाल, चावल का उपयोग कम करके शुगर से बच सकते है। मौसमी फल का उपयोग कम मात्रा में किया जा सकता है। तेज चलना भी एक आसान व प्रभावी उपाय है। ये विचार प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ सुमित सिसोदिया ने भोज शोध संस्थान के चिकित्सा सेवा प्रकल्प सुपर 60 प्लस के 62 वे शिविर में व्यक्त किए। डॉ सिसोदिया ने कहा कि इन दिनों वायरल व बुखार का प्रकोप क्षेत्र में देखा जा रहा है इससे घबराने की जरूरत नहीं है। मास्क का उपयोग करते हुए सुरक्षित दूरी बनाने का समय आ चुका है। शिविर की अध्यक्षता अपना 81 व जन्मदिन मनाते हुए बबनदास अग्रवाल ने की। स्वास्थ्य परीक्षण में वजन, ब्लडप्रेशर, शुगर व हृदय की जांच की व दवाइयां लिखी गई। जांच कार्य में सहयोग जी कोर व अंकित लोधा का रहा। अतिथियों का स्वागत नारायण जोशी, भगवत जाट, अशोक चौहान ने किया। शिविर में भजन प्रस्तुति नरवरसिंह ठाकुर, भगोरिया कविता नंदकिशोर उपाध्याय, रामचन्द्र सोलंकी, भगवान सोलंकी ने सुनाकर तालियां बटोरी। संचालन शिविर संयोजक दुर्गेश नागर ने किया।

## दिव्य योग संस्थान द्वारा महादौड़ का शुभारंभ 09 मार्च से

### 20 दिवसीय दौड़ देवास से अयोध्या तक जाएगी

**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** दिव्य योग संस्थान द्वारा दिव्य योगिक अयोध्या महादौड़ यात्रा का शुभारंभ 09 मार्च को प्रातः 8.30 बजे खेड़ापति मंदिर सयाजी द्वार से होगा। दिव्य योग संस्थान देवास के श्री राजेश बैरागी ने बताया कि यह महादौड़ यात्रा 20 दिवसीय होगी, जो कि देवास से प्रस्थान कर अयोध्या पहुंचेगी। इस महादौड़ यात्रा में आप सभी सादर आमंत्रित है।

**महादौड़ यात्रा मार्ग**

महादौड़ यात्रा देवास से प्रारंभ होगी। इसके पश्चात सोनकच्छ, आष्टा, सिहोर के पचामा पहुंचेगी, यहां से विदिशा चौराहा (भोपाल), सांची, कालापाठा, सुमेरदी (विदिशा), बंडा (जिला छतरपुर), हीरापुर रामजानकी मंदिर, गुलगंज तोलाबाला मंदिर, छतरपुर, हमीरपुर चुनीवाला, गोयरा मुगाली, बोंदा घाट-डमुली, ललितपुर, रायबरेली, जगदीशपुर, सेवटा तथा अयोध्या पहुंचेगी।

## महिला दिवस पर पुलिस अधीक्षक डॉ शिव दयाल सिंह की पहल, आम महिलाओं को अपराधों के प्रति जागरुक भी किया

**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।**सोमवार को पुलिस विभाग की ओर से महिला दिवस पर शहर की यातायात व्यवस्था महिला पुलिस बल द्वारा संभाली गई। सुबह से विभिन्न चौराहे पर महिला पुलिस तैनात थी और यातायात का सही पालन करने के लिए वाहन चालकों को निर्देशित किया। इस दौरान बस स्टैंड व अन्य मार्गों पर बसों में सवार महिलाओं को महिला पुलिस अधिकारियों द्वारा अपराधों के प्रति जागरूक करने व कोई भी परेशानी आने पर पुलिस को सूचना देकर सहयोग करने की बात भी कही। इस दौरान यातायात का सही पालन न करने को लेकर वाहन चालकों को हिदायत भी दी गई। उल्लेखनीय है कि महिला दिवस पर होली पर्व है। जिसके चलते शहर में एक दिन पूर्व महिला दिवस पुलिस विभाग द्वारा मनाया। यातायात थाना प्रभारी सुप्रिया चौधरी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार महिला दिवस मना रहे हैं। हमारा सभी महिलाओं से आग्रह है कि अपराधों से डरे नहीं, यातायात नियमों का पालन करे और पुलिस को सहयोग दे और अगर कोई भी अपराध होता है तो इसकी 100 नंबर पर सूचना दे।

## कलेक्टर श्री गुप्ता ने तीन आरोपियों को छःछः माह के लिए किया जिलाबदर

**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री ऋषव गुप्ता ने मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत तीन आरोपियों देपाल पिता अमरसिंह उम्र 43 साल निवासी कालापाठा थाना कांटाफोड, प्रकाश पिता देवीलाल साहू उम्र 42 साल निवासी मण डी गेट कन्नौद रोड़ खातेगांव एवं राज उर्फ लोकेन्द्र पिता सुनील चौहान उम्र 32 साल निवासी सुतार बाखल देवास थाना कोतवाली को छः-छः माह के लिए जिला बदर किया है। कलेक टर श्री गुप्ता ने आदेश दिया है कि आरोपी आदेश प्राप्ति से 24 घण्टे के भीतर जिला देवास एवं उसके आस पास के सीमावर्ती जिलों इन्दौर, उज्जैन, शाजापुर, सीहोर, हरदा, खण्डवा, खरगोन की राजस्व सीमाओं से बाहर चला जाए तथा जिला दंडाधिकारी न्यायालय की बिना पूर्व अनुज्ञा के प्रवेश नहीं कर सकेगा।

# कलेक्टर श्री गुप्ता की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी बैठक आयोजित

## टीएल प्रकरणों एवं समाधान ऑनलाइन शिकायतों का समय सीमा में निराकण करें »»जिले में जिन तालाबों में दिसम्बर तक पानी रहता है, उनमें मत्स्य पालन कार्य किया जाये

**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** समयसीमा संबंधी लंबित पत्रों के निराकरण की प्रगति तथा अंतरविभागीय समन्वय से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक कलेक्-टर श्री ऋषव गुप्ता की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री प्रकाश सिंह चौहान, अपर कलेक्-टर श्री महेंद्र सिंह कवचे, एसडीएम श्री प्रदीप सोनी सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे। समय-सीमा बैठक में विकासखण्-ड स्-तरीय अधिकारी वर्चुअल शामिल हुए।

बैठक में कलेक्टर श्री गुप्ता ने विभागवार टीएल प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि टीएल प्रकरणों एवं समाधान ऑनलाइन शिकायतों पर कार्यवाही कर समय-सीमा में निराकण करें। कलेक्टर श्री गुप्ता ने निर्देश दिये कि सभी एसडीएम अपने क्षेत्र के छात्रावासों का निरीक्षण अनिवार्य रूप से करें। जिले के सभी छात्रावासों में सामग्री स्व-सहायता समूह के माध्यम से ही खरीदें। जिन ग्रामों में नल जल योजना से पानी मिल रहा है, वहां पर शतप्रतिशत वाटर टैक्स कलेक्शन का कार्य स्व-सहायता समूह की महिलाओं से करायें।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने पीडब्ल्यूडी विभाग को निर्देश दिये कि देवास में स्?टेडियम में किये जाने वाले कार्यो के लिए एस् टीमेट बनाये। दि० यांग पुनर्वास केन्-द्र में पांच पदों के लिए आवेदन मांगे गये है। विज्ञापन की प्रति सभी एसडीएम और सीईओं अपने कार्यालय में नोटिस बोर्ड पर चस् पा करें। अधिक से अधिक नागरिकों तक जानकारी प्रसारित करें। सतवास, कांटाफोड़ और लोहारदा में फायर ब्रिगेड की व्यवस्था की जाये। जिला जेल अप्रोच रोड को सुधारें और जिला जेल में बोरिंग करें। जिले में जिन तालाबों में दिसम्बर तक पानी रहता है, उनमें मत स्य पालन कार्य किया जाना है। मत स्य पालन के लिए जानकारी एक सप्ताह में तैयार कर लें। सोनकच छ में ऑफ सीजन प् लॉट का कार्य शुरू करें।

कलेक टर श्री गुप् ता ने कहा कि ''मुख यमंत्री लाडली बहना योजना'' का शुभारम् भ हो गया है। जिले में लाडली बहना योजना में पात्र महिला हितग्राहियों के खाते खोलने एवं आधार से खातों को जोड़ने के लिए विकासखण ड स् तर पर कैंप लगाये जायें। ताकि सभी पात्र महिलाओं का पंजीयन किया जाकर यथाशीघ्र राशि उनके स् वयं बैंक खातों में अंतरित की जा सकें। योजना में मध यप्रदेश की 23 से 60 वर्ष के मध य की पूर्ण करने वाली विवाहित महिला को लाभ मिलेगा। प्रत येक पात्र महिला को 01 हजार रूपये प्रतिमाह के मान से राशि सीधे उसके आधार लिंक ड डीबीटी इनेबल ड बैंक खाते में जमा की जायेगी।

कलेक टर श्री गुप् ता ने कहा कि ग्राम पंचायतों में लगाये गये चाइल् ड लाइन के पोस् टर का प्रमाण-पत्र जिला मुख यालय पर भेजे। जिले में सेम (कुपोषित) बच चों का अभियान चलाकर सर्वे कर पोषण आहार केन्-द्र में ईलाज करें।

कलेक टर श्री गुप् ता ने सीएम हेल्पलाइन पर लम्बित शिकायतों की विभागवार समीक्षा की। कलेक टर श्री गुप्ता ने जिला अधिकारियों को सीएम हेल् पलाइन पर लम्बित शिकायतों का निराकरण कर रैंक सुधारने के निर्देश दिये। उन्-होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों को अगले लेवल में न जाने दें, पहली प्राथमिकता रखते हुए शिकायतों का त्वरित निराकरण करें। कोई भी शिकायत अनअटेंडेंट नहीं रहे। 100 दिवस से अधिक लम्बित शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता से संतुष्टि पूर्वक करें। उन्-होंने कहा कि सभी विभाग सीएम हेल्पलाइन पर लम्बित शिकायतों का निराकरण संतुष्टि पूर्वक करें। सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का एल-1 पर ही निराकरण करें। सभी शिकायतें शत-प्रतिशत निराकृत करें।

# 7 मार्च को होगा होलिका दहन व 8 मार्च को मनाई जाएगी धुलेंडी

## शांति समिति की बैठक में लिया गया निर्णय ››सोमवार 6 मार्च को होलिका दहन को लेकर भी कई समाज के मेसेज जारी हुए ›› अभी तक उहापोह की स्थिति!

**पचोर/हेमन्त कुमार शर्मा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** रविवार सायंकाळ को स्थानीय थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि होली का दहन 7 मार्च को तथा 8 मार्च को धूलेंडी पर्व मनाया जाएगा, गत दिवस तक पंचांग के अनुसार 6 मार्च को होलिका दहन व 7 मार्च को धुलेंडी पर्व मनाया जाना तय था लेकिन रविवार को हुई शांति समिति की बैठक में 7 मार्च को बोर्ड परीक्षा के मद्देनजर 7 मार्च को होली दहन व 8 मार्च को धुलेंडी पर्व मनाया जाना तय किया गया। बैठक में एसडीओपी जोइस दास, तहसीलदार सौरव वर्मा, नप अध्यक्ष विकास करोड़िया, उपाध्यक्ष रामभरोसे यादव, टी आई डी पी लोहिया,भाजपा नेता कमल सक्सेना भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य मनीष मन्नू यादव पंडित कैलाश तिवारी, हिंदू समिति अध्यक्ष संजय दीक्षित, सर्व हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष दीपक गोयल, दामोदर लहरी, सीताराम लहरी, मानव अधिकार संघ जिलाध्यक्ष राधेश्याम जायसवाल अमित बंसल अशरफ कुरैशी शरीफ लाला मुबारिक मंसूरी सन्देश राजोरे पंडित हेमंत शर्मा पुरुषोत्तम वैष्णव सूरज सिंह राजपूत राम धाकड़ अमित गोस्वामी संजय तिवारी सहित पत्रकार गण एवं अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



### परीक्षा के कारण किया परिवर्तन!

वैसे तो नारायण विजय पंचांग एवं धर्म सिंधु के अनुसार 7 मार्च को रात्रि में पूर्णिमा तिथि नहीं होने एवं 6 मार्च को ही पूर्णिमा होने से 6 मार्च को होलिका दहन एवं 7 मार्च को धूलेंडी पर्व शास्त्र सम्मत बताया गया है। शांति समिति की बैठक में उक्त जानकारी हेतु पंडित कैलाश तिवारी को भी बुलाया गया था। और उनके द्वारा भी 6 मार्च को होली दहन शास्त्र सम्मत करार दिया गया एवं 7 मार्च को धुलेंडी पर्व मानना पंचांग अनुसार बताया गया, लेकिन प्रशासन ने 7 मार्च को माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं बोर्ड की परीक्षा होने और राज्य शासन द्वारा 8 मार्च को अवकाश दिए जाने के कारण निर्णय लिया कि 7 मार्च को होलिका दहन व 8 मार्च को धुलेंडी पर्व मनाया जाएगा।

### तस्वीर अभी तक साफ नहीं!

शांति समिति की बैठक में 7 मार्च होलिका दहन व 8 मार्च धुलेंडी पर्व तय होने के बावजूद सोशल एवं सामाजिक मीडिया के कई ग्रुप पर अनेक समाज के लोगों ने होलिका दहन 6 मार्च व रंग गेर परंपरा 7 मार्च को ही मनाने की अपील की! इससे नगर में 6 मार्च की शाम तक भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है!

# पंडित प्रदीप मिश्रा की शिव महापुराण को लेकर बैठक का आयोजन

## राजनैतिक प्रतिद्वन्दता को दूर रख कर आयोजन को सफल बनाना है- मनोज सोमानी

**बदनावर/मनीष शर्मा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आगामी 24 मार्च से शुरू होने वाली पंडित प्रदीप मिश्रा के मुखारविंद से शिव महापुराण के आयोजन हेतु आयोजककर्ता मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री शरदसिंह सिसौदिया ने क्षेत्र की विभिन्न धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों, ग्रामीण क्षेत्र के कार्यकर्ताओं एवं शिव भक्तों की बैठक का आयोजन प्राची श्री होटल पर सोमवार शाम को किया। पहली बार कांग्रेस के सिसोदिया द्वारा बदनावर क्षेत्र में इस तरह का विशाल स्तर पर धार्मिक आयोजन हो रहा है। कार्यक्रम को सुचारु रूप से करने के लिए सिसोदिया ने भाजपा के वरिष्ठ नेता मनोज सोमानी को भी निमंत्रित किया जिन्हे इस प्रकार के धार्मिक आयोजन का अच्छा खासा अनुभव है। कार्यक्रम में सोमानी ने कहा की उक्त शिव महापुराण को सफल बनाना है तो राजनैतिक प्रतिद्वन्दता को दूर रख कर आयोजन करना होगा तभी कार्यक्रम सफल बनोगा। कार्यक्रम का संचालन देवपाल सिंह ने किया एवं शिव महापुराण कार्यक्रम हेतु अलग अलग कार्य समिति बनाने के बारे में बताया साथ ही खास कर डिस्पोजल सामग्री को कथा स्थल पर उपयोग नहीं करने के बारे में बताया। उक्त कार्यक्रम में शरदसिंह सिसोदिया के साथ कांग्रेस के बालमुकुंद सिंह गोतम, श्याम अग्निहोत्री, जिला पंचायत सदस्य अशोक डावर, निर्देश सोनगरा, श्याम अग्निहोत्री, भाजपा के गजेंद्र सिंह डोडिया, प्रजेंद्र भट्ट, परमानद पाटीदार, राजन जाट सहित कांग्रेस के कई कार्यकर्तगण उपस्थित थे। शिव महापुराण को व्यवस्थित रूप से सफल बनाने के लिए सिसौदिया को कई ऐसे कार्यकर्ता की आवश्यकता होगी जिन्होंने इस तरह के कार्यक्रम में बिना स्वार्थ योगदान दिया है। हालांकि धार्मिक आयोजन होने से सभी लोगो को नीसंकोच आयोजन में जुड़ना चाहिए ।



# संत गजानंद महारात के 103वें जन्मोत्सव में शामिल होने बालीपुर पहुंचे सीएम शिवराजसिंह चौहान, कार्यक्रम में लोगों को दिलवाई नशामुक्ति की शपथ

**धार/आशीष पंचोली/दैनिक मालवा हेराल्ड।** धार/मनावर. मैं मुख्यमंत्री के नाते नहीं गुरु और शिष्?य के नाते यहां बालीपुर धाम आया हूं। ये नशा मुक्ति अभियान के अभी हमनें संकल्प लिया है कि पहले शराब की दुकानों के साथ अहातें बंद होंगे। शराब की बोतल खरीदकर नशा करने के बाद लोग झूमते हुए घर पहुंचते थे। इससे परिवार की आर्थिक स्थिति पर असर तो पड़ता है। इसलिए मप्र की धरती पर हम नशा मुक्ति अभियान के तहत 1 अप्रैल से शराब दुकानों के सभी अहातें बंद करने जा रहे है। इसके अलावा नशे में वाहन चलाते पाए जाने पर लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई होगी। लगातार तीन बार शराब पीकर गाड़ी चलाते पाए जाने पर आजीवन लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा।

यह बात जिले के मनावर स्थित बालीपुरा धाम में संत गजानंद महाराज की 103वें जन्मोत्सव में पधारे मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने कही। उन्होंने मंच से नशा मुक्त कार्यक्रम में भाग लेकर लोगों को नशामुक्ति की शपथ दिलवाई। साथ ही मप्र को नशा मुक्त करने का संकल्प लिया। इस दौरान बालीपुरा धाम पहुंचकर उन्होंने संतों का आशीर्वाद लिया। साथ ही यहां आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान सीएम चौहान के साथ जिले के प्रभारी मंत्री प्रभुराम चौधरी, उद्योग मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव, सांसद छतर सिंह दरबार, पूर्व कैबिनेट मंत्री रंजना बघेल, भाजपा प्रदेश मंत्री जयदीप पटेल सहित अन्य मौजूद थे।



मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में ग्राम बालीपुर जिला धार में आयोजित ब्रह्मलीन संत श्री गजानन महाराज का 103वां जन्मोत्सव एवं वृहद नशामुक्ति शपथ ग्रहण कार्यक्रम भाग लिया। यहां पूज्य स्वामी जी ने मध्यप्रदेश तथा मध्यप्रदेश के बाहर के लाखों लोगों को सदबुद्धि और सन्मार्ग का रास्ता दिखाया है। मध्यप्रदेश के साथ-साथ धार की पवित्र धरती पर नशामुक्ति और लोगों को निरोग करने का अभियान चल रहा है जो काम सरकार नहीं कर पाती है, वह संतों के आशीर्वाद से सहज ही सिद्ध हो जाते है। नशा नाश की जड़ है। बुद्धि भी हरती है। स्वास्थ्य खराब होता है और परिवार भी परेशान होता है। हमने तय किया है कि 1 अप्रैल से शराब के सभी अहाते बंद कर दिए जाएंगे।

शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के विरुद्ध अब और कड़ी कार्रवाई की होगी। शराब पीकर गाड़ी चलाने पर एक्सीडेंट होने पर चालक जेल तो जायेगा ही, लेकिन तीसरी बार पकड़े जाने पर लाइसेंस कैंसिल कर दिया जाएगा और गाड़ी चलाने की अनुमति नहीं मिलेगी। बहनों के सशक्तिकरण के लिए मैंने निकाय चुनाव में 50 प्रतिशत रिजर्वेशन दिया, तो पचास प्रतिशत से अधिक बहनें चुनकर आई और सरकार चलाने में अपना अभूतपूर्व योगदान दे रही हैं। बहनें सशक्त होंगी, तो परिवार, समाज और देश सशक्त होगा। इसलिए मैंने लाडली बहना योजना बनाई। इसमें प्रतिमाह बहनों को रु.1 हजार दिए जाएंगे। इस योजना का लाभ मेरी उन सभी बहनों को मिलेगा, जिनकी सालाना आमदनी ढाई लाख रुपए से कम और 5 एकड़ से कम जमीन हो।

लाडली बहना योजना में आवेदन के लिए मेरी बहनों को भटकना न पड़े, इसलिए वॉर्डो और गांवों में शिविर लगवाकर इसके फार्म भरे जाएंगे। 25 मार्च से 30 अप्रैल तक आवेदन भरे जाएंगे और 10 जून को योजना की राशि बहनों के खाते में जमा होगी। मेरे भाइयों आप सभी जानते हैं कि नशा नाश की जड़ है। इसके कारण स्वास्थ्य भी खराब होता है और पैसा भी बर्बाद होता है। अत~ जो नशा करते हैं, उनसे मेरी अपील है कि नशा मुक्ति का संकल्प लें और परिवार, समाज, प्रदेश एवं देश की उन्नति में साझीदार बनें।

# उपज मंडी आगर में 7 एवं 8 मार्च को रहेगा अवकाश

**आगर-मालवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कृषि उपज मंडी आगर में 07 एवं 08 मार्च का होली पर्व अवकाश रहेगा। अवकाश दिनों में उपज नीलामी कार्य बंद रहेगा। जिले के कृषक उक्त दिनों में अपनी उपज विक्रय हेतु मंडी प्रांगण में नहीं लाए। मंडी सचिव ने बताया कि अवकाश के दौरान किसान फार्म गेट एवं सौदा पत्रक के माध्यम से अपने कृषि उपज का विक्रय मंडी अनुज्ञप्ति धारियों व्यापारियों को कर सकेगे।

## हिचकियों का सिलसिला

*हिचकियों के सिलसिले थमने का नाम नहीं लेते,*
*शायद आज भी कोई शिद्दत से याद करते है।*
*जिसकी हर साँस में, एहसास बनकर घुली थी मैं,*
*शायद आज वह मोहब्बत की बात कर रहे हैं।*
*यकीन है मेरा जिक्र कर, आज भी वह दिल से मुस्कुराते होंगे,*
*पैमाने की गर बात करूँ, घूंट पानी की ही लगाते होंगे।*
*हमारी कमी का एहसास, कभी फुर्सत में याद कीजिएगा,*
*हम तो हर पल याद करेंगे, हिचकियाँ आए तो माफ कीजिएगा।*
*सिर्फ लफ्जों की नहीं, तेरी रूह से रूह तक,*
*रिश्ता है...*
*हर लम्हें, हर हाल में आएगी तुझे हिचकियाँ,*
*तू जिंदगी का एक अहम हिस्सा है मेरा।*

**-रत्ना मजूमदार**

## प्रेम की बहार

*लो जी मौसम सुहाने आ गए*
*प्रेम की खुशबू महकाने आ गए।*
*ये फूलों की खुशबू और कलियों के*
*बागों में खिलने के जमाने आ गए।*
*प्रेम के इजहार के जमाने आ गए*
*इन्कार, इकरार के ज़माने आ गए।*
*ये ऋतु ये मौसम बांवरा सा ये मेरा*
*मन उड़ने लगा तितलियों की तरह।*
*हर तरफ कोयल की कुक मधुर*
*झरनों की कल कल का शोर मधुर।*
*मन को मेरे मानो पर लग गए हैं*
*जिधर जिधर तक ये नजरें जा रहीं*
*हर कोई मस्ती में डूबा नजर आ रहा।*
*पीले पीले सरसों के फूल और खेतों में*
*हरियाली की शोभा बढ़ाते यूँ लगे है।*
*मानो मेरी धरती माता ने श्रृंगार किया*
*अपने प्रियतम नीले नीले अम्बर के लिए।*
*देखो ना आया प्यार का इकरार का मौसम*
*ये प्रेम की खुशबू से महक उठा संसार सारा।*
*इस मौसम में खुशी से झूम उठा सारा संसार*
*तन मन महक उठा है प्रकृति ने किया जो श्रृंगार।*
*मौसम सुहाने आ गए हैं प्यार के जमाने आ गए*
*इन्कार, इकरार और इज़हार के जमाने आ गए।*

**- दुर्गेश नन्दिनी नामदेव**

## ऐकता अउ खुशहाली के होली तिहार*

*होली अइसे खेलहु कि सब ला खुशी होये,*
*अइसे झन खेलहु कि मां बाप के नाम बदनामी होये. !*

*हरियर,पिवरी,लाल,गुलाबी लगाहु सबला रंग जी,*
*भाई-चारा के रिश्ता निभाहु सबला रखहु संग जी. !*

*मया-पिरित के गोठ गोठियाहु बबा-दाई ला रंग लगाहु,*
*उत्साह-उमंग के साथ मनाहु होली तिहार जी. !*

*ऐकता अउ खुशहाली के तिहार ये,*
*येला भगवान भी मनाये बर करथे इंतिजार ये. !*

*बबा के गीत जोरदार हे.. होली खेले रघुबीरा अवध में,,*
*इही हमर संस्कृति अउ परम्परा जोरदार हे. !*

**- परमानंद सिवना (परमा)**

## ऐसी होली चलो फिर मनाएंगे हम

*आज रंगों का उत्सव*
*मनाएंगे हम*
*मिलकर अपनों के संग*
*खिलखिलाएंगे हम..।।*

*भूल शिकवे गिले*
*फिर मिलेंगे गले*
*फिर से संबंध मिलकर*
*निभाएंगे हम..।।*

*आज यादों को फिर*
*ताज़ा हो जाने दो*
*फिर से रंगों की खुशियां*
*मनाएंगे हम..।।*

*भाईचारे की बुनियाद*
*मजबूत हो*
*ऐसी होली चलो फिर*
*मनाएंगे हम..।।*

*सबकी पिचकारी में*
*रंग खुशियों का हो*
*सबके चेहरे पर मुस्कान*
*लाएंगे हम..।।*
*सबके चेहरे पर मुस्कान*
*लाएंगे हम..।।*

**-विजय कनौजिया**

## नवजीवन आरंभ की हार्दिक शुभकामनाएं प्रिय

*सफ़र नया अब शुरू हो रहा, साथ आपके साजन।*
*थोड़ी खुशी से थोड़े गम से, सुखमय कटे ये जीवन।।*

*पग से पग मिलाकर चलें, हों जैसी भी राहें।*
*हाथों में थामें हाथ हम, हर मंजिल को पा लें।।*

*बांट लें लेंगे सब आधा आधा, गम हो या खुशी।*
*विपरीत परिस्थितियों में भी कभी, रूठे ना हमसे हँसी।।*

*संघर्षशील इस जीवन का, हम ही एक दूजे का सहारा हो।*
*सुन लें बातें दिल की सभी, भले लफ्ज़ों से न पुकारा हो।।*

*कुछ वादे कुछ इरादे कुछ भाव नए पक्के करते हैं।*
*खूबसूरत नए सफर की कुछ यादें इकठे करते हैं।।*

*जनम जनम के इस पावन बंधन में, जन्मों के लिए जुड़ जाएं।*
*जीवन के इस नए सफर की प्रिय आपको हार्दिक शुभकामनाएं।।*

**- रीता प्रमोद प्रधान**

## मै भी रंगों ने रंगना चाहती हूँ

*इस फागुन में रंग दे मुझे,*
*मल दे गुलाल मुझे,*
*इस रंगों की होली में,*
*सरोबार कर दे मुझे ।*

*कब तक बचूँगी रंगों से,*
*कब तक दूर रहूंगी रंगों से,*
*इस रंगीली दुनिया के रंगों से,*
*दुनिया के रंगों में रंग दे ,रंगों से ।*

*मै भी रंगना चाहती हूँ,*
*रंगीन होना चाहती हूँ,*
*रंगों में बसना चाहती हूँ,*
*कोई तो आकर रंग दे ,यही चाहती हूँ ।*

*सफ़ेद वस्त्र पहनते पहनते थक गई हूं,*
*इस शैतानी नजरो से बचते बचते थक गई हूं,*
*मेरी मनोदशा समझाते समझाते थक गई हु,*
*समाज से समझौता करते करते थक गई हूं,*
*मै भी रंगों में रंगना चाहती हूं,*
*रंगों से रंग जाना चाहती हूँ,*

*काश...कोई तो आकर रंग दे मुझे,*
*इस फागुन में रंग दे मुझे,*
*रंगों से तर बतर कर दे मुझे,*
*रंगों से तर बतर कर दे मुझे,*
*इस फागुन रंग दे मुझे ।।*

**-डॉ.संजय कुमार मालवी (आदर्श)**

# महिला मोर्चा कार्यकर्ताओ ने देखा लाड़ली बहना योजना शुभारंभ का लाईव प्रसारण

**सुसनेर-दैनिक मालवा हेराल्ड।** रविवार 5 मार्च को मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने भोपाल के जम्बूरी मैदान से अपने जन्मदिन के अवसर पर प्रदेश की बहनों को उपहार देते हुए दोपहर 2 बजे लाड़ली बहना योजना 2023 का शुभारंभ किया। जिसका लाईव प्रसारण स्थानीय न्यू बस स्टेंड सुसनेर पर स्थित भाजपा महिला मोर्चा मण्डल कार्यालय पर महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष आशा विष्णु भावसार के नेतृत्व में महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओ ने इस कार्यक्रम का टीवी पर लिंक के माध्यम से लाईव प्रसारण देखा।

# सालिडरीडाड संस्था द्वारा महिला दिवस केउपलक्ष्य मे महिलाओ को दिया गया प्रशिक्षण

**सुसनेर-दैनिक मालवा हेराल्ड।** सालीडरीडड संस्था द्वारा स्मार्ट एग्री प्रोजेक्ट के तहत सुसनेर ब्लाक के विभिन्न गाँवो में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। संस्था द्वारा साप्ताहिक महिला दिवस मनाया जा रहा जिसमे महिला किसानो को जैविक खाद किस तरह बनाते हे और इसके फायदों के बारे विस्तार से बताया। जीवाअमृत, दसपरनी,कंडा टॉनिक,वर्मी कम्पोस्ट आदि कैसे तैयार करते हे और इसके क्या क्या फायदे हे जिसकी जानकारी दी गई। एंव किसानो को संस्था द्वारा लगाए गए वेदर स्टेशन से मौसम संबंधित जानकारी हर सप्ताह निशुल्क जानकारी प्राप्त हो रही हे। मो.7065005054 नंबर पर मिसकाल लगाकर ये जानकारी प्राप्त कर सकते हे संस्था द्वारा अच्छा खाये अच्छा बोये के तहत महिलाओ को पोषण वाटिका लगाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। अपने खाने मे सोयाबीन का प्रयोग और हरि सब्जियों का प्रयोग करने की सलाह दी इसके लिए संस्था द्वारा निरंतर प्रतिदिन ट्रेनिंग मीटिंग की जारही है। वर्मी बेग,ऑनलाइन ट्रेनिंग,यलो कार्ड,सोलर ट्रेप आदि के बारे मे विस्तार से जानकारी देने के साथ नई तकनीकी के बारे मे बताया गया। संस्था से यह कार्यक्रम मुकेश जैन, न्यूट्रिशन कंचन पाल,पेरावरकर खुशबू जैन द्वारा किये जारहे है।



# नारियों का सम्मान ही महिला दिवस

महिला दिवस का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण होना चाहिए;-

नारी तुम शक्ति स्वरूपा हो
नारी तुम श्रद्धा समर्पण हो,
नारी तुम आस विश्वास हो
नारी तुम सृष्टी का विकास हो।÷

ऐसे महान नारी शक्ति को नमन है,जिनके मात्र उपस्थिति से शक्ति,सामर्थ्य,और समृद्धि की श्री वृद्धि हो जाती है।इसीलिए इनको शक्ति स्वरूपा कहा जाता है।मानव जाति के लिए नारी ही एक ऐसा आधार है,जो मानव को सामर्थ्यवान बनाती है,मानव का प्रेरणाश्रोत बनती है।मानव का मार्गदर्शक बनती है।यह भी कहा जाना अतिश्योक्ति नही होगी की-

एक नारी सभी पर भारी,
नारी के बिना जग अंधियारी।
नारी है तो जग उजियारी
नारी से ही उपजी सृष्टी सारी।

नारियों के सम्बन्ध में यह कहा जाता है की जहाँ नारियों की प्रतिष्ठा होती हैं,सम्मान होता है,जहाँ नारियाँ पूजी जाती है,वहीं देवताओं का वास होता है।

अक्षरशः सत्य बात है,बिना नारियों के सम्मान के,नारियों के प्रतिष्ठा के, घर नहीं बनता, परिवार,मानव समाज में सुखद जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती।मानव समाज को जोड़ने,मानव समाज को समृद्ध और संस्कारवान बनाने का यदि किसी ने सार्थक काम किया है तो वह है नारी शक्ति।


नारी को शक्ति स्वरूपा कहा गया है,तो इनको यूँ नहीं कहा गया है।इनके पास शक्ति के साथ क्षमा भी है।पीड़ा के साथ धैर्यता भी है।सर्जक के साथ संहारक भी हैं।माता के साथ सम्पूर्ण नाता भी है।तभी तो कहा गया है-

नारी तुम मात्र,जग में महान हो
सृष्टि के विकास की,पहचान हो।
तुम ही आदि-अंत की,विधान हो
तुम ही ईश्वर की बड़ी,वरदान हो।

उपरोक्त शक्तियों के श्रोत माता शक्ति के बारे मे जितना भी कहा जाय कम है।यदि हम कोई विशेष बात करें तो वह है नारी सम्मान की, नारी अस्मिता की, नारी सशक्तिकरण की, नारी के अधिकार की।और इस पर मानव समाज को शासन, प्रशासन को, विशेष पहल करने की आवश्यकता है।और इन सब बातों पर जब विशेष पहल होगी तो निश्चित ही नारी जाति का सम्मान होगा।हमारा सामाज भी गौरवान्वित होगा।हम आए दिन नारी सशक्तिकरण की बात करते हैं,मात्र बात करने से कुछ नही होगा,उस पर हमे जमीनी स्तर पर काम करना होगा।उनके अधिकार के लिए हमे आगे आना होगा।हमे उनके लिए समर्पित होना होगा।

इसी आशा विश्वास और अपैक्षा के साथ दे नमन है-
नारी से सारा जहान है
नारी ही जग मे महान है,
तू ही शक्ति की खान है
तू ही ऊर्जा, क्षमतावान है।

**-अशोक पटेल आशु**



# टपलू भालू का होली हुड़दंग

## [ बाल कहानी ]

आज़ प्रेम वन में राजा शेखर शेर और प्रेम वन के साथियों की बैठक आयोजित की गई थी।सब लोग आज़ शेखर शेर के दरबार में उपस्थित थे।

होली उत्सव में एक सप्ताह पहले लगातार बीस वर्षों से यह बैठक राजा शेखर शेर के दरबार में आयोजित होते रहते हुए आ रहा था।इसलिए प्रेम वन के साथियों के लिए कुछ भी नयापन होने की सम्भावना नहीं दिखाई दे रही थी।फिर प्रेम वन के सभी साथियों के आने पर राजा शेखर शेर ने सब साथियों को मिलजुलकर होली उत्सव मनाने का सख्त निर्देश दिए।

फिर प्रेम वन के साथियों को होली की ढेर सारी शुभकामनाएं दी और सब आए हुए साथियों को मिठाई और बुंदी खिलाएं।सब साथियों को यह सम्मान पाने का एक अच्छा अनुभव लगा।सब लोगों ने होली उत्सव में हर्बल रंगों के साथ साथ अबीर गुलालप्रयोग करते हुए रंगों के इस पावन पर्व को मनाने पर सामुहिक सहमति दे कर अपने अपने घरों की ओर चल पड़े।टपलू भालू शुरू से ही बदमाश था।उसे अपने राजा शेखर शेर की बातें अच्छी नहीं लगी थी।

परन्तु दरबार में वह कुछ कहकर अपनी स्थिति ख़राब नहीं करवाना चाहता था।वह चुपचाप वहां से निकल कर अपने प्रेम वन के सबसे पक्के मित्र सैंडी बन्दर के घर गया।दरबार से निकलकर सैंडी बन्दर अपने घर पहुंच चुका था। इसलिए टपलू भालू को देखते ही कहा,आओ मित्र आओ।हमलोग मिलजुलकर होली हुड़दंग की योजना बनाते हैं।सैंडी बन्दर को यह पता था कि यह टपलू भालू होली उत्सव में कुछ हुड़दंग अवश्य करेगा। इसलिए उसके मन की बातें जानने के लिए सैंडी बन्दर ने ही यह प्रश्न कर दिया।हां मित्र इस बार कुछ विशेष हुड़दंग की मन में योजना है।

तुम तो मेरे सबसे पक्के मित्र हों, इसलिए यह बात तुम्हें तो बतानी ही होंगी।इसलिए यहां तुम्हारे घर पर आया हूं।यह सुनकर सैंडी बन्दर खूब जोर से खिलखिलाकर हंसने लगा।सैंडी बन्दर को खिलखिलाकर हंसते हुए देखकर टपलू भालू को भी खुब हंसी आ गई।फिर दोनों दोस्तों ने होली हुड़दंग की बातें करने लगे।

टपलू भालू ने बताया कि इस बार हम और तुम मिलकर प्रेम वन के कौशल सभागार में जहां होली उत्सव मनाने की व्यवस्था की गई है,हम दोनों पिचकारी में रंग भर कर होली त्योहार तो मनाएंगे परन्तु रंग भरी पिचकारी से रंग की फुहार देने के बाद हमलोग मिलजुलकर सभी साथियों को रंग बिरंगी टोपी पहनाएंगे।उस टोपी के अन्दर रसायन से बने रंगों को भरकर रख देंगे।टोपी पहनाने के वक्त साथियों को कुछ पता नहीं चल पाएगा।फिर हम दोनों एक दूसरे की मदद से उन सभी साथियों के टोपियों पर पिचकारी से रंग बिरंगी रंगों की फुहार करेंगे।चूंकि सभी साथियों का समागम रहेगा,इस कारण किसी को हम दोनों की योजना का पता नहीं लगेगा और सब लोग इस रसायन से बने रंगों को छुड़ाते छुड़ाते परेशान हो जाएंगे।

भीड़भाड़ में पचासों साथियों की भीड़भाड़ रहेंगी।कोई साथी हम दोनों की इस हरकत को जान नहीं पाएगा। होली के दिन सब प्रेम वन के साथियों का कौशल सभागार में जमावड़ा लगा।सब लोग अपने अपने घरों से बड़ी बड़ी बाल्टियों में रंग बिरंगे रंगों को भरकर लाए हुए थे। बड़ी -बड़ी पिचकारियांप्रेम वन के साथियों के पास थी।

सब लोग अपने अपने पिचकारियों से रंग देकर खूब मज़े लेने में लगे हुए थे। प्रेम वन में राजा शेखर शेर निर्दोषों का अनुपालन किया जा रहा था। सबलोग हर्बल रंगों का व्यवहार करते दिखें।फिर रंग बिरंगे रंगों से सराबोर साथियों को टपलू भालू ने कौशल सभागार के बीच में अपने पक्के मित्र सैंडी बन्दर के साथ सभी साथियों को रंग बिरंगी टोपी पहनाने लगे।तीस चालीस टोपी पहने रंगों में सराबोर प्रेम वन के साथियों का उत्साह देखते बन रहा था।फिर टपलू भालू ने अपनी शरारत शुरू की।सैंडी बन्दर और टपलू भालू ने अपनी अपनी पिचकारी से रंग डालना शुरू कर दिया।

टोपी पहने सभी साथियों को टोपी पहन कर फोटो खिंचवाने में खूब मज़ा आ रहा था। कोमल हिरण तरह तरह के पोज़ में फोटो खींचने में व्यस्त थीं।फिर टपलू भालू और सैंडी बन्दर की यह शरारती खेल अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया।

सभी साथियों के चेहरे पर रसायन रंगों की लार टपकना शुरू कर दिया। सब साथियों को यह आश्चर्यजनक लग रहा था परन्तु कोइ समझ नहीं पा रहा था। फिर सब लोग कौशल सभागार में सामूहिक होली खेलने के बाद अपने अपने घरों के लिए चल पड़े। घर में सब लोग टोपी के नीचे से रसायन रंगों की महक सुनकर हतप्रभ थे। प्रेम वन के साथियों को पता ही नहीं चल पाया रहा था कि आखिर राजा शेखर शेर की सख्त हिदायत के बावजूद यह कैसे हो गया।

प्रेम वन के साथियों को अपने शरीर में लगें हुए रंगो को छुड़ाने में तीन से चार घंटे लगे।सब परेशान थे परन्तु प्रेम वन किसी भी साथियों को टपलू भालू के होली हुड़दंग की यह शरारत समझ में नहीं आ रहा था। सैंडी को होली हुड़दंग मचाने में साथ देने वाले अपने पक्के साथी सैंडी बन्दर को खूब शाबाशी देते हुए होली उत्सव की बधाई देते हुए खुद को बहुत भाग्यशाली समझ रहा था कि मुश्किल होली हुड़दंग मचाने में मित्र सैंडी बन्दर ने भरपूर मदद जो किया था।



**डॉ.अशोक,पटना,बिहार।**

# किआरा अडवाणी ने ब्रांड के नए चेहरे के रूप में स्लाइस के नए विज्ञापन में अपना एलिगेंट टच जोड़ा-



**जीएनएस।** बॉलीवुड की गोल्डन गर्ल कियारा अडवाणी एक ऐसी सुपरस्टार हैं जो अपने सुपरस्टारडम के उदय के साथ सभी सही बॉक्स को टिक कर रही हैं। सफल फिल्मों की लगातार लिस्ट से लेकर इंटरनेट पर लोकप्रियता के चरम पर पहुंचने और ब्रांडों की एक लंबी सूची पर हस्ताक्षर करने तक, सुनहरे स्पर्श वाली यह लड़की कोई कसर नहीं छोड़ रही है। बढ़ते सुपरस्टारडम में जोड़ते हुए, अभिनेता को स्लाइस के नए चेहरे के रूप में शामिल किया गया है, जो एक प्रतिष्ठित ब्रांड है जो पूरे देश में अपनी व्यापक लोकप्रियता के लिए जनता के साथ सरहाया जाता है।

ब्रांड के लिए नए लॉन्च किए गए टीवीसी में खूबसूरती और नज़ाकत के अपने पर्सनल टच को लाते हुए, कियारा अडवाणी विज्ञापन में हॉट और क्यूट का एक सही मिश्रण पेश करते हुए हर तरह से मोहक दिखती हैं।

हर कदम के साथ ऊपर की ओर बढ़ते हुए, कियारा अडवाणी ने सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ अपनी शादी के तुरंत बाद काम में गहराई से प्रवेश कर लिया है। सोशल मीडिया पर उनकी शादी की पोस्ट को भारत में किसी भी सेलिब्रिटी की सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली शादी की तस्वीर बताया गया। फिल्म की शूटिंग और बैक-टू-बैक ब्रांड घोषणाओं से भरे हुए, एक बार फिर से एक पैक्ड शेड्यूल की प्रतीक्षा करते हुए, यह सब पुरस्कारों और प्रशंसाओं की जीत के बीच है, जहां हाल ही में विभिन्न अवार्ड शो में कियारा को 'स्टार ऑफ द ईयर' और 'परफॉर्मर ऑफ द ईयर' चुना गया। उन्होंने निसंदेह अपना जादू चारों ओर बिखेरा है।

2022 के सबसे प्रभावशाली कलाकारों में से एक मानी जाने वाली, बहुमुखी अभिनेत्री ने 2021 में शेरशाह से लेकर, पिछले साल भूल भुलैया 2, जुगजुग जीयो और गोविन्दा नाम मेरा तक अपनी लगातार हिट फिल्मों के लिए अपार सराहना हासिल की है। प्रतिष्ठित राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ब्रांडों की एक श्रृंखला के चेहरे के रूप में हस्ताक्षर किए जाने के लिए भी अभिनेत्री की काफी मांग है। जनता के बीच उनकी लोकप्रियता के परिणामस्वरूप उन्हें विभिन्न प्रकार के ब्रांडों - पेय पदार्थों से लेकर महिला स्वच्छता उत्पादों तक का एंबेसडर बना दिया गया है।

कियारा अब एस शंकर की आगामी फिल्म आरसी -15 और सत्यप्रेम की कथा के सेट पर फिर से अपनी व्यस्त दिनचर्या शुरू करेंगी।


## गज़ल

*जिस दिन रोकड़ा की हमें दीद हो जाए*
*उस दिन मेहनत कशों की ईद हो जाए*
*कहलाता है वही राष्ट्रभक्त यहाँ पर*
*जो भगतसिंह जैसा ही शहीद हो जाए*
*चले रोज-रोज महाभारत संसद में*
*सांसद की करोड़ों में खरीद हो जाए*
*जो दिया रख लिया है जेब में चुपचाप*
*इस तरह बाबू की रोज़ ईद हो जाए*
*जब भी आता है देता तुझे भरपेट*
*तब वही तो तेरे लिए रसीद हो जाए*
*जिसे भी भेजते संसद में फिर उसकी*
*कृपा से सबकी मट्टी पलीद हो जाए*
*अंधेरे घरों को मिले रौशनी 'रमेश'*
*अब हर नेता से ये उम्मीद हो जाए*

*-रमेश मनोहरा*

# मरजीना के शहजादा से शादी करने के लिए राजी होने के साथ क्या यह अली की प्रेम कहानी का होगा अंत?





**जीएनएस।** 'अलीबाबा- एक अंदाज़ अनदेखा' सोनी सब का सबसे बड़ा फैमिली एंटरटेनर है। इसमें अली (अभिषेक निगम) को उसके कई साहसिक कारनामों और अपने देश की बुराइयों से लड़ने की कहानी दिखाई गई है। मरजीना (मानुल चुडासमा) को खोजने के बाद अली ने उसे पाने के लिए संघर्ष किया। लेकिन धीरे-धीरे उसे पता चला कि मरजीना एक शहजादा के प्रति सम्मोजहित थी और वह तब तक लाचार बना रहा जब तक उसे यह पता नहीं चल गया कि शहजादा वास्तव में एक जानवर है जो अपने आस-पास के कई लोगों की जान ले चुका है।

आने वाले एपिसोड्स में मरजीना शहजादा से शादी करने के लिए राजी हो जाएगी। शादी के बंधन में बंधने के साथ अली उस जानवर के सामने बेबस हो जाएगा। अपनी मुहब्बत को बचाने की अंतिम कोशिश में क्या अली कोई योजना लेकर आएगा या यह उसकी और मरजीना की प्रेम कहानी का अंत है?

मरजीना की भूमिका निभा रही मानुल चूड़ासमा ने कहा, मरजीना और अली शुरू से ही एक-दूसरे के साथ रहे हैं। मरजीना अभी भी अपने होश में नहीं है, इसलिए उसके लिए अली की मुहब्बत को पहचानना थोड़ा मुश्किल होने वाला है। वह शहजादा की असली पहचान से भी अनजान है। मुझे लगता है कि दर्शक वास्तव में इस सप्ताह की कहानी को पसंद करेंगे; यह निश्चित रूप से ड्रामा, प्यार और रोमांच से भरपूर होने वाला है।

**देखते रहिए 'अलीबाबा एक अंदाज़ अनदेखा - चैप्टर 2', सोमवार से शनिवार, शाम 7 बजे सिर्फ सोनी सब पर**

## [ बाल कहानी ]

लाजपत नगर के मशहूर मंगला मोहल्ले में चौंतीस लोगों का परिवार रहता था।यह एक ऐसा मोहल्ला था जिसकी चर्चाएं आस पास के मोहल्ले में भी होती रहती थी।हर उत्सव त्योहार में सब लोग मिल-जुलकर उत्सव और त्योहार मनाते थे। गणेश चतुर्थी के त्योहार की तो क्या कहने, लगता था कि स्वर्ग की खुशबू जमीन पर उतर आई है। सब परिवार के लोगों में मिल्लत थी। सब लोग एक दूसरे की मदद करने में अपनी खुशियां तलाशते रहते थे। बच्चों में भी खेलकूद प्रतियोगिता से लेकर अन्य सामाजिक समरसता के कामों में मदद करने की इच्छा रहती थी।शल तो उम्र में चौदह वर्ष का था परन्तु बड़े बड़े लोगों की सुझबुझ से अपने बाल टोली का कप्तान था।आज़ लाजपत नगर के शालीमार बाग में क्रिकेट खेलने के बाद अपने सब साथियों को अपने घर पर दही की मीठी मीठी छाछ पिलाने की बात कहकर अपने घर में ले गया।

शल ने अपनी मम्मी को इस सम्बन्ध में पहले ही कह चुका था। शल की मम्मी सब बच्चों के लिए छाछ तैयार कर रखीं थीं। शालीमार बाग से लौट कर आने के बाद वह अपने सब टोली के साथियों को तीन तल्ले मकान के छत पर ले गया।शल की मम्मी को उनके साथियों की खबर मिलते हीं उसने आठ बच्चो के लिए ग्लास में छाच भरकर घर के सेवक रामू से छत पर भिजवा दी। छाच पीकर सब बच्चे मस्त हो गये। फिर सबने ?शल की मम्मी को बधाई देने की सोची। यह बात चल ही रही थी कि शल की अम्मी आकर बच्चों को होली हुड़दंग उत्सव में शामिल होने का निमंत्रण दे दी।सब बच्चों ने जांच के लिए ?शल की अम्मी की प्रशंसा करते हुए फिर आने की बात कही।अब शल ने एक प्रस्ताव रखा। अपने टोली के साथियों को इस बार बार शहर के गरीब बच्चों के साथ होली उत्सव मनाने की बात कही। तब रमेश ने कहा तो क्या अपने मोहल्ले में इस बार हम लोग होली नहीं मनाएंगे।

तब गम्भीर हो कर शल ने जवाब दिया, क्यों नहीं ?सबसे पहले हम लोग शिकारगढ़ जाएंगे।वहां गरीब बच्चों को रंग बिरंगी अबीर और गुलाल लगाएंगे। मिठाईयां बांटेंगे। होली की टोपी पहनकर हम उन वंचित समाज के बच्चों संग होली खेलेंगे। मिठाईयां बांटकर ग़रीब बच्चों के संग उत्सव का आनन्द लेंगे। उपहार स्वरूप मिठाईयां और टोपी बांटेंगे। अम्मी को मैंने पहले ही पचास पुए बनाने के लिए कह दिया है। तुम सब भी अपने अपने घरों से पुआ पुरी लेते आना। हम सबको मिलकर इस वर्ष की होली यादगार बनाना है। सब दोस्तों ने तालियां बजाकर ?शल के प्रस्ताव का समर्थन किया। तभी पिंकू ने बताया कि मैं अपने घर से दही बड़ा लेकर आऊंगा। शेखर ने कहा कि मैं अपने घर से बच्चों के लिए सुजजी की बनी पेडुकीया लाउंगा। हर्ष ने सुखी मिठाई और बुंदी लाने की बात कही। प्रदीप ने अपने घर में दादी जी के द्वारा बनाए गए हर्बल गुलाल लाने में अपनी सहमति दिखाई। तब नकूल ने कहा कि मैं अपने पापा को कहकर अपने पापा की इनोवा कार लेकर शिकारगढ़ जाएंगे। अब सब चीज लगभग तय हो चुका था। निर्धारित तिथि को होली उत्सव मनाने सब लोग नकूल के पापा के इनोवा कार से शिकारगढ़ गये। खूब रंग बिरंगी अबीर और गुलाल से होली खेली गई। वहां वंचित समाज के बच्चों को यह होली उत्सव यादगार होली उत्सव बन गया। लौटते समय सब बच्चों को पुआ पुरी के साथ साथ सुखी मिठाईयां और रंग बिरंगी टोपियां बांटी गई। रंगों से सराबोर सब बच्चों के माता-पिता बड़े खुश नज़र आ रहे थे। उनके माता-पिता ने ? शल और उसकी टोली के सब बच्चों को होली की ढेर सारी बधाइयां और शुभकामनाएं दी। घर में बने हुए पुआ और सुखी मिठाईयों से सत्कार किया गया। शल और उसके टोली के सब बच्चे आज़ खूब खुश नजर आ रहे थे। फिर सब बच्चों ने शिकारगढ़ के बुजुर्गो से आशीर्वाद लेकर दोपहर तक अपने मुहल्ले में थे। मोहल्ले के सब लोग बच्चों का इंतजार कर रहे थे।


शल ने वंचित समाज के बच्चों के साथ होली खेलने का पूरा ब्यौरा अपने माता पिता को दी।यह सबकुछ जानकर मंगला मोहल्ले के लोग काफी खुश हुएं।उन्हें अपने बच्चों के इस पराक्रम पर खूब खुशियां मिल रही थी।फिर मंगला मोहल्ले में होली उत्सव शानदार ढंग से मनाया गया।सब बच्चों में एक दूसरे को रंग बिरंगी अबीर और गुलाल लगाने की होड़ दिखीं। शल के साथियों ने खूब मस्ती से होली हुड़दंग मचाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। आज़ सन्ध्या समय में होली मिलन समारोह में शामिल होने आए लोगों में बस ? शल और उसके टोली में शामिल बच्चों के द्वारा शिकारगढ़ जाकर वंचित समाज के बच्चों के साथ होली खेलने की पूरजोर चर्चा थी। मंगला मोहल्ले के लोग अपने बच्चों की इस अद्भुत अन्दाज से काफी खुश थे। शल और उसकी टोली में शामिल बच्चों ने लाजपत नगर के लोगों के लिए एक बहुत बड़ी सीख दे दी थी।



**-डॉ. अशोक,पटना, बिहार।**

## खिलन लगी हरि होरी।

*भई भिण्ड में दौज कि दबि कैं खिलन लगी हरि होरी।।*
*भइया खिलन लगी हरि होरी।।*
*पिचकारिन के संग फूँकना कल्सा धरैं करहिया।*
*भरि भरि फैंकि रहे कोरिन पै कोऊ नाँइ बचैया।।*
*हा हा ही ही मौड़ा कर रये मौड़ीं दइया - दइया।*
*बूढ़ीं बाढ़ीं लला लला कहें बूढ़े भइया भइया।।*
*कोऊ छाती ठोकि निकर्रऔ कोऊ चोरी चोरी।*
*भई भिण्ड में दौज कि दबि कैं खिलन लगी हरि होरी।।*
*भइया खिलन लगी हरि होरी।।*
*पिचकारी मौड़न पै मारी फूटि परी किलकारी।*
*पिचकारी मौड़िनि पै मारी छूटि परी सिसकारी।।*
*बुढ़ियन पै पिचकारी मारी टूटि परी डिडकारी।*
*पिचकारी डुकरन पै मारी लठिया सी फटकारी।।*
*काऊ ने गगरी सी बोरी काऊ ने धरि फोरी।*
*भई भिण्ड में दौज कि दबि कैं खिलन लगी हरि होरी।।*
*भइया खिलन लगी हरि होरी।।*
*गाँव गाँव के जुरे रँगीले सतौ जाति के जसिया।*
*काऊ के मौं लाल हरे तौ काऊ के लसलसिया।।*
*लएँ गुलाल भरें पन्नी में चौकन्ने रँगरसिया।*
*प्राण भदावर के हुरियारे मनबसियन के बसिया।।*
*रँगियन की बरजोरी ऐसी भींजै नई निकोरी।*
*भई भिण्ड में दौज कि दबि कैं खिलन लगी हरि होरी।।*
*भइया खिलन लगी हरि होरी।।*



***-गिरेन्द्रसिंह भदौरिया प्राण***

भावनानी के भाव

## महल गाड़ी नहीं चाहिए

*हम थोड़े में संतुष्ट हो*
*वह अनुभूति वापस आएं*
*महल गाड़ी नहीं चाहिए*
*पुराना घर वापस आएं*
*बीते हुए बचपन के दिन*
*कितने सुहाने हसमुख थे*
*काश कभी ऐसा*
*करिश्मा भी हो जाए*
*बचपन के वह सुहाने*
*फ़िर से दिन लौट आएं*
*नया ज़माना छोड़*
*पुराने जमाने में लौट जाएं*
*समय चक्र विनती है*
*कुछ पीछे घूम जाएं*
*मम्मी पापा छोटी बहन*
*ऊपर से वापस आ जाएं*
*फ़िर घर में साथ बैठ*
*हसीं खुशी से देर तक बतियाएं*
*हे समय का चक्र विनती हैं*
*कुछ पीछे घूम जाए*
*मोबाइल कार कंप्यूटर*
*सभ वापस चले जाएं*
*मम्मी पापा परियों की मुझे*
*बस वहीं कहानी सुनाएं*
*बड़ी हुई भारी जिम्मेदारी से*
*थक गया हूं वह वापिस छूट जाए*
*बचपन के वह सुहाने*
*दिन वापस आ जाएं*
*कुएं तालाब पर रोज़ नहाएं*
*वह दिन वापस आएं*
*मस्ती करें मम्मी पापा से डॉट खाएं*
*बचपन में ही सारा जीवन बताएं*

***-एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र***

## प्रेम के रंग से खेले होली

*बृन्दावन के गलीयों मे होली खेले नन्दलाल*
*रंगों मे भीग के सखियाँ हो गये लाल लाल*

*मोहन संग खेलने आये कैलाश से त्रिपुरारी*
*प्रेम के रंग से खेले होली ब्रज मे गिरधारी*

*कान्हा संग मस्त हो खेले अब तो सखियाँ*
*कान्हा तो नैन बसे तरसे ना कोई अँखियाँ*

*प्रेम भाव से खेलत है ब्रज की हर नर-नारी*
*प्रेम के रंग से खेले होली ब्रज मे गिरधारी*

*जीवन को भी रंग लो आज प्रेम के रंग मे*
*तन मन रंग जाये अब तो मोहन के रंग मे*

*जैसे पलाश के रंगों से प्रकृति रंगी हैं सारी*
*प्रेम के रंग से खेले होली ब्रज मे गिरधारी*

*ऐसे रंग लगा दे मोहन जीवन जाऊ बिसारी*
*मिल जाये मोक्ष, और सदा चरण रहूँ तिहारी*

*अब तो दरस दिखा दे मोहे हे मेरे बनवारी*
*प्रेम के रंग से खेले होली ब्रज मे गिरधारी*

*ऐसे रंग रंगा रंगरेज ने मिट गईं हर तृष्णा*
*उसके रंग मे रंगा तो मिले गये मोहे कृष्णा*

*उसके गलियों मे भूलू अब सुधबुध सारी*
*प्रेम के रंग से खेले होली ब्रज मे गिरधारी*

***-प्रमेशदीप मानिकपुरी***

## इस होली बच्चे बन जाओ

*इस भाग दौड़ की दुनिया से बाहर आओ,*
*आओ इस होली पर बच्चे बन जाओ,*
*बच्चे संग बच्चे बन खूब होली मनाओ,*
*खूब रंग गुलाल दोस्तों संग उड़ाओ,*
*इस होली बच्चे बन जाओ ।*
*गोबर लाओ कंडे ,थापोलिये बनाओ,*
*कंडे , थापोलिये के हार बनाओ,*
*होली को पहनाओ, होली जलाओ,*
*एक दूसरे को गुलाल लगाओ,*
*इस होली बच्चे बन जाओ ।*
*पताशे का मीठा मीठा हार लाओ,*
*गले में बच्चो को पहनाओ,*
*व्यवहार में बच्चो सा भोलापन और मिठास लाओ,*
*इस होली बच्चे बन जाओ ।*
*लाल, पिला , हरा रंग लाओ,*
*एक दूसरे के मुँह पर लगाओ,*
*गली मोहल्ले में बच्चो से दौड़ लगाओ,*
*दोस्तों संग खूब हुड़दंग मचाओ,*
*इस होली बच्चे बन जाओ ।*
*हमेशा कार्य में रहते हो व्यस्त,*
*अपने व्यवहार से करते हो सभी को पस्त,*
*अरे ये होली का त्यौहार है बड़ा ही मस्त,*
*केसर ठंडाई पीकर हो जाओ मदमस्त,*
*एक दूसरे को मिठाई खिलाओ,*
*रंगों में रंग कर गले लग जाओ,*
*पर इस होली बच्चे बन जाओ,*
*आओ इस होली बच्चे बन जाओ ।।*

***-डॉ. संजय कुमार मालवी(आदर्श)***

## ||होली आई ||

धूम मचाती होली आई।
रंग जमाती होली आई।।
फागुन मास का उपहार है।
वसंत के गले का हार है।।
ढोलक नगाड़ा फाग है।
प्रेम-स्नेह और अनुराग है।।
हाथों में पिचकारी है।
रंग-रोगन की तैयारी है।।
अरे मुट्ठी भर गुलाल है।
हरा पीला अरु लाल है।।
हम बच्चों की टोली है।
होली है भाई होली है।।

**-टीकेश्वर सिन्हा गब्दीवाला**

## गज़ल

*रहने हेतु जिसका हम घर बसा देते है*
*बदले में हम पर पत्थर बरसा देते है*
*बिगड़ी हुई महफिल को जो जमा देते है*
*वे सोये हुये श्रोता को जगा देते है*
*जिस नेता को बिठाया था भोपाल में*
*वे अब चक्कर पर चक्कर लगवा देते है*
*पहले तो करवाते है वे हमी से काम*
*फिर मक्खी की तरह वही फिंकवा देते है*
*भूखे पेट 'होरी' जब मांगना है रोटी*
*नारों के पोस्टर उसको थमा देते है*
*भगवान भी नहीं करेगा कभी उसे माफ़*
*जो बेवजह ही लोगों को दगा देते है*
*ना लड़ना चाहते हिन्दू-मुसलमान कभी*
*वोटों के खातिर नेता लड़वा देते है*
*न्यायालय तो हो गये है अंधे अब देखिए*
*बेकसूरों को फॉसी पर चढ़ा देते है*
*कितनी बदल गई लोगों की सोच देखिये*
*'रमेश' की राह में कॉटे बिछा देते है*

***-रमेश मनोहरा***

## रंग मेरे? प्यार का ...

आई है होली मस्ती भरी
रंगों की रंगरंगीली रसीली
बचकर कहां जाओगे
मेरे प्यारे प्यारे माधव जी..
थोड़ा तो लगवालों रंग
गुलाबी गुलाबी
छाई है मस्ती होली की फागुनी...
लाल पीले नीले हरे केसरिया
रंगों से प्रीत की उमंगें जागी..
हम तुम बंधे नेह बंधन में
प्यार की पींगे बढ़ी ...
टेसूई उपवन में चटक
सुर्ख रंगों की बहारें झूम रही..
ये न समझना रंग कच्चा है
हमारे प्यार? का
एक बार लगा जो रंग गुलाबी
मेरे हाथ का गालों पर
नहीं छुटने वाला कभी
गहरा रंग चढ़ा है माधव जी
मेरे सच्चे सच्चे प्यार का....

**- लाल बहादुर श्रीवास्तव**

# एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' के चार साल बेमिसाल!

**जीएनएस।** एण्डटीवी की घरेलू कॉमेडी 'हप्पू की उलटन पलटन' अपनी चैथी सालगिरह मना रही है। इस शो में दरोगा हप्पू सिंह (योगेश त्रिपाठी), उसकी दबंग दुल्हनिया राजेश (कामना पाठक), जिद्दी माँ कटोरी अम्मा (हिमानी शिवपुरी) और नौ शरारती बच्चों के मजेदार किस्से दिखाये गये हैं। यह शो अपनी गुदगुदाने वाली कहानियों से सफलतापूर्वक दर्शकों का मनोरंजन करता आ रहा है। जश्न मनाने के लिये सारे कलाकारों और क्रू ने सेट पर केक काटा और एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। शो की सफलता और चार साल पूरे होने पर एडिट।। प्रोडक्शंस के प्रोड्यूसर संजय कोहली, ने कहा, ''जब आप कुछ ऐसा करते हैं, जिसमें आपको मजा आता है, तब हर दिन जश्न का दिन होता है और यह शो हमारे लिये रोजाना का जश्न है। यह पल बड़े ही खास हैं, क्योंकि इनसे हमारा विश्वास पक्का होता है कि हम सही कर रहे हैं और हमारे दर्शक हमारे काम से प्यार करते हैं और उसकी तारीफ करते हैं। मुझे एडिट।। की पूरी टीम, चैनल और सबसे महत्वपूर्ण, कलाकारों और क्रू पर बहुत गर्व है, जो इस शो को चलाने के लिये रोजाना बिना थके काम करते रहते हैं। मुझे याद है कि इस शो के आइडिया को लेकर हम कितने रोमांचित थे। और आज यह टेलीविजन के बेहतरीन कॉमेडी शोज में से एक है। इस शो की सफलता में बड़े समर्थन के लिये मैं दर्शकों का आभारी हूँ।''





दरोगा हप्पू सिंह की भूमिका निभा रहे योगेश त्रिपाठी ने कहा, ''हप्पू की उलटन पलटन' ऐसा शो है, जो मेरे दिल के बहुत करीब है। इस शो ने मुझे बहुत कुछ दिया है। पहचान, तारीफ और अपनापन। इस उपलब्धि के साथ मैं अपने काम के प्रति ज्यादा जिम्मेदारी का अनुभव कर रहा हूँ। सारा श्रेय दर्शकों को जाता है। किसी को हंसाना आसान नहीं है। कॉमेडी एक मुश्किल जोनर है। बीते वर्षों में इस शो को जो प्रतिक्रिया मिली है, उसे देखकर हम खुश हैं। इस सफर का हिस्सा बनना मेरा सौभाग्य है। मुझे सचमुच खुशी होती है, जब प्रशंसक मुझे योगेश के बजाए हप्पू सिंह कहकर पुकारते हैं। इससे पता चलता है कि मेरे किरदार को लोग कितना पसंद और प्यार करते हैं। उसने दर्शकों के दिल में एक खास जगह बनाई है। इस उपलब्धि पर मैं सारे कलाकारों, क्रू और चैनल की टीम को बधाई देता हूँ और लगातार समर्थन के लिये अपने प्रशंसकों, दर्शकों और परिवार का शुक्रिया करता हूँ।'' राजेश सिंह, ऊर्फ रज्जो की भूमिका निभा रहीं कामना पाठक ने कहा, ''इस उपलब्धि पर सभी को दिल से बधाई। ठीक चार साल पहले महाशिवरात्रि के आस-पास यह शो लॉन्च हुआ था।




और हमें पता नहीं था कि यह सफर इतना लंबा होगा और इस शो और इसके किरदारों को ऐसी लोकप्रियता मिलेगी। हमारे शो को चार साल पूरे हुए हैं और मैंने हाल ही में अपने शो की सफलता के लिये भगवान शिव से आशीर्वाद लेने और महाशिवरात्रि मनाने के लिये उज्जैन के महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन किये थे। प्रार्थना है कि उनका आशीर्वाद हमेशा बना रहे। यह हम सभी के लिये सचमुच बहुत खास पल है। कई लोगों को मुझे रज्जो कहकर पुकारते देखकर मैं बहुत खुश हुई। इस पर भी कि वे मेरे किरदार और हप्पू सिंह तथा कटोरी अम्मा से उसकी नोक-झोक को कितना पसंद करते हैं। ऐसे पल हमें प्रेरित करते हैं और हमें गर्व महसूस होता है। मुझे ऐसी कई उपलब्धियों की उम्मीद है, तो हमारा शो देखते रहिये और हमें ज्यादा से ज्यादा प्यार दीजिये।''

कटोरी अम्मा की भूमिका निभा रहीं हिमानी शिवपुरी ने कहा, ''चार साल हो गये! वक्त का पता ही नहीं चला! लेकिन मुझे कहना ही होगा कि यह एक खूबसूरत सफर रहा। इस शो को मिली प्रतिक्रिया देखकर हम खुश हैं, खासकर वक्त के साथ इसके हर किरदार को मिली लोकप्रियता और तकिया कलामों और डायलॉग्स को दर्शकों के पसंद करने से। लोग दिल से बातों और कुछ यादगार दृश्यों को याद रखते हैं, जो कि एक प्यारी बात है! इस सफलता के लिये सभी को बधाई। यह हमारे प्रोड्यूसर्स, राइटर, डायरेक्टर, एक्टर्स और टेक्निशियंस की कड़ी मेहनत के बिना संभव नहीं था। इसलिये कड़ी मेहनत पर टीम को तारीफ मिलनी चाहिये और लगातार प्यार और समर्थन के लिये दर्षकों का आभार है।''

कैट की भूमिका निभा रहीं गज़ल सूद ने कहा, ''मैं हाल ही में इस शो से जुड़ी हूँ, लेकिन इस जश्न का हिस्सा बनकर मुझे लग रहा है कि मैं हमेशा से इस शो में थी। कलाकारों और टीम के टैलेंट के अलावा, प्यार और अपनेपन ने चार साल पूरे करने में हमारी मदद की है। ऐसे खूबसूरत शो से जुड़ना मेरा सौभाग्य है, जो लोगों को रोज हंसाता है। 'हप्पू की उलटन पलटन' के लिये तीन नहीं चार चीयर्स।''

**अपना चहेता शो 'हप्पू की उलटन पलटन' देखते रहिये, हर सोमवार से शुक्रवार, रात 10:00 बजे, सिर्फ एण्डटीवी पर!**

# कपिला गौशाला का संचालन महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा एवं सवारी मार्ग का सौन्दर्यीकरण किये जाने के लिए महापौर ने कलेक्टर से चर्चा की



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** महापौर श्री मुकेश टटवाल ने सोमवार को उज्जैन कलेक्टर श्री कुमार पुरूषोत्तम से मिल कर नगर निगम द्वारा संचालित रत्ताखेड़ी स्थित कपिला गौशाला का संचालन महाकाल मंदिर प्रबंध समिति द्वारा किए जाने एवं श्रावण मास में निकलने वाली बाबा महाकाल की सवारी मार्ग को सुव्यवस्थित एवं सौंदर्यीकरण किए जाने के संबंध में चर्चा करते हुए शीघ्र कार्य योजना बनाए जाने के लिए कहां गया।

महापौर श्री टटवाल ने कलेक्टर श्री कुमार पुरूषोत्तम से चर्चा करते हुए कहां कि निगम द्वारा संचालित कपिला गौशाला का संचालन श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा श्रृद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए किया जावे जिसमें नगर पालिक निगम उज्जैन का भी सहयोग रहेगा। साथ ही श्रावण भादों मास में निकलने वाली बाबा महाकाल की सवारी में बढ़ी संख्या में श्रृद्धालुगण सम्मिलित होते है, संपूर्ण सवारी मार्ग को सुव्यवस्थित, सौन्दर्यीकरण, चौडीकरण किया जावे इस हेतु महाकालेश्वर प्रबंध समिति, उज्जैन विकास प्राधिकरण, नगर पालिक निगम उज्जैन के सहयोग से कार्य योजना बनाई जाए।

महापौर श्री टटवाल ने कलेक्टर श्री कुमार पुरूषोत्तम को एक पत्र भी दिया गया जिसमें उल्लेख किया गया कि उज्जैन भगवान श्री महाकालेश्वर की पावन नगरी में बाबा महाकालेश्वर व अन्य मंदिरों के दर्शन हेतु लाखों श्रृद्धालुगण प्रतिदिन शहर में आते है, जिनकी सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए नगर पालिक निगम उज्जैन द्वारा विभिन्न कार्य अपने स्त्रोंतों से किए जाते है। श्रृद्धालुओं की धार्मिक भवनाओं को दृष्टिगत रखते हुए नगर पालिक निगम उज्जैन द्वारा संचालित कपिला गौशाला का संचालन श्री महाकलेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा किया जावे, जिससे की गौशाला का संचालन धार्मिक भावनाओं के अनुरुप हो सके व नगर पालिक निगम उज्जैन का सहयोग भी होगा।

प्रतिवर्ष बाबा महाकालेश्वर की सवारी श्रावण व भादौ माह में निकाली जाती है, जिसमें लाखों श्रृद्धालुगण सम्मिलित होते है, संपूर्ण सवारी मार्ग को सुव्यवस्थित सौन्दर्यीकरण, चौडीकरण व बाबा महाकालेश्वर भगवान की सवारी को राजमार्ग दिल्ली की तर्ज पर शीघ्र निर्माण किया जावे, जिसमें आने वाले श्रृद्धालुओं को सुव्यवस्थित दर्शन करने की सुविधा उपलब्ध हो, इस हेतु महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति, उज्जैन विकास प्राधिकरण व नगर पालिक निगम उज्जैन के सहयोग से कार्य योजना बनाकर सवारी मार्ग का कार्य तुरन्त किया जावे। इसमें महत्पूर्ण आर्थिक सहयोग श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति व विकास प्राधिकरण उज्जैन के द्वारा किया जावे। महापौर श्री टटवाल ने महाकाल मंदिर प्रबंध समिति प्रशासक श्री संदीप सोनी से भी चर्चा की गई, इस दौरान झोन अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र मेहर उपस्थित रहे।

# फ़ाग रंगोउत्सव के साथ हुई रीजन कॉन्फ्रेंस अवॉर्ड सेरेमनी वेदांशी

## 16 क्लबों और 2 लियो क्लब के पदाधिकारियों को सेवा कार्यों के लिए दिये अवार्ड

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** डिस्ट्रिक्ट 3233 जी 2 के रीजन 3 की रीजन कॉन्फ्रेंस अवॉर्ड सेरेमनी वेदांशी फ़ाग रंगोउत्सव के साथ रीजन चेयरपर्सन लायन शैलेष सोनी की अध्यक्षता और मुख्य अतिथि एमजेएफ लायन डॉ अजय गुप्ता डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, मुख्य वक्ता पीएमजेफ लायन सूरज बागला एवं एमजेएफ जेपीएस जोहर, लायंस ऑफ उज्जैन डॉ एस के सलूजा के विशेष आतिथ्य में आयोजित की गयी। रीजन सचिव दीपक राजवानी ने बताया कि कार्यक्रम के प्रारंभ में कोचेयरमेन लायन सुधा बाहेती, प्रवीण खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष जेपी उदावत, चार्टर अध्यक्ष लायन संजय सक्सेना, डॉ संजीव जैन, रीजन सचिव दीपक राजवानी आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। होटल मिरेकल हरी फाटक रोड पर आयोजित रीजन कॉन्फ्रेंस चेयरमेन महेंद्र सिंह चेयरमेन ने स्वागत भाषण दिया। रीजन के 16 क्लबों और 2 लियो क्लब के पदाधिकारियों को उनके द्वारा वर्ष भर में किए गए विभिन्न सेवा कार्यों के लिए अलग-अलग कैटेगरी के अवार्ड वितरित किये गए। लायंस क्लब क्षिप्रा, गोल्ड, गोल्ड सिटी, अनंता, गोल्ड न्यू वाईसेस, मालवा, उर्जा, सुरभि, गोल्ड क्वीन, लायंस क्लब सारंगपुर, खिलचीपुर, लायंस क्लब पचोर, पचोर उड़ान, प्रतिष्ठा, राईज़ एवं लियो क्लब उज्जैन गोल्ड एवं लियो खिलचीपुर के पदाधिकारियों को 100 से अधिक अवार्ड से सम्मानित किया गया। मुख्य वक्ता सूरज बागला ने अपने उदबोधन में कहा कि हर क्लब को एक एक्टिविटी ऐसी करना चाहिए जिससे उसकी शहर और क्षेत्र में पहचान बने। मुख्य अतिथि डॉ अजय गुप्ता ने अपने आशीर्वचन में क्लब के अधिकारियों से कहा की सदस्य को जोड़ने का सही तरीका यह है कि उन्हें हर गतिविधि में बुलाया जाए एवं उनको जिम्मेदारी सौंपी जाए जिससे कि उनका मनोबल बढ़ता रहे। कार्यक्रम का संचालन लायन पंकज मारु और ममता दाता ने किया। अतिथि आभार कॉन्फ्रेंस आयोजन समिति सचिव लायन महेश शर्मा ने किया।

# सार समाचार

## सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आगररोड पर रविवार देर रात और सोमवार सुबह हुई 2 सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई, तीन छात्र घायल हो गये। दोनों मामलों में घट्टिया थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर टेंकर और बस जब्त की है। घट्टिया थाने के सहायक उपनिरीक्षक माधवसिंह लोधी ने बताया कि रविवार-सोमवार रात ग्राम बोरखेड़ी का रहने वाला राजाराम पिता बहादूरसिंह (25) बाइक पर सवार उज्जैन से अपने गांव लौट रहा था। बाइक की र तार काफी तेज थी, गैस प्लांट के सामने से गुजरते वक्त र तार पर नियंत्रण नहीं रख पाया और आगे चल रहे टेंकर से जा टकराया। दुर्घटना में उसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक की शिना त के प्रयास किये। रात में ही पहचान होने पर परिजन आ गये थे। शव जिला अस्पताल भेजा गया और सुबह पोस्टमार्टम कराया गया। मृतक की शादी हो चुकी थी और वह ह माली का काम करता था।

## कक्षा बारहवीं के 3 छात्रों को तेज गति से दौड़ती बस में टक्कर मार दी

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सोमवार सुबह आगर रोड पर बाइक सवार कक्षा बारहवीं के 3 छात्रों को तेज गति से दौड़ती बस में टक्कर मार दी। तीनों छात्र गंभीर रूप से घायल हुए हैं पुलिस ने बस जप्त की है। घायल छात्र परीक्षा देने उज्जैन आ रहे थे। घटिया तहसील के ग्राम जलवा में रहने वाले कक्षा 12वीं के तीन छात्र संजय मालवीय, विकास मालवीय और संदीप गुजराती आज परीक्षा होने पर बाइक पर सवार हो उज्जैन स्थित सराफा स्कूल में बने परीक्षा केंद्र पर आ रहे थे। घटिया गैस प्लांट के समीप उनकी बाइक को तेज गति से आ रही बस ने टक्कर मार दी। तीनों छात्र घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां संदीप गुजराती की हालत गंभीर होना बताई गई है। घटिया थाना प्रभारी विक्रम सिंह चौहान ने बताया कि दुर्घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी बस को जप्त कर लिया गया है। बस बारातियों से भरी हुई थी जिसमें दूल्हा-दुल्हन भी सवार थे। बारात उज्जैन आई थी जहां तक वापस शामगढ़ जा रही थी। बारातियों और दूल्हा दुल्हन को दूसरे वाहनों से रवाना किया गया है।

## किराना दुकान और बस का संचालन करने वाले 2 भाईयों का अपहरण कर लिया

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** किराना दुकान और बस का संचालन करने वाले 2 भाईयों को शनिवार-रविवार रात चार कारों में सवार होकर 12-15 लोगों ने अपहरण कर लिया। पुलिस को मामले की खबर लगी तो कार सवारों के पीछे लग गई। करीब साढ़े तीन घंटे तक पीछा करने पर कार सवारों ने दोनों भाईयों को बीच रास्ते में छोड़ दिया। महिदपुररोड टीआई हेमंतसिंह जादोन ने बताया कि रात 12 बजे के लगभग ग्राम झूटावद बस स्टेंड से शिवनारायण पिता चांदमल पोरवाल 40 वर्ष और उसके बड़े भाई दिनेश पोरवाल 45 वर्ष का चार कारो में सवार होकर आए 12 से 15 लोगों द्वारा अपहरण करने की खबर मिली थी। रात्रि गश्त पर निकली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची जहां दिनेश पोरवाल के पुत्र विजय ने कारो के सीतामऊ की ओर जाना बताया। पुलिस की 2 टीमे सीतामऊ की ओर रवाना हो गई। करीब साढ़े तीन घंटे तक पीछा करने के बाद सीतामऊ थाना पुलिस से संपर्क किया गया। वहां की पुलिस भी घेराबंदी में लग गई। इस बीच सीतामऊ से कुछ दूरी पर ही कार सवारों ने दोनों भाईयों को छोड़ दिया और अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। दोनों भाई सूनसान रास्ते पर मिले। जिन्हे सुबह 6 बजे महिदपुररोड लाया गया।

## 4 बदमाशों ने ऑटो चलाने वाले युवक पर चाकू से हमला कर दिया

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** बीती रात 10:30 बजे 4 बदमाशों ने ऑटो चलाने वाले युवक पर चाकू से हमला कर दिया। बदमाशों ने युवक के साथी की ऑटो में तोड़फोड़ भी की। चाकूबाजी के बाद पुलिस ने 2 बदमाशों को हिरासत में लिया है दो की तलाश की जा रही है। अहमदनगर में रहने वाला प्रवेश पिता अब्दुल समद और ग्रीन पार्क में रहने वाला सद्दाम ऑटो चलाते हैं। बीती रात इंदौर रोड स्थित इंपीरियल होटल के सामने से दोनों ऑटो से लौट रहे थे उसी दौरान बदमाश सूरज बारिक, सागर, गोलू और सत्यम में रोक लिया। ऑटो चालकों का चारों से पुराना विवाद था। बदमाशों ने पुराने विवाद के साथ ही ऑटो से होटलों पर छोड़ी जाने वाली सवारियों को लेकर मिलने वाले कमीशन में हिस्सेदारी की मांग की। दोनों ऑटो चालकों ने मना किया तो बदमाशों ने प्रवेश पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया बीच-बचाव करने पर सद्दाम की ऑटो फोड़ दी गई। चाकूबाजी की जानकारी लगते ही नीलगंगा थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई घायल प्रवेश को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। वही सद्दाम की शिकायत पर चारों बदमाशों के खिलाफ प्राणघातक हमले का मामला दर्ज कर दो बदमाश सागर निवासी मोहन नगर और गोलू निवासी पिपली नाका को हिरासत में ले लिया। मौके से भागे दो बदमाशों की तलाश की जा रही है।

## गुंडे बदमाशों के साथ जिलाबदर बदमाशों पर सर्जिकल स्ट्राइक की

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** बीती रात पुलिस ने ग्रामीण थाना क्षेत्रों में कॉम्बिग गश्त करते हुए वारंटियों और निगरानी गुंडे बदमाशों के साथ जिलाबदर बदमाशों पर सर्जिकल स्ट्राइक की। 108 वारंटियों को पकड़ा गया। गश्त के दौरान अवैध शराब तस्कर और जिलाबदर भी हिरासत में आए हैं। रंगो के पर्व होली और रंग पंचमी के साथ आगामी दिनों में शब ए कदर के साथ रमजान पर्व मनाया जाएगा। सभी धर्मों के पर्व पर शांति और सौहार्द्र बना रहे इसको लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट दिखाई दे रहा है। जिले में पुलिस विभिन्न प्रकरणों में फरार, निगरानी, इनामी, जिलाबदर और वारंटियों के खिलाफ अभियान चलाकर कॉम्बिग गश्त साथ अपराधियों के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक कर रही है। बीती रात ग्रामीण थाना क्षेत्रों में रात 11 बजे से सुबह 5 बजे तक कॉम्बिग गश्त की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश भूरिया ने बताया कि सर्जिकल स्ट्राइक के दौरान 108 वारंटियों को पकड़ा गया है। जिसमें 41 स्थाई वारंटी और 67 गिरफ्तार वारंटी शामिल है। रात में की गई चेकिंग के दौरान बड़नगर थाना क्षेत्र से एक आरोपी को 40 पेटी देसी शराब के साथ भी पकड़ा गया है। जिसके खिलाफ आबकारी एक्ट अधिनियम 34(2) का प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस की गिरफ्त में दो जिला बदर बदमाश भी आए हैं। जिनके खिलाफ जिलाधीश के आदेश का उल्लंघन करने पर रासुका की कार्रवाई की जा रही है। रात में 200 से अधिक गुंडे बदमाशों के घरों को भी चेक किया गया। कॉम्बिग गश्त के दौरान ग्रामीण थाना क्षेत्र के सभी थाना प्रभारी, सीएसपी, एसडीओपी और डीआरपी लाइन का पुलिस बल मौजूद था।

## त्यौहारों से पहले कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिये पुलिस प्रशासन अलर्ट

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** त्यौहारों से पहले कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिये पुलिस प्रशासन अलर्ट दिखाई दे रहा है। सोमवार शाम शहर में फ्लेग मार्च किया गया। दिन में चैकिंग पाइंट लगाए गये थे। उससे पहले 2 दिनों से कॉम्बिंग गश्त की जा रही है। होली पर्व के साथ रंगपंचमी और फिर रमजान पर्व पर शहर में कानून व्यवस्था बनी रहे, इसको लेकर पुलिस अलर्ट दिखाई दे रही है। शाम को शहर के सभी थाना पुलिस और डीआरपी लाइन के अधिकारियों के साथ एसपी सत्येन्द्र कुमार शुक्ल के निर्देशन में शाम पांच बजे पुलिस का पूरा अमला हरिफाटक ब्रिज पर एकत्रित हुआ। जहां से फ्लेग मार्च की शुरुआत की गई। पुलिस विभाग के सभी वाहनों के साथ मार्च एकतानगर, मंछामन होता हुआ नानाखेड़ा सी-21 माल पहुंचा। जहां से ट्रेजर बाजार के सामने होता हुआ नागझिरी थाने की सीमा में पहुंचा। इस दौरान पुलिस त्यौहारों पर कानून व्यवस्था और शांति बनाए रखने की अपील कर रही थी। मार्च पाईप फैक्ट्री चौराहा से होता पंवासा थाना क्षेत्र में पहुंचा। पूरे क्षेत्र में भम्रण के बाद मार्च पाण्ड्याखेड़ी ब्रिज से पुराने शहर में प्रवेश हुआ। चिमनगंज, जीवाजीगंज, खाराकुआ, कोतवाली, देवासगेट थाना क्षेत्र से महाकाल थाना क्षेत्र में पहुंचा फ्लेग मार्च रात 10.30 बजे हरिफाटक ब्रिज आकर समाप्त हुआ।

# केडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर शातिर बदमाश ने ऑनलाइन चार ट्रांजेक्शन कर लिए

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** केडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर शातिर बदमाश ने ऑनलाइन चार ट्रांजेक्शन कर लिए, युवक कुछ समझ पाता खाते से 97 हजार से अधिक की राशि निकाल ली गई थी।

तिरुपतिधाम कॉलोनी में रहने वाला राज पिता मुकेश योगी मोबाइल दुकान चलाता है। शनिवार को उसके मोबाइल पर कॉल आया। ट्रू-कॉलर पर आरबीआई लिखा हुआ था। उसने कॉल रिसीव किया तो सामने वाले ने खुद को बैंक अधिकारी बताते हुए क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने और ऑनलाइन जानकारी देने पर लगने वाली फीस में डिस्काउंट देने की बात कहीं। कॉल करने वाले ने राज को उसका पूरा नाम पता और माता पिता की जानकारी के साथ क्रेडिट कार्ड की डिटेल भी बताई। राज बातों में उलझ गया और लिमिट बढ़ाने के लिए हां कर दी। कॉल करने वाले ने क्रेडिट कार्ड खाते की जानकारी ली और बिना ओटीपी पूछें खाते से चार ट्रांजेक्शन कर लिए। राज कॉलधारक से स्मार्ट वॉच पर बात कर रहा था वह कुछ समझ पाता उससे पहले ही क्रेडिट कार्ड खाते से 97 हजार 200 रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर हो चुके थे। उसने कॉल डिस्कनेक्ट किया और बैंक पहुंचकर अपना क्रेडिट खाता बंद कराया। रविवार को मामले की शिकायत चिमनगंज थाने पहुंचकर आवेदन के माध्यम से की गई है। विदित हो कि ऑनलाइन फ्रॉड के मामले आए दिन सामने आ रहे हैं। बैंक द्वारा एडवाइजरी जारी कर किसी भी लिंक पर क्लिक नहीं करने और अनजान व्यक्तियों को अपने खाते की जानकारी नहीं देने की बात कह रहे है। एडवाइजरी के मैसेज भी लगातार बैंक उपभोक्ताओं को भेजे जा रहे हैं बावजूद लोगों फ्रॉड करने वालों की बातों में आकर धोखाधड़ी का शिकार हो रहा है।

# डेयरी से दुध डब्बा बंद बर्तन या केटली मे ही लें, थैलियों मे नही मिलेगा

## दुग्ध विक्रेताओं के साथ की बैठक



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर को पॉलिथिन मुक्त बनाने के लिए निगम द्वारा विभिन्न गतिविधियां करते हुए नागरिकों को सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध की जानकारी देते हुए उसका उपयोग नही किये जाने का अनुरोध किया जा रहा है। सोमवार को उपायुक्त श्री संजेश गुप्ता द्वारा शहर के दुग्ध विक्रेताओं से साथ बैठक करते हुए उन्हे प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक की जानकारी देते हुए शहर का पॉलिथिन मुक्त बनाने की सहयोग करने की अपील की एवं कहां कि डेयरी पर आने वाले नागरिकों से आप लोग निवेदन करे की डेयरी से दुध डब्बा बंद बर्तन या केटली में ही लें, थैलियों में अब दुध नही मिलेगा।

उपायुक्त श्री संजेश गुप्ता ने सोमवार को पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के तकनिकी अधिकारियों के साथ ही शहर के दुग्ध व्यापारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त श्री गुप्ता ने दुग्ध व्यापारियों को जानकारी देते हुए बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 अभियान अंतर्गत एवं भारत सरकार की गाईड लाइन अनुसार सिंगल यूज़ पॉलिथीन को प्रभावी रूप से प्रतिबंध किया गया है। दुग्ध विक्रय कार्य में 51 माइक्रोन के ऊपर से बनी थैली का ही उपयोग किया जा सकता है या दुकानों पर आने वाले ग्राहकों से घर से डब्बा बन्द बर्तन या केटली लाने का आग्रह करे एवं अपनी दुकान पर फ्लेक्स के माध्यम से जन जागरण करें कि नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान को ध्यान में रखते हुए पॉलिथीन का उपयोग प्रतिबंधित किया गया है इसलिए घर से बर्तन लाएं ताकि दुकान पर आने वाले ग्राहकों को यह आदत में हो जाए।

बैठक में पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के तकनिकी अधिकारियों के द्वारा बताया गया कि आपकी दुकानों पर जो थैलिया दी जाती है वह अमानक स्तर की है इसलिए ना तो उसे नष्ट किया जा सकता है ना ही उसका निष्पादन कर सकते है साथ ही यह पर्यावरण के लिए भी बहुत हानिकारक है इसलिए इसे बंद किया जाए।

उपायुक्त श्री संजेश गुप्ता द्वारा बैठक में बताया गया कि दुग्ध की पॉलिथीन के साथ-साथ मिठाई के डिब्बों पर पैकिंग में उपयोग लाई जाने वाली पॉलिथीन भी अमानक स्तर की है इसका भी उपयोग बंद किया जाएगा। बैठक में 150 से अधिक दुग्ध संघ के व्यापारी उपस्थित रहे तथा सभी के द्वारा सकारात्मक रूप से अपनी सहमति देते हुए उज्जैन नगर पालिक निगम के इस अभियान में अपना सहयोग देने की बात कही कि हम इस अभियान में अपना पूर्ण रूप से सहयोग देंगे।

बैठक में स्वास्थ्य अधिकारी श्री संजय कुलश्रेष्ठ, पॉल्यूशन बोर्ड के तकनिकी अधिकारी श्री अशोक रामावत, श्री दिलीप केसरी, स्वच्छ भारत मिशन की कंसलटेंट सुश्री गरिमा गोस्वामी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना आवेदन के लिये बैंक खाता आधार से लिंक एवं समग्र आई.डी. में ई-केवायसी होना अनिवार्य

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना अन्तर्गत 23 वर्ष से 60 वर्ष आयु की विवाहित, विधवा, परित्यक्ता महिलाओं को योजना में आवेदन के लिये अपने बैक खाते से आधार कार्ड लिंक होना (बैंक खाता न केवल आधार से जुडा व सत्यापित हो बल्कि आधार के माध्यम से राशि प्राप्त करने के लिए क्ठज् तैयार भी हो) व समग्र आई.डी. में ई-केवायसी होना अनिवार्य है।

मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु समग्र आई.डी. में ई-केवायसी एम.पी. ऑनलाईन, नागरिक सुविधा केन्द्र, (बेब) लोक सेवा केन्द्रो एवं समग्र नागरिक सेवा पोर्टल के माध्यम से की जा सकती है तथा बैक खाते से आधार कार्ड लिंक बैंको के माध्यम से करवाया जा सकता है। आय एवं मूलनिवासी प्रमाण के लिए आवेदन पत्र में सलग्न स्वः घोषणा पत्र ही मान्य है अन्य दस्तावेजो की आवश्यकता नहीं है।

मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना अन्तर्गत सभी विवाहित, विधवा, परित्यक्ता महिलाएं बैक खाते से आधार कार्ड लिंक एवं समग्र आई.डी.में ई-केवायसी अनिवार्य रूप से अपने वार्ड में शिविर से पहले करवा लेवे, शिविर की सूचना पृथक से जारी की जावेगी।

# नागरिक डिजिटल वैन में जमा कर सकते है सम्पत्ती एवं जलकर झोनों में डोर-टू-डोर संचालित हो रही है केश वैन

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर पालिक निगम द्वारा नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए कर वसूली के लिए डोर-टू-डोर डिजिटल वैन की व्यवस्था की गई है। यह वैन प्रत्येक झोन में संचालित की जा रही है और डोर-टू-डोर सम्पत्तिकर वसूली का कार्य कर रही है।करदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर पालिक निगम द्वारा एचडीएफसी बैंक के माध्यम से डिजिटल वैन तैयार करवाई गई है। यह वैन समस्त झोन में पहुंच कर डोर-टू-डोर सम्पत्तिकर एवं जलकर वसूली का कार्य कर रही है। डोर-टू-डोर कर वसूल किये जाने के लिए निगम द्वारा प्रत्येक झोन का चार्ट तैयार किया गया है जिसमें दिनांक 09.03.2023 से 14.03.2023 तक झोन क्रमांक 01, दिनांक 15.03.2023 से 20.03.2023 तक झोन क्रमांक 02, दिनांक 21.03.2023 से 25.03.2023 तक झोन क्रमांक 03, दिनांक 27.03.2023 से 31.03.2023 झोन क्रमांक 05 में डिजिटल वेन पहुंच कर डोर-टू-डोर कर वसूली का कार्य किया जाएगा।

## यह होली होगी फूलों से बने रंगों की होली

# फुलो से बना हर्बल गुलाल शहरवासियों के लिए उपलब्ध




**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर निगम द्वारा मंगलनाथ मार्ग स्थित आयुर्वेदिक कॉलेज के पास फुलो से अगरबत्ती, धूपबत्ती एवं हर्बल गुलाल प्लांट स्थापित किया गया, यहां पर फुलों से हर्बल गुलाल बनाते हुए निगम द्वारा शहरवासियों के लिए उपलब्ध करवाया गया है यह हर्बल गुलाल महाकाल मंदिर स्थित अगरबत्ती के स्टाल पर एवं शहर के विभिन्न स्थानों पर नगर निगम के फ्रेशरूम से सशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। नगर निगम द्वारा फूलों से बनाए गए हर्बल गुलाल को होली के पर्व को दृष्टिगत रखते हुए उपलब्ध करवाया गया है, यह हर्बल गुलाल महाकाल मंदिर स्थित फुलो से निर्मित अगरबत्ती के स्टाल से एवं सभी फ्रेश रूम पर उपलब्ध करवाया गया है जहां से नागरिक सशुल्क प्राप्त कर सकते है।महापौर श्री मुकेश टटवाल ने बताया कि नगर निगम द्वारा स्थापित मंगलनाथ मार्ग स्थित आयुर्वेदिक कॉलेज के पास फुलो से अगरबत्ती, धूपबत्ती प्लांट पर फुलो से हर्बल गुलाल बनाया जा रहा है जो शहरवासियों के लिए उपलब्ध करवाया गया है। हर्बल गुलाल से किसी भी प्रकार नुकसान नहीं होता है साथ ही खुशबुदार रंग होली की महक को और बढ़ाएगा। यह स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव नहीं डालता है। फूलों से बना हर्बल गुलाल से फूलों की खुशबू भी आती है। हर्बल गुलाल को नगर निगम द्वारा सभी फ्रेश रूम पर शहरवासियों के लिए उपलब्ध करवाया गया है साथ ही महाकाल मंदिर पर भी एक स्टाल के माध्यम से हर्बल गुलाल श्रद्धालुओं के लिए भी उपलब्ध करवाया जा रहा है।

# माधव कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया टाटा इंटरनेशनल देवास का भ्रमण

## प्राचार्य डॉ. बरमैया के प्रयासों से विद्यार्थियों को मिल रहा शैक्षणिक भ्रमण का लाभ



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** त माधव कॉमर्स एंड आर्ट्स महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग के विद्यार्थियों का एक दल भ्रमण हेतु टाटा इंटरनेशनल देवास के लिए गया था। कॉलेज प्राचार्य प्रो. बरमैया के प्रयासों से महाविद्यालय के विद्यार्थियों टाटा फाउंडेशन डे के दिन इस उद्योग का भ्रमण करने का अवसर मिला। टाटा इंटरनेशनल के वरिष्ठ प्रबंधक दीपक जी शुक्ला एवं पाटिल जी ने दल के सदस्यों का स्वागत किया। दल को पूरे उद्योग का भ्रमण करवाया गया एवं बहुत आवश्यक जानकारियां विद्यार्थियों और प्राध्यापकों को प्रदान की। टाटा के इस उद्योग में देश-प्रदेश के विभिन्न भागों एवं इंडोनेशिया और चीन देश से आयातित तीन प्रकार के कच्चे चमड़े का आगमन होता है, जोकि बकरी, भेड़ और अन्य पशुओं का चमड़ा होता है। फिर इस चमड़े को 4 चरणों में प्रक्रिया करते हुए उपयोग योग्य बनाया जाता है। पहले चरण में चमड़े को एक जैसी मोटाई में आधुनिक मशीन के माध्यम से एक जैसा किया जाता है। दूसरे चरण में चमड़े को बायलर में पकाकर आवश्यकता अनुसार रंगों में परिवर्तित किया जाता है। तीसरे चरण चमड़े को सुखाकर प्रेस किया जाता है। चौथे चरण में चमड़े को केमिकल के माध्यम से चमकाया जाता है, जिसके बाद चमड़ा उपयोग योग्य होता है। अंतिम चरण के बाद इस चमड़े को देश-विदेश में निर्यात कर दिया जाता है, जिससे विभिन्न प्रकार की उपयोगी वस्तुएं जैसे जूते, बेल्ट, पर्स, लेदर जैकेट और वाहनों के सीट कवर, डेशबोर्ड बनाए जाते हैं। टाटा के इस उद्योग में अपशिष्ट पदार्थों का पुनः उपयोग करके जीरो वेस्ट पॉलिसी का अनुसरण किया जाता है। उद्योग के पूरे परिसर को प्रदूषण मुक्त रखा जाता है जिसके लिए एक संयंत्र लगाया गया है। उद्योग में बिजली के उपयोग के लिए सौर ऊर्जा प्लांट का प्रयोग पिछले 40 वर्षो से किया जा रहा है जिससे प्रतिदिन 3 टन कोयले की बचत होती है जो कि केम्पस को प्रदूषण मुक्त रखने में एक बहुत बड़ी उपलब्धि है।इस औद्योगिक भ्रमण से विद्यार्थियों में बहुत ही उत्साह और प्रेरणा का संचार हुआ है । भविष्य में इन्होंने भी स्वरोजगार की दिशा में कदम रखने का संकल्प लिया है। प्रातः दल को औद्योगिक भ्रमण हेतु प्राचार्य डॉ. जे एल बरमैया, विभागाध्यक्ष डॉ. मंसूर खान एवं डॉ बीएस अखंड में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भ्रमण में आप पूरी गंभीरता से उद्योग का भ्रमण करें और आवश्यक जानकारियों का संग्रहण करें। यह भ्रमण आपके उज्जवल भविष्य में सकारात्मक भूमिका का निर्वहन करेगा और हो सकता है आप में से ही कोई एक टाटा जैसा बड़ा उद्यमी बने। डॉ मंसूर खान में अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को भ्रमण के दौरान अनुशासन बनाए रखने की प्रेरणा और शुभकामनाएं दी। दल का मार्गदर्शन हेतु महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. संध्या जैन, डॉ. सुनील सूर्यवंशी, डॉ. मयूरिअल सिंह,डॉ. शुभकामना रत्काले एवं डॉ. एम एस मंसूरी गए थे। दल में 23 विद्यार्थियों ने सहभागिता दी। प्राचार्य बरमैया द्वारा विद्यार्थियों को लगातार शैक्षणिक भ्रमण करवाए जा रहे है।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा )